बाहर से भी दोस्त, उधमपुर के बच्चों को भी आग्रह करके बुलवाया। बहुत चिंता थी कि सब कैसे होगा। २८ नवंबर से १२ दिसंबर तक का आयोजन पर तैयारी बिल्कुल नहीं थी। बहुत चिंता हो रही थी कि कैसे पैसे की व्यवस्था करें? कैसे हम कार्यक्रम को सैट करें। अनाऊंस हो चुका पर न हाथ में कैश और न ही कोई व्यवस्था की तैयारी। पर चमत्कार २० तारीख से होने हो गए हमको कोई २५ लोग सामने से देने आ गए और १५ लाख कोई और कि बिना ब्याज के आप ६ महीने इसे खर्च कर लो। व्यवस्था के लिए कहाँ-कहाँ से बिना बुलाये सेवा करने लोग आए। प्रभु जी, माता जी हर कोई हमको तन, मन से सेवा करवाने लगा। ये सब कुछ गुरू के आगमन से हुआ। उनकी कृपा से हुआ। गुरू महाराज जी के आने के पहले ही सब कुछ व्यवस्थित हो गया।

इतना बड़ा एरेजमैंन्ट सिर्फ संभव हुआ तो बस हमारे गुरूदेव की कृपा से। ओर तो ओर गुरू महाराज जी 'गोविंद कुटीर' में ऐसी बरकत डाल गए कि घर में राशन की अभी तक जरूरत नहीं पड़ी।

ये क्या कम है? हम हर महीने राशन भरते हैं पर नवंबर से जरूरत नहीं पड़ी। ये सिर्फ साधु की कृपा से संभव है। वो साधु हैं हमारे ''गुरूदेव''।

मैं गुरूदेव के चरणों में प्रार्थना करता हूँ कि इस दास पर अपना आर्शीवाद बनाए रखें।

मेरी श्री श्री गौर राधा कृष्ण भगवान, श्री श्री सीता राम लक्ष्मण हनुमान, श्री श्री नृसिंह देव, प्रहलाद् महाराज से प्रार्थना है कि अपने शुद्ध भक्त परम पूज्य नवयोगेन्द्र स्वामी जी महाराज की आयु इतनी कर दें कि वो पूरे संसार को भक्त बना दें।

आपका पतित शिष्य
श्यामसुंदर दास
सूरत

पृथ्वी देवी दासी

नमः ऊँ विष्णुपादाय कृष्णप्रेष्ठाय भूतले,
श्रीमते नवयोगेन्द्र स्वामिन् इति नामिने।
नमस्ते प्रभुपाद् देवे नाम संकीर्तन प्रचारिणे,
निर्विशेष शून्यवादी समस्त देश तारिणे।।

ऊँ अज्ञान तिमिरान्धस्य ज्ञानाञ्जनशलाकया।
चक्षुरुन्मीलितं येन तस्मै श्री गुरुवे नमः।।

श्रील् परमपुज्य गुरु महाराज! व्यास पूजा महामहोत्सव की समस्त संसार को बधाईं। आपके श्रीचरणों में आपकी शिष्या पृथ्वी दासी का कोटि-कोटि दण्डवत प्रणाम।

मेरा जन्म एक धर्मप्रेमी आस्तिक परिवार में हुआ, गुरु और कृष्ण कृपा से जीवन के शुरु के वर्षों से ही कृष्ण भक्ति मिली। और यह बार-बार सुना की 'गुरु के बिना कोई गति नहीं होती। जीवन में गुरु के आने से ही वास्तविक आध्यात्मिक प्रगति शुरु होती है। मनुष्य जीवन का वास्तविक ध्येय है गुरु का जीवन में होना।

मेरा मन भी करता था कि जीवन में गुरु हो। लेकिन आज के घोर कलियुग में सच्चे गुरु का मिल पाना लगभग असंभव है। अगर हम तत्व और सिद्धांत की दृष्टि से देखें तो गुरु-साधु-संतो से भरे हुए समाज में वास्तविक संत या गुरु की संख्या कितनी है?

भगवान् कृष्ण को अन्तःकरण से प्रार्थना करती थी कि कोई सच्चे संत मिले। लेकिन जीवन में ६९ वर्ष निराशा होने लगी थी। कि क्या मैं बिना गुरु के ही इस संसार को छोड़कर जाऊँगी ?

तभी भगवान् श्रीकृष्ण और चैतन्य महाप्रभु की कृपा से गुरुमहाराज आप मिले। आपके दर्शन, प्रचार और खासकर आचरण को देखकर लगा की इस कलियुग में भी शुद्ध कृष्ण भक्ति प्रदान करने वाले सच्चे और शुद्ध संत उपस्थित है। पूरा जीवन शास्त्रों के आधार पर गुरु के

आचरण और गुणों के विषय में जितना भी पढ़ा या सुना था वैसे गुरु सच्चे और शुद्ध संत आखिर में मेरा जीवन समाप्त होने से पहले मिल गये। मेरे अनेक जन्मों के पुण्यों का उदय हुआ जब आपने अपनी असीम कृपा के साथ मुझे शिष्या के रुप में स्वीकार किया। मेरा पुरा परिवार मैं मेरा बेटा-बहू सब आपकी शरण में सुरक्षित है। आपके दिये नाम-जप की आज्ञा को अपनी पूर्ण शक्ति से पुरा करने की कोशिश कर रही हूँ।

''गुरु मुख पद्‌म वाक्य चित्ते ते करिया ऐक्य,
आर ना करिह मने आशा।।''

श्री श्री गौर-निताई और श्री श्री गौर-राधा-कृष्ण भगवान् से प्रार्थना करती हूँ कि आपको स्वस्थ दीर्घायु प्रदान करें ताकि संसार की समस्त आत्माओं तक शुद्ध कृष्ण भक्ति का प्रसार प्रचार अनंत वर्षों तक चलता रहे। सभी जीव आपके मार्गदर्शन एवं शास्त्रों के सिद्धांतों को समझ कर अपने जीवन में उतार सके, आचरण में ला सकें जो आप स्वयं अपने आचारण से बताते है।

''गुरु'' का अर्थ ही होता है "भारी" आप के आचरण में वह दिखता है। आप समग्र विश्व को कृष्ण भक्त बना सकते है।

आपकी भक्त,
पृथ्वी देवी दासी
सूरत

मधुसूदन दास (मोहन गोस्वामी)
दयामयी राधारानी दासी (डॉ० दीपा गोस्वामी)
प्राजेश गोस्वामी

ऊँ गुरूवे नमः

गुरूशब्दस्त्वन्धकारः स्यात रू शब्दस्तन्निरोधकः।
अन्धकारनिरोधित्वात् गुरूरित्यभिधीयते।।

गुरू शब्द दो अक्षरों से मिलकर बना है। पहले अक्षर 'गु' का अर्थ है- 'अंधकार' दूसरे अक्षर 'रू' का अर्थ है 'उसको हटाने वाला' ज्ञान का प्रकाश अर्थात जिस पुण्य आत्मा व्यक्तित्व के दर्शन, स्पर्श, भाषण, चिंतन से दुर्गुण-दुराचार दूर हो जाते हैं। हमें शान्ति मिलती है, हमारे में दैवीय सम्पत्ति बिना बुलाए आती है और जिनके वचनों के सुनने मात्र से हमारे भीतर की शंकायें दूर हो जाती हैं, शंकाओं का समाधान हो जाता है, भीतर से परमात्मा की ओर गति हो जाती है, पारमार्थिक बातें प्रिय लगते लगती हैं, पारमार्थिक मार्ग ठीक-ठीक दिखने लगता है, वह सद्‌गुरू होता है। ऐसे गुरू से ही हमारा कल्याण होता है। ईश्वर कृपा और गुरू कृपा में कोई अन्तर नहीं है। जैसे, परमात्मा की प्राप्ति अनेक जन्मार्जित पुण्यों से होती है वैसे ही गुरू की प्राप्ति भी भाग्य से ही होती है। हरि कृपा से ही आप जैसे महान संत मिलते है।

यह हमारा परम सौभाग्य है कि ये सब गुणों की खान हमारे सद्गुरू महाराज में विद्यमान हैं। जिनका बखान करने के लिए शब्द भी कम पड़ते हैं, जो उच्चकोटि के वैष्णव संत है, परम कृपालु, परम दयालु हैं।

गुरूजी ज्ञान रूपी कुरेदनी से हमारे मन के मैल को निकालकर प्रभु में तल्लीन करते हुए निरन्तर, नित्-नित् सद्विचारों को हमारे भीतर भरते हैं। मानव कल्याण के लिए स्वयं भगवान ही तो गुरू के रूप में प्रकट होते हैं। गुरू इस संसार में समस्त आध्यात्मिक शक्तियों का केन्द्र है।

आज हमारे गुरू महाराज का प्राकट्य दिवस है। अर्थात सम्पूर्ण प्रकाश का प्रतीक, मानव जीवन का सर्वोत्तम दिन, बिखरे भावों को समेटकर एक गाँठ में बाँधने वाला सुदृढ़ सूत। अव्यवस्था को सुव्यवस्था में परिवर्तित करने वाला एक कुशल व्यवस्थापक। मनरूपी दुर्गाही हाथी को काबू में करने वाला एक मजबूत अकुंश। मानसिक शान्ति को चिरस्थायी बनाने वाला शीतल जल का छींटा। गुरूजी का प्राकट्य दिवस गुरू और शिष्य के बीच में आत्मीयता का अटूट संबंध स्थापित करता है।

मनुष्य परमात्मा की सर्वश्रेष्ठ कृति है, पर इसे अपने अस्तित्व का बोध नहीं। इसे कौन बताएगा, तो निःसन्देह हमारे सद्गुरू महाराज। सद्गुरू ही मनुष्य रूप में परमात्मा के ही धनीभूत रूप होते हैं। सद्गुरू ही हमें परमात्मा का ज्ञान देते हैं, भक्ति से जोड़ते हैं, अनुशासन में बाँधते हैं और जब हम भक्ति करते-करते जहाँ भटकते हैं, वहाँ सद्गुरू ज्ञान की चोट लगाकर फिर से जाग्रत करते हैं। जिसके परिणामस्वरूप पुनः भक्ति पल्लवित होने लग जाय और वह अपने लक्ष्य तक पहुंच सके।

गुरू की उपमा परमपिता-परमेश्वर से दी गयी है और कहा गया है- ''यस्य देवे पराभक्तिर्यथा देवे तथा गुरौ।'' अर्थात जैसी श्रद्धा भगवान के प्रति रहती है, वैसी ही श्रद्धा गुरू महाराज के प्रति रखकर गुरू नमन किया जाता है। संत कबीर ने भी अपने पक्ष में ऐसा ही लिखा है-

''गुरू-गोविन्द दोउ खड़े, काके लागे पाय।
बलिहारी गुरू आपने, जिन गोविन्द दियो मिलाय।।''

श्रीरामचरित मानस में बताया गया है कि भगवान श्रीराम प्रातः उठकर सबसे पहले अपने माता-पिता और गुरू की चरण वन्दना करते थे।

''प्रातःकाल उठि कै रघुनाथा, मातु पिता गुरू नावहिं माथा।''

गुरूगीता में गुरू के कार्य क्षेत्र को दो भागों में विभक्त किया गया है-

''गुकारः प्रथमो वर्णो मायदि गुणभासकः।
रूकारो द्वितीयो ब्रह्म माया भ्रान्ति विनाशकृत।।

अर्थात प्रथम वर्ण गुकार माया (प्रकृति) के गुणों का सम्बन्ध 'भौतिक ज्ञान' से है, जबकि दूसरे रूकार का सम्बन्ध 'आध्यात्मिक प्रज्ञानात्मक ब्रह्म और आत्मा'' से है। सद्गुरू ही हमें आध्यात्मिक ज्ञान देते है और उसमें आत्मबोध कराते हैं कि किस प्रकार मनुष्य अपनी श्रद्धा, भक्ति और लगन से प्रभु की प्राप्ति कर सकता है। भगवान श्रीकृष्ण जो स्वयं भी 'कृष्णं वन्दे जगद्गुरूम्' कहलाते है, उनको भी अपने गुरू सांदिपनी का आशीर्वाद लेना पड़ा था।

गुरू ही शिष्य को भवसागर पार कराते हैं। गुरू की चरणरज बड़ी पावन होती है। जिन शिष्यों को अपने गुरू की सेवा करते-करते चरणरज जैसी संजीवनी मिलती है, वह कृतकृत्य हो जाते हैं। यह भाव मेरा सदैव परम आदरणीय कुन्ती माता परम आदरणीय संजय प्रभु एवं सुदर्शन प्रभु तथा समस्त ऊधमपुर आश्रम के समर्पित भक्तों के प्रति सदा बना रहता है। वास्तव में वे बड़भागी हैं जो गुरूजी की पावन चरणों की सेवा में निरन्तर लगे हुए हैं।

श्रीरामचरित मानस में गोस्वामी तुलसीदास ने 'गुरू चरणरज' की इन शब्दों से वन्दना की है–

"श्री गुरूचरण सरोज रज, निज मनु मुकुरू सुधारि।
बरनऊं रघुवर विमल जस जो दायक फल जारि।।"

अर्थात मैं अपने गुरूचरण कमल की रज से अपने मन रूपी दर्पण को साफ करके श्रीरामजी के पावन यश का वर्णन करता हूँ जो मुझे संसार के चारों फलों (धर्म, अर्थ, काम, मोक्ष) को देने वाले हैं।

अतः हम सभी को अपने गुरू की सेवा तन, मन, धन, से करनी चाहिए और हमें याद रखना चाहिए कि –

"गुरू जगत का मूल है करते वेद पुराण।
सेवा उनकी कीजिए जब तक तन में प्राण।।"

गुरू के छवि में ही परमपिता परमेश्वर के दर्शन होते है।

"गुरूर्ब्रह्मा गुरूविष्णुः गुरूर्देवो महेश्वरः।
गुरू साक्षात् पंरब्रह्म तस्मै श्रीगुरूवे नमः।।"

हम अपने आप को परम सौभाग्यशाली मानते हैं कि, हमें आप जैसे महान परम वैष्णव, परम कृपालु, परमदयालु गुरू महाराज मिले हैं। जिनकी उदारता एवं महानता के बारे में मुझमें लिखने की सामर्थ्य नहीं है। 'देवी माँ' नन्दा माँ, भगवान शंकर की असीम अनुकम्पा से ही हमें आप जैसे, सद्गुरूजी का सानिध्य प्राप्त हुआ है। जिसके लिए परमात्मा को कोटि-कोटि धन्यवाद अर्पित करते हैं।

इस परम-पावन अवसर पर हम सभी आपके दीर्घायु की मंगलकामना करते है और ईश्वर से बार-बार प्रार्थना करते हैं कि जब तक इस संसार में सूर्य, चाँद और सितारे हैं, तब तक हमारे गुरू महाराज का नाम व यश बना रहे, साथ ही आपका स्नेहाशीष, वरद्हस्त हम जैसे अति-पतित शिष्यों पर एवं समस्त संसार के प्राणियों पर बना रहे। यहीं हमारी हार्दिक शुभकामना है। पुनः बारम्बार गुरू के पावन चरणों में कोटि-कोटि नमन।

हम हैं अति-पतित आपके चरणों के दास एवं दासी
मधुसूदन दास (मोहन गोस्वामी)
दयामयी राधारानी दासी (डॉ० दीपा गोस्वामी)
प्राजेश गोस्वामी
हल्द्वानी (नैनीताल) उत्तराखण्ड

सन्नती देवी दासी

नमः ऊँ विष्णुपादाय कृष्णप्रेष्ठाय भूतले,
श्रीमते नवयोगेन्द्र स्वामिन् इति नामिने ।
नमस्ते प्रभुपाद् देवे नाम संकीर्तन प्रचारिणे,
निर्विशेष शून्यवादी समस्त देश तारिणे ।।

परम आदरणीय गुरुदेव ! एक सुन्दर से संत जी के सुन्दर-सुन्दर सुकोमल चरणों में इस दासी का कोटि-कोटि दण्डवत प्रणाम।

आज आप के ७१ वें अर्विभाव दिवस के उपलक्ष्य में श्री श्री गौर-राधा-कृष्ण भगवान्, श्री श्री जगन्नाथ बलदेव सुभद्रा माता, श्री श्री गौर-निताई भगवान् जी एवं जगतगुरु श्रील् प्रभुपाद् जी से आप की दीर्घायु की प्रार्थना करती हूँ।

जन-जन के दुलारे हो।
कण-कण के दुलारे हो।
इस टूटी हुई किश्ती के।
तुम ही सहारे हो।।

गुरु जी! मेरा शरीर बुरे कर्मों से दूषित है। आप दया के सागर है। आप मेरी सभी बुराइयों को अनदेखा कर देते हैं। गुरु जी मुझ से बहुत गलतियाँ होती हैं। मुझे क्षमा कर दीजिए। आप की आज्ञा का पालन नहीं कर पाती हूँ। मेरा कपटी मन घूमने-फिरने में लगा है। मुझ में काम-क्रोध मोह अहंकार कूट-कूट कर भरा है। मुझे गुस्सा बहुत आता है। रजो गुण और तमोगुण बहुत प्रधान है। मैं अपने कपटी मन कि शरण में हूँ।

गुरु जी मैं आप कि अधम से अधम शिष्या हूँ जो बार-बार आश्रम से भाग जाती हूँ। आप बहुत दयालु हैं। वह मेरी सारी गल्तियों को माफ कर देते हैं और मुझ जैसी अधम से भी सेवा लेते हैं। गुरु जी मुझे बार-बार कहते हैं तू कब आएगी मेरी सेवा में, मैं तो अपने कपटी मन की सेवा में लगी हूँ मन जो कहता हैं वही करती हूँ। मुझ जैसे पतित का उद्धार कीजिए यही आप से प्रार्थना करती हूँ।

मैं तो एक बुझा हुआ दिया हूँ
तेरी दया से चमक उठा हूँ
दिया आपने मुझे सहारा
मेरा चमक उठा सितारा
चरण कमलों में प्रार्थना स्वीकार करो।
कपटी हृदय में भरो श्याम का प्यार।।

Many Many Happy Returns Of The Day
Happy Birth Day to you Gurudev!

ऐसे सुन्दर से संत ने
हम सभी को प्रभुपाद से मिलाया
ऐसे सुन्दर से संत के चरणों में मैंने शीश झुकाया।

गुरुदेव! आप की जय जयकार हो। आप के गुणों का यश तीनों लोकों में फैले।

सत्‌गुरुदेव महाराज की जय!

आप को जन्मदिन की हार्दिक शुभ-कामनाएँ!

आपकी दुष्ट बेटी,
सन्नती देवी दासी
इस्कॉन अमृतसर

रूक्मावती देवी दासी

नमः ॐ विष्णुपादाय कृष्णप्रेष्ठाय भूतले,
श्रीमते नवयोगेन्द्र स्वामिन् इति नामिने।
नमस्ते प्रभुपाद् देवे नाम संकीर्तन प्रचारिणे,
निर्विशेष शून्यवादी समस्त देश तारिणे।।

जय श्री कृष्ण चैतन्य प्रभु नित्यानंद,
श्री अद्वैत गदाधर श्रीवासादि गौर भक्तवृंद।।

श्री गुरु चरण कमल केवल भक्ति सदम्।
वन्दो मुनि सावधन माते।
याँहार प्रसादे भाई, ए भव तरिया याई,
कृष्ण प्राप्ति होय याहा हयते।।

मेरे प्यारे गुरू महाराज जी,

आपके श्री चरण कमलों में मेरा दण्डवत् प्रणाम। आपके पवित्र उत्सव पर मुझ जैसी निम्न श्रेणी की शिष्य को आपके परम पावन दिवस का गुणगान का मौका प्राप्त हुआ है।

गुरू महाराज मैं बहुत सौभाग्यशाली हूँ, आपने मुझे अपने ७१वें जन्म दिन पर अपना शिष्य धारण किया, जिसके मैं काबिल नहीं था। आपने मुझ पर इतनी कृपा की इसके लिए आपका बहुत-बहुत धन्यवाद।

गुरू महाराज अनुभव तो मेरे बहुत हैं, मगर मैं आपको अपना पिता मानती हूँ और ये बात मैंने तब जानी, जब मैं भी अपने कर्मों के कारण दुखी होती हूँ, इस संसार में मुझे आपके सिवा कोई नज़र नहीं आता। आपने बहुत बार मेरे स्वपन में मुझे संभाला है और एक शुद्ध भक्त का स्वपन में आना एक सच्चा स्वपन होता है।

महाराज जी जब आप ३ मार्च २०१७ को अमृतसर में आए, मैं आपके दर्शन करने के लिए आपसे शाम को वृन्दावन गार्डन में मिली, तब आपने मुझे एक बात समझाई थी कि जब हम श्री कृष्ण, प्रभुपाद जी और गुरू के माध्यम से प्रार्थना करते हैं तो भगवान हमारे कष्टों को सूली का काँटा बना देते हैं।

गुरू महाराज आपकी कृपा से ४ मार्च २०१७ को मैंने एक बच्ची को जन्म दिया, जिसे आपने ईशानी नाम दिया। गुरूदेव ईशानी रोज २.३० बजे सुबह उठ जाती है और मैं इसको मंगला आरती, गुरू आरती और आपके प्यारे प्यारे भजन सुनाती हूँ और ये शान्ति से उनको सुनती है और मैं उसको आपका चित्रपट दिखाती हूँ और आपको देखकर बहुत खुश होती है महाराज जी इसी प्रकार आप हम पर अपनी कृपा बरसाते रहें और आपकी कृपा से भक्त प्रहलाद् स्कूल की सेवा बहुत अच्छी चल रही है।

१. गुरू की महिमा न्यारी है,
अज्ञानता को दूर करके।
ज्ञान की ज्योत जलाई है,
गुरू की महिमा न्यारी है।

२. मात-पिता ने जन्म दिया पर,
गुरू ने जीने की कला सिखाई है।
ज्ञान चरित्र और संस्कार की,
हमने शिक्षा पाई है,
गुरू की महिमा न्यारी है।

३. गुरू और गोबिन्द में भी,
गुरू ही सबसे भारी है।
गुरू की महिमा न्यारी है।

मेरे प्यारे गुरूदेव हमेशा की तरह मुझे अपने चरण कमलों में सेवा प्रदान करें।

आपको आपके जन्म दिवस की बहुत-बहुत बधाई हो।

आपकी बेटी
रुक्मावती देवी दासी
अमृतसर

श्यामानंद दास

हरे कृष्णा गुरू महाराज जी

नमः ॐ विष्णुपादाय कृष्णप्रेष्ठाय भूतले,
श्रीमते नवयोगेन्द्र स्वामिन् इति नामिने।
नमस्ते प्रभुपाद् देवे नाम संकीर्तन प्रचारिणे,
निर्विशेष शून्यवादी समस्त देश तारिणे।।

जय श्री कृष्ण चैतन्य प्रभु नित्यानंद,
श्री अद्वैत गदाधर श्रीवासादि गौर भक्तवृंद।।

श्री गुरू महाराज जी के चरण कमलों में इस अधम दास का दण्डवत् प्रणाम।

मेरे पास ऐसी कोई योग्यता, शक्ति, भक्ति नहीं है कि मैं आपका कृपापात्र बन पाऊँ, परन्तु आपने अपनी अहैतु की कृपा से मुझ जैसे नराधम पापी को भी प्रभुपाद जी एवं श्री चैतन्य महाप्रभु के सेवा में लगा रखा है। गुरूदेव आपकी कृपा का कोई अंत नहीं है। आप तो दया के सागर हैं अपने द्वेषी पर भी कृपा सदा रहती है। जिस प्रकार भगवान भगवद्गीता में कहते हैं कि ''जो मेरी भक्ति करता है एवं मेरी शरण में आता है उसका सम्पूर्ण प्रकार से मैं रक्षा करता हूँ। उसी प्रकार आप बिना किसी आशा के अपने शरणार्थी की सब तरह से रक्षा करते हैं जो आपकी आज्ञा का पूर्णतया पालन करता है तथा इससे ही उनकी आध्यात्मिक प्रगति तथा अंत में श्रीकृष्ण प्रेम प्राप्त होता है जो कि इस मनुष्य जीवन का एकमात्र उद्देश्य है।

गुरूमुख पद्म वाक्य, चितते करिया एक्य
और न करहि मन आशा।

हे गुरूदेव मैं अज्ञानी, मूर्ख एवं पापी दास आपके इस परम पावन दिवस आपके ७१वें वर्षगाँठ पर श्री श्री गौर राधा कृष्ण भगवान, श्री श्री सीताराम लक्ष्मण हनुमान, श्री नृसिंह देव भगवान, श्री गौर निताई पंचतत्व भगवान समस्त गुरू परंपरा एवं श्री प्रभुपाद जी के चरणकमलों में प्रार्थना करता हूँ कि वे आपको स्वस्थ रखें जिससे आप इस भवसागर में फँसे मुझ जैसे पापी जीवों का अपनी कृपा से उद्धार कर सकें।

आपका अधमदास आपसे बारंबार प्रार्थना करता है कि आपकी कृपा सदा इस दास पर बनी रहे।

आपका अयोग्य सेवक
श्यामानंद दास
अमृतसर

आदि लक्ष्मी देवी दासी

नमः ॐ विष्णुपादाय कृष्णप्रेष्ठाय भूतले,
श्रीमते नवयोगेन्द्र स्वामिन् इति नामिने ।
नमस्ते प्रभुपाद् देवे नाम संकीर्तन प्रचारिणे,
निर्विशेष शून्यवादी समस्त देश तारिणे ।।

पूजनीय परम आदरणीय श्री गुरूदेव जी

आपके चरणों में दण्डवत् प्रणाम। पूज्य गुरूदेव आपके ७१वें जन्म दिवस पर श्री भगवान् जी के चरणों में विनम्र प्रार्थना करती हूँ कि भगवान् आपको दीर्घायु दें और आपको बधाई देती

हूँ। गुरू महाराज जी के बारे में मेरी जैसी पतित आत्मा कुछ भी नहीं कह सकती। गुरू महाराज जिन्होंने मेरा जीवन बदल दिया वह तो खोजने पर भी नहीं मिलेंगे। मेरे तो वही भगवान है।। मुझे जब भी कोई कठिनाई या मुश्किल आती है तो वह महाराज जी से प्रार्थना करने पर ही समाप्त हो जाती है। मुझे कई बार आश्चर्य होता है कि मेरा पहला जीवन व्यर्थ था और प्रभुपाद जी के इस हरे कृष्ण आंदोलन में आने के बाद पूरा बदल गया और श्री भगवान्, प्रभुपाद जी की कृपा से गुरू महाराज मिल गए, जिन्होंने पथ-पथ पर मार्गदर्शन करके मेरी भक्ति में वृद्धि की। अक्सर महाराज जी विदेश में रहते हैं उनके दर्शन किए कितने महीने बीत जाते हैं, कई बार मैं अपनी माता जी को कहती हूँ कि कितनी देर गुरू जी के दर्शन नहीं किए और उसी रात को मेरे प्रिय गुरू जी इस अधम और पतित आत्मा के सपने में आ जाते हैं और अपना आर्शीवाद देकर कहते हैं कि आदि लक्ष्मी तू अच्छे से भक्ति कर, जप किया कर, मंगला आरती, मंदिर जाया कर। मैं महाराज जी से प्रार्थना करती हूँ कि मुझे सदैव मार्गदर्शन करें और अपना आर्शीवाद दें।

हरे कृष्ण!

आपकी बेटी

आदि लक्ष्मी देवी दासी

अमृतसर

धनी राम दास

नमः ऊँ विष्णुपादाय कृष्णप्रेष्ठाय भूतले,
श्रीमते नवयोगेन्द्र स्वामिन् इति नामिने ।
नमस्ते प्रभुपाद् देवे नाम संकीर्तन प्रचारिणे,
निर्विशेष शून्यवादी समस्त देश तारिणे ।।

श्री गुरू महाराज जी के चरण कमलों में मेरा कोटि-कोटि प्रणाम।

सर्वप्रथम मैं अपने गुरू महाराज जी को जन्मदिन के उपलक्ष्य में बहुत-बहुत बधाई देता हूँ। सर्वप्रथम मैं श्री-श्री जगन्नाथ जी के चरणों में प्रणाम करता हूँ और प्रार्थना करता हूँ कि भगवान आपको दीर्घायु दे जिससे कि आप हम सब पर अपनी कृपा बरसाते रहें। मैं गुरू महाराज जी के बारे में जितना बताऊँ कम है। मैं इस योग्य नहीं हूँ कि महाराज जी के गुणों का गुणगान कर सकूँ। इस संसार में मेरे गुरू महाराज जी से परम दयालु, परम कृपालु, परम दयावान कोई नहीं है, जो मुझ से पतित, गन्दा, गिरा हुआ और बदमाश न इस संसार में न कोई है और कोई होगा जिसने अपने गुरू जी का दिल बार-बार दुखाया हो लेकिन मेरे गुरू महाराज जी इतने दयालु हैं कि मेरा हर पल और पग-पग पर मार्ग दर्शन करते हैं। आपकी कृपा से ही आपके दर्शन, प्रभुपाद जी के दर्शन और भगवान के दर्शन कभी-कभी सपने में हो जाते हैं।

गुरू जी आपके चरणों में प्रार्थना है कि मुझे अपनी सेवा और भगवान की भक्ति प्रदान कीजिए। मेरे जीवन का एक ही लक्ष्य है कि मैं भगवान जगन्नाथ जी की सेवा और भक्ति कर

सकूँ और प्रभुपाद जी के इस हरे कृष्णा आन्दोलन में कुछ सेवा कर सकूँ। हो सके तो मुझे क्षमा करें अपना पतित दास समझ कर।

आपको आपके जन्म दिन की लाख-लाख बधाई हो। भगवान आपको निरोगी रखें।

आपका पतित दास
धनी राम दास
अमृतसर

गौरांग दास

आदरणीय गुरू महाराज जी,

गुरूदेव महाराज जी की जय।

महाराज जी के चरणों में शाश्वत दण्डवत।

गुरू महाराज जी आपके जन्म दिवस पर आपको शुभ कामनाएँ और बहुत सारी बधाई। मैं भगवान से यही प्रार्थना करती हूँ कि आपकी दीर्घायु हो और आपका स्वास्थ्य अच्छा रहे, ताकि आप हमारा मार्ग दर्शन करते रहें। महाराज जी के बारे में कहने को तो बहुत कुछ है लेकिन उसको कहने के लिए हमारे शब्दों की कमी हो जाती है कि कौन से शब्दों से महाराज जी का गुणगाण अपने मुख से करें। कहते हैं कि हम जिनसे प्यार करते है उनकी हर छोटी से छोटी बात अच्छी लगती है। सबसे पहले तो गुरू महाराज जी से मिलने के बाद मुझे इस्कान के रूप में एक ऐसा परिवार मिल गया जिसमें अपने सगे-संबंधियों से बढ़चढ़ कर प्यार मिलता है। महाराज जी का प्रत्येक जगह में नाम सुनने को मिलता है। महाराज जी को जब भी देखने का अवसर प्राप्त होता है तो मन में एक अलग प्रकार से खुशी का माहौल पैदा हो जाता है। एक छोटी सी बात का उदाहरण देना चाहूँगा। पिछली बार महाराज जी दिल्ली से अमृतसर हवाई जहाज से अमृतसर एयरपोर्ट पर आए। महाराज जी का स्वागत करने के लिए सभी लोग एकत्रित हुए। वहां सभी को एकत्रित होने का अवसर प्राप्त हुआ। कहने का भाव है कि महाराज जी के कोई भी कार्य में सभी को खुशी की अनुभूति होती है, महाराज जी जब एयरपोर्ट पर आए तो वहां उनके आने से पहले संकीर्तन हो रहा था और हम सभी लोग इकट्ठे हुए थे कई तो इनमें से ऐसे थे जो कई महीनों से एक दूसरे से नहीं मिले थे और न ही किसी संकीर्तन में भाग ले पाए थे। महाराज जी के एयरपोर्ट पर स्वागत करने के अवसर पर वहां सभी लोग हरिनाम के संकीर्तन से दुबारा जुड़ गए और सभी लोग इतने खुश थे कि बता नहीं सकते। इससे ज्यादा मेरे पास कहने की लिए शब्द नहीं हैं।

सद्गुरू देव महाराज जी की जय।
गौरांग दास
अमृतसर

हरि भक्त दास

हरे कृष्ण

परम पूजनीय परम आदरणीय श्री गुरूदेव महाराज जी कृष्णा मेरा सादर दण्डवत् प्रणाम स्वीकार कीजिये। श्री गुरूदेव महाराज जी, आज आपके जन्म दिवस के शुभ अवसर पर आपको हार्दिक शुभकामनायें। आपके जन्म दिवस के कारण रूक्मणी द्वादशी दिवस हम सभी के लिए विशेष तौर पर यह बहुत ही शुभ और मंगलकारी पावन व स्मरणीय दिवस बन गया है। इस पावन दिन पर आप मुझ जैसे पतित आत्माओं का कल्याण करने के लिए प्रकट हुए थे। आज मैं जो कुछ भक्ति मार्ग में सीखा हूँ आपकी कृपा एवं आर्शीवाद से सीखा हूँ। आपकी अपार कृपा से मेरा बुराईयों भरा जीवन अब आनंदमय व भक्तिमय जीवन में बदल गया है। आपने इसी तरह सैकड़ों-हजारों लोगों को भक्तिमार्ग से जोड़ा है। आप इस संसार में भगवान् के साक्षात् प्रतिनिधि हैं। आप पूरे विश्व में श्रील प्रभुपाद महाराज एवं भगवान् श्री चैतन्य महाप्रभु के संदेश का प्रचार कर रहे हैं। आपके द्वारा दिया गया प्रवचन एवं आपका कीर्तन और आपके द्वारा गाये गये भजन मन पर विशेष प्रभाव डालते हैं। कृपया मुझे आर्शीवाद दीजिये कि भक्तिमार्ग में मरते दम तक अपनी सेवायें अच्छे ढंग से करता रहूँ और आपकी आज्ञा का पालन कर सकूं। आपके जन्म दिन की एक बार फिर हार्दिक शुभ कामनायें।

आपका पतित दास
हरि भक्त दास
पुजारी, अमृतसर

जय लक्ष्मी देवी दासी

नमः ऊँ विष्णुपादाय कृष्णप्रेष्ठाय भूतले,
श्रीमते नवयोगेन्द्र स्वामिन् इति नामिने ।
नमस्ते प्रभुपाद् देवे नाम संकीर्तन प्रचारिणे,
निर्विशेष शून्यवादी समस्त देश तारिणे ।।

हरे कृष्ण गुरू महाराज जी

सर्वप्रथम आपको आपके जन्म दिवस की लाख-लाख शुभकामनाएँ। श्री जगन्नाथ, श्री बलदेव व श्री सुभद्रा महारानी आपको दीर्घ आयु प्रदान करें।

गुरू जी आज मैं अपने आपको बहुत ही सौभाग्यशाली मानती हूं कि मुझे आपके ७१वें जन्म दिवस पर आपके गुणों का गुणगान करने का मौका मिला है। मैं इस काबिल नहीं हूं कि मुझे यह मौका मिले, तो भी आपकी अपार कृपा के कारण मुझे आज ही यह सौभाग्यशाली दिन प्राप्त हुआ है।

गुरूदेव आपके जितने भी शिष्यों को जब भी देखती हूं सबसे ज्यादा नीच खुद का पाती हूं आपका कोई भी शिष्य हो या कोई भी इंसान कितना भी पतित क्यूँ न हो पर आप कृपा हमेशा बनाए रखते हैं। उनमें से एक मैं भी हूँ जिसमें कुछ भी नहीं सबसे बुरी शिष्या होने पर भी आप मुझ पर अपनी कृपा बनाए रखते हैं। गुरूदेव एक स्वपन आपको बताना चाहती हूँ अभी तक मौका नहीं मिला बताने का।

गुरूदेव आप पिछले साल मेरे स्वपन में आए थे। मुझे एक लड्डू गोपाल जी दिए थे और कहा था कि इनका ध्यान रखना और मेरी नींद खुल गई। मैंने सोचा मेरे पास तो कोई लड्डू गोपाल नहीं और कहां से आएंगे? इस स्वपन को एक महीना बीत चुका था और मैं श्री श्री राधा कृष्ण मंदिर में सेवा कर रही थी। वहाँ पर मैं गुरूदेव के कमरे की साफ सफाई की सेवा कर रही थी और मुझे वहाँ पर एक बैग मिला और जब मैंने वह बैग खोला तो उसमें वहीं लड्डू गोपाल जी थे, जो गुरूदेव ने मुझे स्वपन में दिए थे। छोटे से पीतल की प्रतिमा, वैसे लड्डू गोपाल आज तक मैंने नहीं देखे। मैं बहुत ज्यादा रोई और खुश भी हुई। अपने गुरूदेव की कृपा को महसूस करके और सोचा कि मेरे में कोई गुण और खूबी नहीं, तो भी गुरूदेव ने मुझ पर कृपा की।

आपको कोटि-कोटि प्रणाम मेरे गुरूदेव।

आपकी बेटी
जय लक्ष्मी देवी दासी
अमृतसर

पद्मावती देवी दासी

आदरणीय गुरुदेव।

हरे कृष्ण व आपके चरणों में दण्डवत प्रणाम। सबसे पहले आपको जन्मदिन की बहुत-बहुत बधाई हो। राधा रानी से यही प्रार्थना है कि आप प्रभुपाद के इस मिशन को इसी तरह से आगे लेकर जाएँ ताकि हम जैसे पतित जीवों को मार्ग दर्शन मिल सके।

महाराज जी, आपकी कृपा व दया तो पहली मुलाकात से ही मिल रही है। इस के हसवतपपिबंजपवद के द्वारा सभी भक्त जनों को यही प्रार्थना है कि इन जैसे गुरु का मिलना बहुत बड़ी कृपा है। यह अपने हर शिष्य का ख्याल रखते हैं, उसका सुधार करना चाहते हैं, पर यदि हम ही कृपा नहीं लेना चाहते तो यह हमारा दुर्भाग्य है। महाराज जी, आप स्वपन में आए पिछले साल जन्माष्टमी से कुछ दिन पहले और आपने कहा तू मुझे अपने जगन्नाथ जी दे दे। मैं तुम्हें जुगल सरकार दूँगा। पहले तो मैंने सोचा जगन्नाथ जी दे दूँ? फिर मैने सोचा गुरुजी कह रहे हैं, तो मैंने हाँ कर दी। कुछ दिन बाद ऐसी परिस्थिति बनी कि मेरे पास ७० साल पुरानी जुगल सरकार आ गई। मैंने तो सोचा भी न था क्योंकि वो तो बहुत मुश्किल सेवा हैं। यह सब गुरुदेव का आशीष था कि एक के बाद एक चमत्कार हुआ- उनका राग रंग, कितनी सारी पोशाकें सब तैयार हो गई।

अमृतसर में भागवत कथा थी। जिस दिन शुरु होने जा रही थी। उसी सुबह ३ बजें गुरु जी स्वप्न में आए और मेरे पति को कह रहे हैं कि इसे कथा में जरुर लेकर आना। इसका सप्ताह जरुर पूरा करवाना। इनकी कृपा से मैंने पूरी भागवत सुनी। मैं सच कहूँ तो महाराज जी बड़ी डरी हुई थी कि कोई छुट्टी न हो जाए। इसलिए परेशान थी, पर आप इतने दयालु हो कि जब भी कोई परेशानी होती है आप स्वपन में दर्शन देते हो। मुझे आपने बेटी माना है, हर बार अच्छे पिता की तरह आपने मेरा ख्याल रखा हैं। आप बहुत अच्छे हो, कमियाँ तो मुझ में है।

गुरुजी, आपकी कृपा को किन शब्दों में कहूँ? प्रभुपाद की कृपा भी आप के द्वारा ही मिल रही है। मैंने यदि कुछ गलत कह दिया हो तो महाराज जी मुझ नादान को क्षमा कर दीजिएगा। बस, यहीं आशीर्वाद दे कि मैं खूब नाम जप करुँ ताकि अपने गुरुजी की कृपा प्राप्त कर सकूँ।

आपकी मूर्ख बेटी,
पद्मावती देवी दासी
अमृतसर

पदम प्रिया देवी दासी

नमः ऊँ विष्णुपादाय कृष्णप्रेष्ठाय भूतले,
श्रीमते नवयोगेन्द्र स्वामिन् इति नामिने ।
नमस्ते प्रभुपाद् देवे नाम संकीर्तन प्रचारिणे,
निर्विशेष शून्यवादी समस्त देश तारिणे।।

सर्वप्रथम श्री गुरू महाराज जी के श्री चरणों में सादर दण्डवत् प्रणाम और उनको जन्मदिन की लाख-लाख बधाई हो। मैं तो गुरू जी की सबसे परम शिष्या हूँ। उनकी महिमा इतनी अपरम्पार है कि मेरी जिहवा उनके गुणगान के योग्य ही नहीं है। यह तो हमारे गुरू जी भगवान महाप्रभु समान ही दयालु हैं। जो हम जैसे पतितों को भी गले लगाते हैं। महाराज जी के आगमन की खबर सुनते ही भक्ति करने की इच्छा, उत्साह जागृत हो जाता है। वर्ना हम भौतिकावादी लोग न ही संसारिक कार्यों से फुर्सत है न ही भक्ति कार्यों में रूचि। गुरू महाराज जी की सान्धिय प्राप्त कर स्वतः ही इच्छा जागृत हो जाती है। वैष्णव ठाकुर श्रील भक्ति विनोद जी ने एक बड़ा ही सुन्दर वैष्णव भजन लिखा है :

कबे हबे बोलो से दिन आमार
अपराध घुचि, गुहनामे रूचि,
कृपाबले हबे हृदये संचार!

अहो! कब मेरा ऐसा शुभ दिन आएगा जब गौर सुन्दर की कृपा से मेरे समस्त प्रकार के अपराध नष्ट हो जाएँगे। इसके फलस्वरूप शुद्ध नाम में रूचि उत्पन्न हो जाएगी और हृदय में स्फूर्ति जाग्रत होगी।

कुछ ही समय पहले अमृतसर के न्यू मन्दिर में श्री गुरू महाराज जी का भगवद् सप्ताह का आयोजन हुआ। पहले तो मन बड़ा प्रसन्न हुआ पर थोड़ी चिन्ता भी हुई, कैसे होगा सब? पर जैसे की महाराज जी आए तो सब अपने आप ठीक हो गया। पहले ७ दिन बहुत ज्यादा लगते थे पर कथा शुरू होते ही दिन कहाँ और कैसे बीत गए कुछ पता ही नहीं चला। मन

किया और सात दिन होनी चाहिए। महाराज की कृपा से कितने ही लोगों ने पावन कथा का पान किया, महाप्रसाद पाया और लाभान्वित हुए। महाराज जी का स्वास्थ्य भी ठीक नहीं था। पर उन्होंने जरा भी दिखाया नहीं। सुबह शाम उनका सानिध्य प्राप्त कर उनके श्री मुख से प्रवचन सुन कर मन इतना प्रसन्न हुआ कि उस खुशी की तुलना जीवन की किसी भी खुशी से नहीं की जा सकती।

अंत में मैं गौरांग महाप्रभु से और प्रभुपाद जी से यही प्रार्थना करूंगी कि गुरू जी को अच्छा स्वास्थ्य और दीर्घायु प्रदान करें ताकि वह हम सब पर अपनी कृपा दृष्टि बनाये रखें। जीवन के हर मोड़ पर गुरू जी ने हमे संभाला है। कभी सामने दर्शन देकर तो कभी स्वपन में। अभी कुछ ही दिन पहले की बात है मुझे किसी कारणवश बाहर जाना पड़ गया। वापिस आकर पता चला कि महाराज जी उधमपुर जा चुके हैं। बड़ा दुख हुआ कि जाते समय मिल नहीं पाई। पर महाराज जी तक मेरी वेदना पहुँच गई। अगले हर दिन उन्होंने सपने में दर्शन देकर मुझे प्रवचन और संकीर्तन सुनाया। महाराज जी जब भी मेरे मन को आपकी याद आती है और मन मिलने को करता है आपको अपने पास आती हूँ।

अपने गुरू की महिमा, क्या मैं कहूँ
सारी दुनिया में जाकर ढूँढ लेना
मेरे गुरू सा कोई और नहीं।

गुरू जी की महिमा असीम है उसकी कोई सीमा नहीं। कुछ ही शब्दों में उनकी व्याख्या नहीं की जा सकती। महाराज जी जितने अधिक दयालु हैं मैं उतनी अधिक पतित हूँ। दोषों से भरी हूँ। फिर भी महाराज की बहुत कृपा है, आशीर्वाद भरा हाथ है सिर पर। भगवान और प्रभुपाद जी के चरणों में यही प्रार्थना है कि सदैव उनका आशीर्वाद बना रहे हम पर।

जय गुरूदेव!

जय गुरूदेव! जय गुरूदेव!

आपकी दासी
पदम प्रिया देवी दासी
अमृतसर

रघुपति राम दास

हरे कृष्ण

दंडवत प्रणाम

जैसा कि मैंने कथाओं के माध्यम से यह सुना था कि आप केवल शिष्य बनने का प्रयास करें। भगवान गुरू की व्यवस्था स्वयं करेंगे। मुझे मेरे शिक्षा गुरू ने थोड़ी जबरदस्ती करके दीक्षा के लिए इंटरव्यू देने भेज दिया। मेरा मन नही था, मैं छह महीने रूक कर दीक्षा लेना चाहता था और मेरी इच्छा थी कि मैं अमृतसर में दीक्षा लूँ। जब मैं इंटरव्यू के लिये महाराज के पास

पहुँचा तो उन्हें पहले से ही जैसे सब पता हो वो बोले मैं आपको छः महीने बाद अमृतसर में दीक्षा दूँगा। उन्हें मालूम था कि मुझमें अंहकार है, उन्होंने मेरा अंहकार तोड़ने के लिए मुझे छह महीने बोल दिया लेकिन उनके ऐसा कहने के कारण मैं किसी से तो कुछ नहीं कहा लेकिन सोचता रहा कि मैं इस काबिल भी नहीं कि महाराज मुझे शिष्य रूप में स्वीकार करें। लेकिन गुरू को ऐसा लगता है सब पहले से ही जानते हैं। मेरा पूर्ण विश्वास है कि अगर मैं अपने गुरू महाराज की केवल एक ही आज्ञा का पालन जीवन भर कर सकूँ तो अवश्य मेरे गुरू महाराज मुझे इस जीवन मरण के चक्र से छुड़वा कर कृष्ण की सेवा में लगने के लिए तैयार कर देंगे।

हरे कृष्ण

आपका

रघुपति राम दास

अमृतसर

रमा देवी दासी

आदरणीय गुरू महाराज जी — गुरूदेव महाराज जी की जय।

महाराज जी के चरणों में शाश्वत दण्डवत प्रणाम।

गुरू महाराज जी आपके जन्म दिवस पर आपको शुभ कामनाएँ और बहुत सारी बधाई। मैं भगवान से यही प्रार्थना करती हूँ कि आपकी दीर्घायु हो और आपका स्वास्थ्य अच्छा रहे, ताकि आप हमारा मार्ग दर्शन करते रहें। महाराज जी के बारे में कहने को तो बहुत कुछ है लेकिन उसको कहने के लिए हमारे पास शब्दों की कमी हो जाती है कि कौन से शब्दों से महाराज जी का गुणगाण अपने मुख से करें। हमेशा गुरू महाराज जी ने हमें हर मुश्किल और मुसीबत से बचाया है और हमारे ऊपर अपनी कृपा का हाथ बनाए रखा है। मैं सदगुरू देव महाराज जी के चरणों में प्रार्थना करती हूँ कि मुझे और मेरे बच्चों को सदा अपने चरणों का आश्रय दें।

सद्गुरू देव महाराज जी की जय।

आपकी अधम पतित दासी

रमा देवी दासी

अमृतसर

वासुदेव दास

श्री श्री गौर राधा कृष्ण भगवान की जय
श्रील प्रभुपाद महाराज की जय
श्री गुरू महाराज की जय

मैं अमृतसर वासी श्री गुरू महाराज जी को २००२ में मिला था। २००३ को हमारी हरिनाम दीक्षा हुई थी और महाराज को मिल कर इतना अच्छा लगा कि मैं बता नहीं सकता। मैं कुछ

समय के लिए फुल टाईम भी रहा। मेरे जीवन में इतना अच्छा चल रहा था कि २००८ में कुछ ऐसी बात हो गई कि मैं मन्दिर जाना बन्द कर दिया था। मुझे इन्द्रानुज प्रभु जी मिले और उन्होंने कहा मन्दिर आना आपसे कुछ बात करनी है। मैं नहीं जाता था कुछ समय बाद अमृतसर में महाराज जी भगवद् कथा करने आये तब भी मैं नहीं गया क्योंकि मैंने इतने पाप किए हुए थे। इस वर्ष २०१७ में महाराज जी की भगवद् कथा अमृतसर में होनी थी हमारे प्यारे इन्द्रानुज प्रभु जी का मुझे फोन आया और हमारे गुरू भाई सहदेव दास का भी फोन आया। तब मेरे मन ने कहा कि तू एक बार मन्दिर जा। तब मैंने महाराज जी के दर्शन किए तो मुझे बहुत अच्छा लगा। लगातार मैं मन्दिर आया और महाराज जी ने फिर से अपनी कृपा मुझ पर रखी। तब से मैं मन्दिर जा रहा हूँ। हम पापी हैं और महाराज जी हमें सुधारना चाहते हैं। ऐसे गुरू महाराज जी हमें फिर नहीं मिलेंगे।

श्री गुरू महाराज जी की जय।

आपका दुष्ट सेवक
वासुदेव दास,
अमृतसर

सुकन्या देवी दासी

नमः ऊँ गुरूवे नमः

नमः ऊँ विष्णुपादाय कृष्णप्रेष्ठाय भूतले,
श्रीमते नवयोगेन्द्र स्वामिन् इति नामिने।
नमस्ते प्रभुपाद् देवे नाम संकीर्तन प्रचारिणे,
निर्विशेष शून्यवादी समस्त देश तारिणे।।

ऊँ अज्ञान तिमिरान्धस्य ज्ञानान्जनशलाकया।
चक्षुरून्मीलितं येन तस्मै श्री गुरूवे नमः।।

परम आदरणीय, परम पूजनीय, परम वंदनीय श्री गुरूदेव महाराज! आपके चरण-कमलों में मुझ दीन-हीन का दण्डवत प्रणाम स्वीकार करें। सबसे पहले गुरूदेव महाराज जी की व्यास पूजा (७१ वाँ आविर्भाव दिवस) के शुभ अवसर पर हार्दिक शुभकामनायें अर्पित करती हूँ। मैं श्री श्री राधागोविन्द देव भगवान् के चरणारविन्द में यही प्रार्थना करती हूँ कि हमारे प्यारे गुरूदेव की दीर्घातिदीर्घायु हो और हमारे गुरूदेव महाराज जी का स्वास्थ्य हमेशा अच्छा रहे। श्री गुरूदेव महाराज जी मेरे अन्दर इतनी क्षमता नहीं है कि मैं आपके बारे में कुछ लिख सकूँ। श्री गुरू महाराज जी की महानता के बारे में कुछ भी कहना या लिखना तो एक सूर्य के सामने दीपक जलाने के समान है। जिस प्रकार एक सूर्य बिना किसी भेदभाव के सभी जड़ चेतन में अपना प्रकाश बिखेर देता है और अन्धकार को नष्ट करके भगवत प्रेम रूपी प्रकाश का सभी के हृदय

में संचालन करता है। वैसे ही श्री गुरू महाराज जी की कृपा करूणा सभी जीवों पर हो रही है। श्री गुरूदेव महाराज जी का इस भौतिक संसार में आगमन मुझ जैसी पतित आत्माओं का मार्गदर्शन करने और उनका कल्याण करने के लिए ही हुआ है। श्री गुरूदेव जी का दर्शन पाने से ही हम अपनी सारी परेशानियाँ भूलकर कृष्ण भक्ति में मग्न हो जाते हैं। हे गुरूदेव आप अपने भक्तों पर ऐसी कृपा करते हैं कि उन्हें श्री श्री राधाकृष्ण जी की भक्ति और सेवा मिल ही जाती है।

हे गुरूदेव! जैस कि आप कहते हैं, कि भगवान की भक्ति और सेवा निष्काम भाव से करो। मुझे भी आपकी कृपा से भगवान जी की सेवा करने का अवसर मिला। हे गुरूदेव! पहले तो मैं मंदिर सेवा के लिए कभी-कभी जाती थी, लेकिन अब आपकी दया और कृपा से रोज-रोज सेवा के लिए जाती हूँ। कभी-कभी तो दिन में दो बार (सुबह-शाम) जाती हूँ। पूरा दिन मंदिर में सेवा करना बहुत ही अच्छा लगता है। यह सब आपकी कृपा और आर्शीवाद से ही हो रहा है। जैसा कि मैंने आपसे पहले भी ब्रहम् दीक्षा के लिए प्रार्थना की थी, आज मैं आपसे फिर प्रार्थना करती हूँ कि आप मुझे ब्रहम् दीक्षा दे दीजिए ताकि मैं श्री श्री राधा गोविन्द देव जी की और साथ-साथ में मुझे आपकी भी अधिक से अधिक निष्काम भाव से सेवा करने का अवसर प्राप्त हो।

हे गुरूदेव! आप अपने सभी भक्तों की तरह मुझे भी हर मुश्किल या परेशानी में सही राह और साहस देते हो। मैं हमेशा आपसे यही प्रार्थना करती हूँ कि आप हम सब पर अपनी कृपा और दया दृष्टि बनाए रखें ताकि हम सब की भक्ति और सेवा भाव प्रतिदिन बढ़ती ही रहे। आप ऐसी कृपा करें कि हमारे सारे अवगुण दूर हों और सारे शुद्ध भक्त के गुण आ जाएँ।

"गोर दीवअ लगयो में छि चअनि लादन
पवन वन्दयो मन तय प्राण"

आपकी कृपा अभिलाषी
सुकन्या देवी दासी
नोएडा

श्याम लाल दास

हरे कृष्ण

गुरू महाराज जी के चरण कमलों में अधम पतित दास का कोटि-कोटि प्रणाम।

नमः ॐ विष्णुपादाय कृष्णप्रेष्ठाय भूतले,
श्रीमते नवयोगेन्द्र स्वामिन् इति नामिने।
नमस्ते प्रभुपाद्द देवे नाम संकीर्तन प्रचारिणे,
निर्विशेष शून्यवादी समस्त देश तारिणे।।

जय श्री कृष्ण चैतन्य प्रभु नित्यानंद,
श्री अद्वैत गदाधर श्रीवासादि गौर भक्तवृंद।।

श्री गुरू महाराज जी के चरण कमलों में किंकर दास का साष्टाँग दण्डवत् प्रणाम। आपके ७१वें प्राकट्य दिवस पर आपको कोटि-कोटि शुभकामनाएँ। मुझमें ऐसा कोई सामर्थ्य नहीं है कि मैं भक्ति मार्ग में एक कदम भी आगे बढ़ा सकूँ, परन्तु आपकी कृपा से थोड़ा बहुत प्रयास कर रहा हूँ। आपकी कृपा से ही मैं श्री प्रभुपाद महाराज को जान पाया अन्यथा मैं इस योग्य नहीं था। एक दिन श्रील प्रभुपाद महाराज एवं श्रील गुरू महाराज मेरे स्वपन में आये। प्रभुपाद जी कुर्सी पर बैठे थे एवं महाराज भी साथ में थे। श्री प्रभुपाद जी ने मुझसे कहा तुम सुधरते क्यों नहीं हो, मैंने कोई उत्तर नहीं दिया। सपने में प्रभुपाद जी ने छड़ी से मेरी पिटाई की। उस समय मुझे श्रील प्रभुपाद जी के दर्शन हुए, परन्तु कुछ समय बाद केवल उनकी छड़ी ही दिखाई दे रही थी। डर के मारे फिर मेरा स्वपन टूट गया। स्वप्न की मुझे दिव्य अनुभूति हुई। मेरी एकमात्र यही इच्छा है कि जन्म जन्मांतर श्रील प्रभुपाद जी एवं श्री गुरू महाराज जी के चरणों का कूकर बन कर आज्ञा पालन करूँ। एक बार फिर आपके चरण कमलों में सादर दण्डवत प्रणाम।

आपका कूकर दास
श्याम लाल दास
जालन्धर

सतस्वरूप दास

हरे कृष्ण

ॐ अज्ञान तिमिरान्धस्य ज्ञानान्जनशलाकया।
चक्षुरून्मीलितं येन तस्मै श्री गुरूवे नमः।।

परम आदरणीय, वंदनीय, श्री गुरू महाराज जी के चरणों में दण्डवत व साष्टाँग प्रणाम।

परम पूज्य श्री गुरू महाराज जी के ७१वें आविर्भाव दिवस पर श्री श्री गौर राधा कृष्ण भगवान, श्री सीता राम लक्ष्मण हनुमान जी, व श्री नृसिंह भगवान जी के चरण कमलों में हाथ जोड़कर परिवार सहित यह प्रार्थना करता हूँ कि हमारे गुरूदेव जी हमेशा स्वस्थ रहें व उन्हें भगवान दीर्घायु प्रदान करें, ताकि गुरू महाराज जी का स्नेह भरा हाथ हमारे सिर पर हमेशा बना रहे।

अपने सभी गुरू भाईयों व बहनों को भी इस पावन महोत्सव पर बहुत-बहुत बधाई देता हूँ, जोकि दूर दूर से आकर इकट्ठे होकर मिलजुल कर भगवान के समक्ष नाच नाच कर इस पर्व को मनाते हैं। गुरूदेव जी हम जैसे अधम जीवों के कल्याण के लिये तनिक भी अपने स्वास्थ्य की चिन्ता किये बिना दिन रात लगे रहते हैं।

पूज्य गुरूदेव जी अपने प्रवचन में बता रहे थे कि महाप्रभु जो कि साक्षात् भगवान कृष्ण हैं अगर कोई कह देता था तो वह कानों पर हाथ रख लेते थे व बोलने वाले को कहते थे कि

तुम्हें नर्क जाना पड़ेगा। पूज्य गुरूदेव जी की ये महानता है कि इतना कुछ करने के बावजूद कभी भी अपने को श्रेय नहीं देते हैं व कहते हैं कि सब गुरूदेव प्रभुपाद जी ने किया है व सब भगवान जी की कृपा है। गुरू महाराज जी के बारे में कुछ लिखने लगता हूँ तो शब्द कम पड़ जाते हैं। श्री गुरूदेव की जय आपका यश तीनों लोकों में फैले।

आपका अधम दास

सतस्वरूप दास

खिजराबाद, पंजाब

रुक्मणी देवी दासी

हरे कृष्ण हरे कृष्ण कृष्ण कृष्ण हरे हरे,
हरे राम हरे राम राम राम हरे हरे

गुरु महाराज जी के चरणों में कोटि-कोटि प्रणाम।

गुरु महाराज जी के जन्मदिन की याछिकं शुभेरछा गुरु महाराज जी की हम पर बहुत कृपा है जिसका वर्णन नहीं कर सकते गुरु महाराज बहुत ही दयालु हैं गुरु महाराज जी का जब भी संग प्राप्त होता है, तो गुरु महाराज जी हमारा बहुत ही ध्यान रखते हैं और हमारे दोषों के निकालने का प्रयास भी करते हैं और जीवन में हम छोटी-छोटी गलतियाँ करते हैं जो हमको दिखाई नहीं देती वो सब गलतियाँ फौरन न करे वैसा रास्ता हमें दिखाते हैं। गुरु महाराज भी हम लोगों को बहुत प्यार करते हैं गुरु महाराज जी जितना प्यार हमसे करते हैं उतना प्यार हम गुरु महाराज को नहीं करते यकीनन हमें प्रयत्न करना चाहिए कि गुरु महाराज प्रसन्न रहें गुरु महाराज का संग मिलता रहे और भगवान से यही प्रार्थना है कि गुरु महाराज का स्वास्थ्य अच्छा रहे और लंबी उम्र दे ताकि हम जैसे जीव को आशीर्वाद और कृपा मिलती रहे।

आपकी शिष्या

रुक्मणी देवी दासी

महेसाणा, गुजरात

सचिनंदन दास

अर्चनीय, वंदनीय, प्रातः स्मरणीय परम पूज्य श्री गुरु महाराज जी के चरण कमलों में मुझ अधम का कोटि-कोटि दंडवत प्रणाम स्वीकार करें।

हे गुरु महाराज आपकी कृपा से मैं श्रील् प्रभुपाद् एवं श्री श्री गौर राधाकृष्ण की चरण कमलों में बारंबार प्रार्थना करता हूँ की आपके इस प्राकटय दिवस के पावन पर्व पर मुझ जैसे महापतित एवं अन्य संसारी बद्ध जीवों के उद्धार के लिए आपको उत्तम स्वास्थ एवं दीर्घ आयु प्रदान करें।

हे गुरु महाराज! आपके अनंत गुणों का कौन वर्णन कर सकता है? फिर भी आपकी कृपा से कुछ लिखने का साहस कर रहा हूँ।

हे गुरु महाराज ! आपने मुझ जैसे महापतित को भी आपकी शरण प्रदान की है। ये आपकी अपार दया को सूचित करता है तथा सिद्ध करता है कि जिस प्रकार गौरांग महाप्रभु ने भक्ति का मार्ग सभी के लिए खोल दिया था। इसी प्रकार आपने भी उनके सच्चे प्रतिनिधि होने के कारण महाप्रभु की कृपा का द्वार सबके लिए पुनः खोल दिया है।

आप बिना किसी भेद भाव के सब को शरण प्रदान करते हैं। बल्कि जैसा कि चैतन्य चरितामृत में लिखा है

कृष्ण यदि कृपा करेन कौन भाग्यवाने।
गुरु अन्तर्यामिरुपे शिखाय आपने।।

आप हम शरणागत भाग्यवानों को प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष सपनों के माध्यम से शिक्षायें देकर योग्यता प्रदान करते हैं। अतः इस दिव्य अवसर पर मेरी आपके चरणों में यही प्रार्थना है की आप मेरे समस्त दोषों को भुलाकर सदा सदा के लिए आपकी कृपा दृष्टि प्रदान करें।

आपका पतित शिष्य

सचिनंदन दास

जलगाँव, महाराष्ट्र

राघव दास

नमः ऊँ विष्णुपादाय कृष्णप्रेष्ठाय भूतले,
श्रीमते नवयोगेन्द्र स्वामिन् इति नामिने।
नमस्ते प्रभुपाद् देवे नाम संकीर्तन प्रचारिणे,
निर्विशेष शून्यवादी समस्त देश तारिणे।।

परम पूज्य गुरू महाराज जी के चरणों में मेरा कोटि-कोटि प्रणाम।

गुरूदेव आपके जन्म दिन के इस अवसर पर आपका यह बेटा आपको हार्दिक बधाई दे रहा है। हमारी भगवान से यही प्रार्थना है कि वे हमारे गुरू महाराज जी को स्वस्थ एवं उन्हें दीर्घायु प्रदान करें ताकि इस धरातल पर हम जैसे पतित जीवों का कल्याण होता रहे।

गुरूदेव जैसा कि आप कहते हैं कि गुरू एवं श्री कृष्ण की कृपा से भक्ति लता रूपी बीज प्राप्त होती है। जब तक भगवद् की कृपा प्राप्त नहीं होती तब तक प्रमाणिक गुरू की प्राप्ति नहीं होती। इसका मतलब तो यह हुआ कि भगवान ने हम जैसे पतित जीवों पर कृपा की है और हमें आपके जैसे गुरूदेव की प्राप्ति हुई। गुरूदेव मैं तो बहुत ही दुष्ट हूँ परन्तु फिर भी आपने मुझ पर बहुत ही कृपा की है। जब भी कोई संकट की घड़ी आई उस समय यही लगा कि आपकी इस तुच्छ दास पर विशेष कृपा है गुरूदेव आप की कृपा से मुझे दिव्य परंपरा का प्रचार एवं सेवा करने का अवसर दिया पर मैं इस सेवा के योग्य नहीं हूँ, फिर भी आपने मुझे

इस सेवा का शुभ अवसर दिया। गुरूदेव मैंने आप जैसा दयालु गुरूदेव इस जगत में कोई और नहीं देखा। गुरू जी आप की कृपा से मुझे भगवान की दिव्य लीलाओं को देखने और समझने का मौका मिला है। गुरू जी आपके श्री चरणों में मेरी यही प्रार्थना है कि आप मुझ पर ऐसी कृपा करें कि मैं आपके द्वारा दी हुई सेवा को सही ढंग से कर सकूँ।

गुरू जी आपसे यही प्रार्थना है कि आप प्रभुपाद जी एवं भगवान गौर राधा कृष्ण से यह निवेदन करें कि लखनपुर में जोर शोर से प्रचार हो और जिससे लोगों को पता लगे कि असली गुरू क्या होता है और कैसा होता है? गुरू जी मैं आपसे यही प्रार्थना करता हूँ कि आप मुझे आशीर्वाद दें कि मैं भक्ति मार्ग में अधिक प्रगति करूँ और आपकी तथा भगवान की कृपा प्राप्त करूँ।

गुरू महाराज आपकी जय जयकार हो और आपका यश तीनों लोकों में फैले।

आपका तुच्छ दास
राघव दास
लखनपुर

हरी कीर्तन दास

हरे कृष्ण, गुरु महाराज! दण्डवत प्रणाम। राधे राधे !

सबसे पहले मैं गुरु महाराज जी को व्यासपुजा की बधाई देता हूँ। साथ ही साथ मैं मेरे सभी गुरु भाईयों और बहनों को हार्दिक बधाई देता हूँ। मैं श्री श्री गौर राधा कृष्ण भगवान्, श्री श्री सीता राम लक्ष्मण हनुमान जी, श्री श्री नृसिंहदेव प्रल्हाद महाराज, दिव्य गुरु परंपरा तथा श्रील् प्रभुपाद् से सच्चे दिल से प्रार्थना करता हूँ की उनका स्वास्थ्य अच्छा रहे और उनकी आयु हजार साल हो।

गुरुदेव ! आपका ऋण तो हजार जन्म में भी नहीं उतार सकता हूँ। आपकी बड़ी कृपा है। बड़े अनुभव हुये हैं। आपकी रक्षा हर समय महसूस किया। आप और प्रभुपाद् जी सदैव मुझे अपने आशीर्वाद और कृपा की बरसाते रहते हैं। जिससे इस भौतिक जीवन में भी मुझे बहुत बल, उत्साह मिलता है। मुझे इस्कॉन से जुड़े छः साल हो गये। मेरी संगत भक्तों के साथ बहुत कम होती है ना के बराबर । आप जानते हो मैं आर्मी में काम करता हूँ मगर इन सालों में भी जिन भक्तों से भी मिला बहुत अल्प समय के लिये लेकिन कुछ ना कुछ सीखने को मिला और सभी ने अपने अपने अनुभव बाँटे। जिससे मुझे अपने भावी जीवन में कैसे आगे बढ़ना है इस का निर्णय लेने मुझे कोई ज्यादा दिक्कत नहीं आयी। सबसे ज्यादा बल मुझे प्रभुपाद् जी के किताबों से मिला। और महसूस किया कि प्रभुपाद् जी कि किताबों के माध्यम से उनका संग प्राप्त हुआ। तो बड़ी कृपा है गुरुदेव! हम ने आपको वचन दिया था कि हम २०१५ तक आर्मी छोड़ देंगे। अतः आपकी कृपा से १ेज वबज २०१६ को आर्मी को हमेशा के लिये अलविदा कर दिया। इतना लम्बा समय चतवबमे में लगा। आगे क्या क्या करेंगे क्या होगा कुछ निश्चित नहीं

है। जैसे आपकी, प्रभुपाद् की ओर भगवान् की इच्छा होगी वही होगा। ये फैसला मेरे लिये बहुत कठिन था क्योंकि किसी का सहयोग नहीं होते हुये भी हमने ये फैसला लिया, ये सब आपकी कृपा है। मकसद है जो भी भक्ति के लिए प्रतिकूल होगा उसका त्याग करना है और जो अनुकुल होगा उसका स्वीकार करना है। इस का प्रयोग किया और वो सफल भी हो गया। आगे जीवन का कुछ पता नहीं।

सांचन को मलिमती नहीं लंम्बन को नई हाथ !
काम क्रोध से मत भरा लंम्बत कलम ग्वासियात !!
भक्ती दान दिजीये और कुछ नहीं चाहिये।
गुरु बड़े गोविंद से व्यास ही दियो बताये।
तन मन गुरु को सौंप कर चरणनु रहो लिपटायें।
तीर्थ जाये से एक फल संत मिले फल चार।
सत्गुरु मिले अनेक फल कहे कबिर विचार।

इन शब्दों के साथ मैं अपने शब्दों को विराम देता हूँ। आपसे विनम्र निवेदन करता हूँ की हे मेरे गुरुदेव! हे वैष्णव ठाकुर! आज आप के प्राकट्य दिवस पर आप मुझ जैसे अधम, गुणहीन, भाव हीन के सारे अपराध क्षमा करें। क्षमा दान दीजिये। हे गुरुदेव! मेरी मनोकामना पूर्ण करने की शक्ति दें।

न धनं न जनं न सुंदरीम् कवितां वा जगदिश कामहे
मम जन्म नी जन्म श्वरे भक्ताद् भक्तिर अहैतुकी तवयें
सर्वस्व तोमार चरणे सौंप कर पड़ीचिया तुम्हारे द्वार
आमि तो तोमार कुकुर बोलियो जनंहो मोरे।

दास दासानु दास,
हरी कीर्तन दास
किश्तवाड़

ध्रुव महाराज दास एवं पदमावती देवी दासी

परमपुज्यनीय, अर्चनीय, वंदनीय, प्रातःस्मरणीय सद्गुरुदेव के चरण कमलों में हमारा दण्डवत चरण स्पर्श। आपको जन्म दिन की हार्दिक शुभ कामनाएँ। भगवान् श्रीकृष्ण चैतन्य आपको दीर्घायु एवं सुखद जीवन प्रदान करे, जिससे हम पतितों पर आपकी असीम कृपा बनी रहे व हम बद्ध जीवों का उद्धार हो सकें। श्रीगुरु के बारे में लिखने के योग्य हम नहीं है, फिर भी श्री मानस जी की कुछ पंक्तियाँ श्री गुरु जी के चरणों में अर्पित कर रहा हूँ :-

बंदऊं गुरु पद पदुम परागा। सुरुचि सुबास सरस अनुरागा
अमिअ मूरिमय चूरन चारु। समन सकल भव रुज परिवारु।।
सुकृति संभु तन बिमल बिभूती। मंजुल मंगल मोद प्रसूती।

जन मन मंजु मुकुर मल हरनी। किएँ तिलक गुन मन बस करनी।।

श्री गुर पद नख मनि मन जोती। सुमिरत दिव्य दृष्टि हियं होती।

दलन मोह तम सो सप्रकासू। बड़े भाग उर आवइ़ जासू उघरहिं बिमल बिलोचन ही के। मिटहिं दोष दुःख भव रजनी के।।

सुझहिं राम चरित मनि मनिका। गुपुत प्रगट जहं जो जेहि खानिक

बंदउं गुरु पद कंज कृपा सिंधु नररुप हरि।

महामोह तम पुंज जासु बचन रबि कर निकर।।

आपके दास,

धुव्र महाराज दास एवं पदमावती देवी दासी

देहरादून

बलभद्र दास

गुरुदेव की स्तुति तो कोई साधारण जीव नहीं कर सकता। फिर हम सूर्य के सामने दीपक लाने का प्रयास कर रहे हैं जो मूढ़ता भरा कार्य है। गुरू महाराज के चरणो में वंदना करता हूँ जो कृपा के सागर तथा पतित जीवों के उद्धार करनेवाले हैं, जिन्होंने मुझ जैसे पतित जीव को भी अपने कमलसदृश चरण कमल का एक भँवरा बनाया है जिनकी कृपा से संसार में भटकता हुआ ये जीव न जाने कितनी अस्पृश्य वस्तु में बैठा पर आज उनके ही इर्द-गिर्द घूमता हुआ उस परम तत्व की आराधना करता है जो गुरू के हृदयरुपी आँगन में अपनी मधुरतम लीलाओं को संपादित करते हैं।

बंदउ गुरू पद पदम परागा। सुरुचि सुबास सरस अनुरागा।।

मैं गुरू महाराज के चरण कमलों की रज की वंदना करता हूँ, जो सुंदर स्वाद और सुगंध तथा अनुराग से परिपूर्ण हैं। गुरू वो तत्व है जिसमें विष्णु के दस अवतारों के गुणों का मिश्रण है, भगवान् पूर्ण स्वरुप है पूर्ण से पूर्ण हटा दें तो भी हम पूर्ण को ही पाएँगे ऐसा उपनिषद कहते हैं। फिर भी भगवान के भिन्न अवतारों में भिन्न-भिन्न गुणोंको हम देख पाते हैं, जिसमें भगवान् ने पहला अवतार जो वेदों की रक्षा के लिये लिया जिस में उन्होंने मत्स्य रुप धारण किया। मत्स्य अर्थात् मछली इसके गुणोंकी बात करें तो इसे पानी से बाहर निकाल दिया जाये तो तड़पने लगती की मुझे पानी चाहिये, अभी चाहिये, ना मिले तो अभी प्राण त्यागने के लिये आतुर रहती है। उसी प्रकार वो बुद्ध्ध पुरुष निरंतर भगवान् के नामोंकी माला जपता रहता है। अभी सुमिरन छूटा नहीं, की उसके दिल में बेचैनी हो जाती, वो तड़प उठता है। हरिनाम के बिना उस मछली की तरह जिसे पानी से बाहर निकाल दिया गया हो। मत्स्य अवतार में किसी प्रकार की कोई चमत्कारिकता का प्रदर्शन भगवान ने नहीं किया था, बल्कि एक उपदेश के माध्यम से जीव जगत के चित रुपी दर्पण को चमकाने का प्रयास किया कि एक सद्गुरूभी अपने वचनों के माध्यम से चित्त का मार्जन करने का प्रयास करते हैं।

भगवान् ने दूसरा अवतार कूर्म धारण कर अपने पीठ पर मद्राचल को धारण किया जिससे समुद्र मंथन हो और अमृत की प्राप्ति हो सके। एक सद्‌गुरू भी अपने अयोग्य शिष्य को अपनी पीठ पर धारण कर लेता है, ताकि वो भवसागर में और नीचे तक न धंस जाये। भगवान् ने तीसरा अवतार वाराह का लिया जिन्होंने पृथ्वी को मल-मूत्र का स्थान, रसातल से लाकर पुनः स्थापित किया। एक सद्‌गुरू भी संसार के जीवों को, जो मल-मूत्ररुपी भोगों में डूबे हुए हैं, उनका उद्धार करने के लिए मल-मूत्र में प्रवेश करते हैं, जो उनकी बहती कृपा का परिचायक है। भगवान् का चौथा अवतार अपने प्रिय भक्त प्रह्लाद को आनंद देने के लिये नरसिंह देव है, जिनका स्वरुप आधा नर और आधा सिंह का था। जो हिरण्यकशिपु के लिये एक रौद्र रुप था। एक काल जिसने उसका विनाश कर दिया, और प्रह्लाद के ऊपर करुणा का वर्षण हो रहा था। अपनी जिव्हा से प्रह्लाद के शीश को चाट रहे थे। सद्‌गुरू भी हमें किसी अनर्थ से बचाने के लिये रौद्र रुप का प्रदर्शन करते हैं, लेकिन वे अति सौम्य होते है ''संत हृदय नवनीत समाना''। भगवान् ने छठा रुप वामन का धारण किया। जिस रुप मे बली से तीन पग भूमि माँग कर सारे बह्‌मांड को नाप दिया था, जो भगवान के अति नाटे रुप को देखकर ठगा जा चुका था। उसी तरह एक सद्‌गुरू भी अपने आप को छुपा कर रखते है, जिससे बली की तरह ही अज्ञानी पुरुष ठगे जाते हैं और कृपा से वंचित रह जाते हैं। जो उनके शरण में जाता है, कभी-कभी अपने वास्तविक रुप को प्रकट करते हैं। भगवान का सातवां अवतार भगवान् श्री रामचंद्र का हुआ जो मर्यादा पुरूषोत्तम कहलाए। भगवान राम ने अपनी पूरी जीवन लीला मे सत्य की स्थापना की जो धर्म का महत्वपूर्ण अंग है। वेदों में भगवान् की स्तुति परम सत्य के रुप में की गयी है। अर्थात् भगवान् स्व सत्य स्वरुप है। भगवान् राम जैसी सत्यता जिस महापुरूष में हो वो भला अपने संपर्क में आने वाले को उस परमसत्य से न मिला सकें ऐसा संभव ही नहीं है। भगवान् का आठवां अवतार जिसके नाम लेने से जिह्वा मे मिश्री घुल जाती है, जिनकी चपलता, चंचलता सभी के चित्त को गंभीर कर देती है। सोलह कला संपूर्ण पूर्ण पुरूषोत्तम भगवान् श्रीकृष्ण, जो धरा धाम में केवल प्रेमी भक्तों को आनंद प्रदान करने के लिये पधारे। सच्चिदानंद घन प्रेम मूर्ति, जिसके नख से शिख तक केवल प्रेम का परिवर्षण होता है। इस जगत में यह प्रेम सद्‌गुरू में हम भलीभाँति देख सकते हैं। नौवां अवतार भगवान् बुद्‌ध का हुआ, जिसमे उन्होंने वेदों के आड़ में केवल पापाचार कर रहे पशु बली देते थे, उन्हे अहिंसा का पाठ पढाकर सभी को अपने साथ जोड़ा, जो उनकी करुणा का परिचायक है, जो करुणा से भरे थे। उनके अंदर की करुणा भी हम सद्‌गुरूमें पाते हैं, जिन्होंने अनेक पशु हत्या करने वालों को अपने संपर्क में ला कर अपनी करुणा से उन्हें वैष्णव बना दिया। भगवान् का अंतिम अवतार जो कल्की का होना है, जिसमे वे सभी अधर्मियों को मौत के घाट उतारेंगे और पुनः सत्ययुग प्रारंभ करेंगे, जिस युग मे धर्म के चारों चरण विद्यमान रहेंगे। जिसमें सभी लोग शांति के जीवन को भगवद् सेवा में लगाते हुए स्वयं को भगवद् धाम तक ले जाते हैं। एक सद्‌गुरू भी हम जैसे अधर्मियों को धर्म का आचरण सिखाकर हमारे लंगड़े जीवन को जिसकी चारों पैर माया देवी ने तोड दिया है, हमें पुनः प्रदान कर, अध्यात्म मार्ग में चलने में सशक्त बनाते हैं।

दसों अवतारों में एक समानता ये रही है कि वे सदा किसी भी परिस्थिति में अपने चेहरे की प्रसन्नता के रुप में मिलती थी जो दूर रहे, उन्हें भी, जो शरण आ गये उन्हे भी एक धर्मगुरू

को भी ऐसा होना चाहिये। जो भी शरण आया हो अथवा ना आया हो, कम से कम प्रसन्नता अवश्य मिलनी चाहिये।

गुरू तो अनंत गुणों की खान होते हैं, फिर भी मै निवेदन करता हूँ की मैंने वही मूर्खता की है जो किसी सूर्य के सामने दिया लेकर आया हो। ये सारे गुणों को हम अपने प्यारे सद्‌गुरूमें देख सकते हैं, जो स्पष्ट रुप में दिखाई दिये जाते हैं। श्री गुरू महाराज के चरण नखों की ज्योति मणियों के समान है, जिसका स्मरण करते ही हृदय में दिव्य दृष्टि उत्पन्न हो जाती है, जो वह अज्ञानरुपी अंधकार को दूर करनेवाला है। सद्‌गुरू देव के चरणकमलों में मैं प्रार्थना करता हूँ की इस पापी कपटी का भी आपके चरणों में अनुराग उत्पन्न हो जिससे मैं अभीष्ट सिद्धी श्रीकृष्ण प्रेम को प्राप्त कर सकूँ, जो केवल आपके कृपा से ही संभव है।

आपका दास,
बलभद्र दास
जयपुर

अर्जुन दास

हरे कृष्ण, गुरु महाराज जी!

दण्डवत प्रणाम! गुरु गौरांग की जय !

श्रील् प्रभुपाद् की जय!

आप भगवान् श्रीकृष्ण की कृपा के रुप में हम सब पतित जीवों के उद्धार के लिए, इस धरा-धाम पर प्रकट हुये हैं। मैं आध्यात्मिक मार्ग पर अनाथ था, लेकिन आपने अपनी अहैतुकी कृपा करके मुझ पतित के दोषों को न देखकर मुझे दीक्षा देकर आपने भगवान् श्रीकृष्ण के साथ मेरा संबंध फिर से स्थापित कर दिया। हे गुरुदेव ! आप भक्ति के नियमों और अपने गुरुदेव श्रील् प्रभुपाद् की आज्ञा पर हर समय शत-प्रतिशत चलने का प्रयास करते हैं। आपने कोठर तपस्या करके अनेक मंदिरों कि स्थापना की है और कई जीवों को आपने भक्ति का बीज प्रदान किया। आपको भक्ति के साथ-साथ आर्युवेद, योग आदि का भी काफी ज्ञान है जो की आप अपनी दिनचर्या में शरीर को स्वस्थ रखने के लिए इस्तेमाल करते हैं। हे गुरुदेव! मैं आपके दिव्य कार्यकलापों को समझने में असमर्थ हूँ। आपकी कृपा से ही कभी-कभी कुछ समझ में आता हैं।

हे गुरुदेव ! जब भी मैं अपने गुरु भाईयों से मिलता हूँ तो मुझे बहुत जिज्ञासा होती है कि मैं आपके कार्याकलापों के बारे मैं सुनू जिससे मुझे बहुत अच्छा लगता है और आपके प्रति स्नेह, श्रद्धा और प्रेम बढ़ता है।

हे गुरुदेव ! मैं भौतिक आसक्ति के कारण आपका संग कम कर पाता हूँ। लेकिन आप अहैतुकी कृपा करके स्वप्न में भी मुझे अधिक से अधिक संग प्रदान करते है। और विपत्ति से भी बाहर निकालते हो। आपके संग से मुझे बहुत आध्यात्मिक उर्जा प्राप्त होती है।

हे गुरुदेव! मेरी इच्छा है की मैं आपके प्रचार कार्यां में कुछ सहयोग कर सकूँ। मैं आपकी कृपा से ही आध्यात्मिक मार्ग पर प्रगति कर सकता हूँ और भगवद् सेवा में स्थापित हो सकता हूँ।

आपका तुच्छ सेवक,
अर्जुन दास
जम्मू

अयोध्या दास

श्री गुरू महाराज जी की जय

नमः ऊँ विष्णुपादाय कृष्णप्रेष्ठाय भूतले,
श्रीमते नवयोगेन्द्र स्वामिन् इति नामिने।
नमस्ते प्रभुपाद् देवे नाम संकीर्तन प्रचारिणे,
निर्विशेष शून्यवादी समस्त देश तारिणे।।

श्रील गुरूदेव मैं आपके चरणकमलों में कोटि-कोटि दण्डवत प्रणाम अर्पित करता हूँ और आपके ७१ वें प्रकटोत्सव पर हार्दिक बधाई देता हूँ। गुरूदेव इस व्यास पूजा महामहोत्सव पर मैं श्री प्रभुपाद, समस्त गुरू परम्परा, षड्गोस्वामीगण, तुलसी महारानी, पंचतत्व, श्री श्री गौर निताई, श्री श्री नृसिंह देव, प्रहलाद् महाराज, श्री श्री गौर राधा कृष्ण भगवान, श्री श्री सीता राम लक्ष्मण हनुमान के चरण कमलों में यही प्रार्थना करता हूँ कि वे आपको दीर्घायु प्रदान करें। जिससे आप अधिक से अधिक जीवात्माओं का कल्याण कर सकें। जिसके लिए आप पृथ्वी पर अवतरण हुआ है। पतित पावन हेतु तव अवतार गुरूदेव आपकी इस पतित जीवन के ऊपर बड़ी कृपा है। मैंने मूर्खता के कारण कई बार नीचे गिरने का प्रयास किया है, पर आपने हर बार अपनी अहैतु की कृपा से मुझे नीचे गिरने से बचाकर ऊपर उठाया है। गुरूदेव आपकी दयालुता का तो अन्त नहीं है पर मैं मूर्ख अपनी तुच्छ बुद्धि के कारण इसे समझ पाने में अक्षम हूँ। गुरूदेव आपकी ही कृपा से मैं इस समझ पाने के योग्य बन सकता हूँ।

गुरूदेव आपका हृदय इतना कोमल है कि जिसका वर्णन करना कठिन है। मैंने कई बार इसका अनुभव किया है कोई भी जीवात्मा जब आपके सम्पर्क में आती है तो आप उसका ऐसे ध्यान रखते हैं जैसे माता अपने बच्चे का ध्यान रखती है। आप हर छोटी से छोटी बात का ध्यान रखते हैं। इसीलिए तो कहते हैं

सन्त हृदय नवनीत समाना

गुरूदेव अपने पूर्व के कुसंस्कारों के कारण मेरे से अब तक जो गल्तियाँ हुई हैं उसके लिए मैं आपसे क्षमा की याचना करता हूँ और दोबारा कभी कभी ऐसी गल्तियाँ ना हों उनके लिए मैं आपके चरणकमलों में प्रार्थना करता हूँ क्योंकि मेरे में इतना आत्मबल नहीं है पर आपकी कृपा से सब कुछ संभव है। इसलिए मैं आपसे प्रार्थना करता हूँ कि मुझे अपनी कृपा प्रदान कीजिए और मुझे शक्ति प्रदान कीजिए जिससे कि मैं आपके धर्म प्रचार के कार्य में सहयोग करने में रिमित्त बन सकूँ और आपके चरणों में किंचित स्थान प्राप्त कर सकूँ।

अन्त में मेरी गुरू, गौरांग और राधा कृष्ण के चरणों में यही प्रार्थना है कि वे आपको स्वस्थ जीवन तथा दीर्घायु प्रदान करें जिससे आप सदैव समस्त जगत का उद्धार करते रहें।

गुरूदेव आपके श्री चरणकमलों में कोटि-कोटि दण्डवत प्रणाम।

आपका अधम ते अधम दास
अयोध्या दास
उधमपुर

बलदेव दास

नमः ॐ विष्णुपादाय कृष्णप्रेष्ठाय भूतले,
श्रीमते नवयोगेन्द्र स्वामिन् इति नामिने।
नमस्ते प्रभुपाद् देवे नाम संकीर्तन प्रचारिणे,
निर्विशेष शून्यवादी समस्त देश तारिणे।।

आपके प्रकट दिवस पर आपको लाख-लाख बधाई देता हूँ। आप प्रभुपाद जी के प्रिय शिष्य हम पतितों का उद्धार करने भगवद्धाम से आए हैं। आप शुद्ध भक्त भगवान गौर हरि का संदेश लेकर इस भूमि पर आए हैं। मैं पतित जीव आपके चरणों में बारंबार प्रणाम करता हूँ। आपके पावन चरणों की कृपा से हरिनाम ले पा रहा हूँ।

आप पहली बार जब प्रभुपाद जी को लेकर उधमपुर आए। जब प्रभुपाद जी गाड़ी में बैठे थे तो ऐसा लगा था कि प्रभुपाद जी गाड़ी में साक्षात् बैठे हैं। तब इस पतित का हृदय बड़ा पतित था। आपने हरिनाम का सहारा दिया और इस पतित को सेवा में लगाया जो सेवा के लायक नहीं था।

आप साधारण पुरूष नहीं हैं, यह इस पतित का अनुभव है। आप कैसे पतितों का उद्धार करते हैं यह मेरा अनुभव है। आप एक बार मंदिर में कुर्सी पर बैठ कर जप कर रहे थे। यह पतित आपके चरणों में बैठा था दूसरा कोई भी नहीं था। तो आपने पतित का कल्याण करना चाहा, बात करते करते आप कंधे में दर्द बताने लगे जो कि आपको नहीं था। पर पतित का उद्धार करने के लिए आप ऐसा कर रहे थे। यह दर्द तो मैंने सुन लिया था पर मेरी हिम्मत नहीं हो रही थी कि मैं एक महान वैष्णव को हाथ कैसे लगाउं? बड़ी हिम्मत करके मैंने प्रार्थना की कि हे गुरूदेव आप कमरें में चलें तो मैं आपका कंधा दबा सकता हूं। तो डरते-डरते मैंने प्रार्थना की तो आपने स्वीकार कर ली। आश्रम में रहने की तब सुविधा नहीं थी आप बगल में किसी के घर रहते थे। आप बैड पर लेट गये और इस अधम पापी को अपने शरीर पर हाथ लगाने दिया जो इसके लायक नहीं था। कंधा दबाते-दबाते आपके चरणों की सेवा मिली। आपके चरणों की सेवा करते करते आपको नींद आ गई। नींद मुझे भी आ रही थी। अंदर से आवाज़ आई कि सेवा का मौका मिला है और तुम सोने जा रहे हो। कभी मन में यह भी आता था कि सेवा छोड़ कर नीचे दरी पर बैठ जाउं। ऐसा करते करते आप इतनी देर में पतित को

कहते हैं कि ''आप भी थोड़ी देर सो जाओ।''आप शुद्ध पार्षद पतितों का उद्धार करने के लिए आए हैं।

आपने इस पतित का उद्धार किया और उसे अपनी सेवा करने का मौका दिया। आपकी कृपा से मेरा छोटा बेटा भी प्रोफैसर बन गया। ये पतित आपकी आज्ञा में ही अपना जीवन बिताता रहे और भक्ति का आनंद लेता रहे। आपको कोटि-कोटि प्रणाम।

आपका मूर्खानंद
बलदेव दास
उधमपुर

भक्ति देवी दासी

ॐ अज्ञान तिमिरान्धस्य ज्ञानान्ञ्जनशलाकया।
चक्षुरुन्मीलितं येन तस्मै श्री गुरुवे नमः।।

परम पूजनीय श्री गुरुदेव के कमल रुपी श्री चरणों में मेरा दण्डवत प्रणाम। आज आपके परम पुनीत ७१ वें जन्म दिवस पर श्रील् प्रभुपाद् से प्रार्थना करती हूँ आपको दीर्घायु प्रदान करें एवं आपको स्वस्थ रखें, हमें आपका मार्ग दर्शन सदैव मिलता रहे।

गुरुदेव! आपके गुण अनन्त हैं जिसका पारावार नहीं, आपके गुणों का वर्णन करने की मुझमें सामर्थ्य नहीं है, आप कितने दयालु हैं कि जो मुझ जैसे तुच्छ जीव के उद्धार हेतु आप इस धराधाम पर प्रकट हुये हैं, संसार में सबसे अधिक श्रध्देय, सबसे अधिक विश्वसनीय एवं प्रेमास्पद श्री गुरुदेव आप ही हैं, जो निरन्तर शिष्य का अज्ञान दूर करने के लिये मन से चेष्टा करते हैं, आपके बराबर दयालु और हितैषी जगत् में कोई नहीं है। जिसने कुछ भी प्राप्त किया है आप की कृपा से प्राप्त किया है।

गुरुदेव! आप की कृपा सभी जीवों पर समान रुप से रहती है, मैं अभागी हूँ जो आप जैसे दिव्य गुरुदेव की कृपा नहीं लेती हूँ।

आप मेरी जैसी की कृपा कण ही मेरा सहारा हैं, आपकी कृपा के बिना मेरा और कोई बस नहीं है लेकिन मैं यह नहीं जानती कि आपकी कृपा किस प्रकार पाई जाय, मुझ में सामर्थ्य नहीं कि मैं अपने प्रयास से आपके दिव्य स्वरुप को पहचान सकूँ जिस प्रकार ऊपर चढ़ने के दो मार्ग होते हैं एक सीढ़ी द्वारा दूसरा लिफ्ट द्वारा। सन्त, गुरुदेव वही लिफ्ट मार्ग हैं।

गुरुदेव! मुझमें ना भाव है ना भक्ति है केवल दोष ही दोष हैं, आपकी कृपा किस प्रकार प्राप्त करु कोई योग्यता नहीं दिखती। आप अपनी कृपा से मेरे दोषों को समाप्त कर निर्दोष बना सकते हैं जिसमें मैं आपको समझ सकूँ। मुझ पर ऐसी कृपा कीजिए कि एकमात्र आपके चरण ही मेरी प्रीती बन जाये, श्री गुरु चरणों में निष्ठा हो जाय तो कृष्ण प्रेम अपने आप प्राप्त हो जाता है।

अन्त में मेरी गुरू, गौरांग और राधा कृष्ण के चरणों में यही प्रार्थना है कि वे आपको स्वस्थ जीवन तथा दीर्घायु प्रदान करें जिससे आप सदैव समस्त जगत का उद्धार करते रहें।

गुरूदेव आपके श्री चरणकमलों में कोटि-कोटि दण्डवत प्रणाम।

आपका अधम ते अधम दास

अयोध्या दास

उधमपुर

बलदेव दास

नमः ॐ विष्णुपादाय कृष्णप्रेष्ठाय भूतले,
श्रीमते नवयोगेन्द्र स्वामिन् इति नामिने।
नमस्ते प्रभुपाद् देवे नाम संकीर्तन प्रचारिणे,
निर्विशेष शून्यवादी समस्त देश तारिणे।।

आपके प्रकट दिवस पर आपको लाख-लाख बधाई देता हूँ। आप प्रभुपाद जी के प्रिय शिष्य हम पतितों का उद्धार करने भगवद्धाम से आए हैं। आप शुद्ध भक्त भगवान गौर हरि का संदेश लेकर इस भूमि पर आए हैं। मैं पतित जीव आपके चरणों में बारंबार प्रणाम करता हूँ। आपके पावन चरणों की कृपा से हरिनाम ले पा रहा हूँ।

आप पहली बार जब प्रभुपाद जी को लेकर उधमपुर आए। जब प्रभुपाद जी गाड़ी में बैठे थे तो ऐसा लगा था कि प्रभुपाद जी गाड़ी में साक्षात् बैठे हैं। तब इस पतित का हृदय बड़ा पतित था। आपने हरिनाम का सहारा दिया और इस पतित को सेवा में लगाया जो सेवा के लायक नहीं था।

आप साधारण पुरूष नहीं हैं, यह इस पतित का अनुभव है। आप कैसे पतितों का उद्धार करते हैं यह मेरा अनुभव है। आप एक बार मंदिर में कुर्सी पर बैठ कर जप कर रहे थे। यह पतित आपके चरणों में बैठा था दूसरा कोई भी नहीं था। तो आपने पतित का कल्याण करना चाहा, बात करते करते आप कंधे में दर्द बताने लगे जो कि आपको नहीं था। पर पतित का उद्धार करने के लिए आप ऐसा कर रहे थे। यह दर्द तो मैंने सुन लिया था पर मेरी हिम्मत नहीं हो रही थी कि मैं एक महान वैष्णव को हाथ कैसे लगाउं? बड़ी हिम्मत करके मैंने प्रार्थना की कि हे गुरूदेव आप कमरें में चलें तो मैं आपका कंधा दबा सकता हूं। तो डरते-डरते मैंने प्रार्थना की तो आपने स्वीकार कर ली। आश्रम में रहने की तब सुविधा नहीं थी आप बगल में किसी के घर रहते थे। आप बैड पर लेट गये और इस अधम पापी को अपने शरीर पर हाथ लगाने दिया जो इसके लायक नहीं था। कंधा दबाते-दबाते आपके चरणों की सेवा मिली। आपके चरणों की सेवा करते करते आपको नींद आ गई। नींद मुझे भी आ रही थी। अंदर से आवाज़ आई कि सेवा का मौका मिला है और तुम सोने जा रहे हो। कभी मन में यह भी आता था कि सेवा छोड़ कर नीचे दरी पर बैठ जाउं। ऐसा करते करते आप इतनी देर में पतित को

कहते हैं कि ''आप भी थोड़ी देर सो जाओ।''आप शुद्ध पार्षद पतितों का उद्धार करने के लिए आए हैं।

आपने इस पतित का उद्धार किया और उसे अपनी सेवा करने का मौका दिया। आपकी कृपा से मेरा छोटा बेटा भी प्रोफैसर बन गया। ये पतित आपकी आज्ञा में ही अपना जीवन बिताता रहे और भक्ति का आनंद लेता रहे। आपको कोटि-कोटि प्रणाम।

आपका मूर्खानंद
बलदेव दास
उधमपुर

भक्ति देवी दासी

ॐ अज्ञान तिमिरान्धस्य ज्ञानान्जनशलाकया।
चक्षुरुन्मीलितं येन तस्मै श्री गुरुवे नमः।।

परम पूजनीय श्री गुरुदेव के कमल रुपी श्री चरणों में मेरा दण्डवत प्रणाम। आज आपके परम पुनीत ७१ वें जन्म दिवस पर श्रील् प्रभुपाद् से प्रार्थना करती हूँ आपको दीर्घायु प्रदान करें एवं आपको स्वस्थ रखें, हमें आपका मार्ग दर्शन सदैव मिलता रहे।

गुरुदेव! आपके गुण अनन्त हैं जिसका पारावार नहीं, आपके गुणों का वर्णन करने की मुझमें सामर्थ्य नहीं है, आप कितने दयालु हैं कि जो मुझ जैसे तुच्छ जीव के उद्धार हेतु आप इस धराधाम पर प्रकट हुये हैं, संसार में सबसे अधिक श्रध्देय, सबसे अधिक विश्वसनीय एवं प्रेमास्पद श्री गुरुदेव आप ही हैं, जो निरन्तर शिष्य का अज्ञान दूर करने के लिये मन से चेष्टा करते हैं, आपके बराबर दयालु और हितैषी जगत् में कोई नहीं है। जिसने कुछ भी प्राप्त किया है आप की कृपा से प्राप्त किया है।

गुरुदेव! आप की कृपा सभी जीवों पर समान रुप से रहती है, मैं अभागी हूँ जो आप जैसे दिव्य गुरुदेव की कृपा नहीं लेती हूँ।

आप मेरी जैसी की कृपा कण ही मेरा सहारा हैं, आपकी कृपा के बिना मेरा और कोई बस नहीं है लेकिन मैं यह नहीं जानती कि आपकी कृपा किस प्रकार पाई जाय, मुझ में सामर्थ्य नहीं कि मैं अपने प्रयास से आपके दिव्य स्वरुप को पहचान सकूँ जिस प्रकार ऊपर चढ़ने के दो मार्ग होते हैं एक सीढ़ी द्वारा दूसरा लिफ्ट द्वारा। सन्त, गुरुदेव वही लिफ्ट मार्ग हैं।

गुरुदेव! मुझमें ना भाव है ना भक्ति है केवल दोष ही दोष हैं, आपकी कृपा किस प्रकार प्राप्त करु कोई योग्यता नहीं दिखती। आप अपनी कृपा से मेरे दोषों को समाप्त कर निर्दोष बना सकते हैं जिसमें मैं आपको समझ सकूँ। मुझ पर ऐसी कृपा कीजिए कि एकमात्र आपके चरण ही मेरी प्रीती बन जाये, श्री गुरु चरणों में निष्ठा हो जाय तो कृष्ण प्रेम अपने आप प्राप्त हो जाता है।

नृदेहमाद्यं सुलभं सुदुर्लभं प्लवं
सुकल्पं गुरु कर्ण धारकं
भयानुकूलेन नमस्वतेरितं पुमान्
भवाब्धिं न तरेत स आत्म हा।।

"जिस मनुष्य देह को पाना दुलर्भ है पर जो किसी कारण अनायास प्राप्त हो गया, जो भवसागर पार करने के लिये सुदृढ़ नौका है, जिसे चलाने के लिये गुरु रुपी कर्णधार उपस्थित है और मैंने अनुकूल वायु चला रखी है उसे पाकर भी यदि कोई भवसागर पार करने की चेष्टा ना करे तो वह आत्मघाती है"

(श्रीमद्भागवतम्)

गुरुदेव! मेरे दुष्कर्मों के कारण मेरा मन दूषित होने से मैं आपके दिव्य स्वरुप को नहीं पहचान सकती। अतः आप मेरे ऊपर कृपा दृष्टि करें।

आपकी चरणाश्रित,
भक्ति देवी दासी
श्रील् प्रभुपाद् आश्रम उधमपुर

भारती देवी दासी

परम पूज्य गुरुमहाराज !

आपके चरणकमलों में मेरा शत-शत बार दण्डवत प्रणाम है !

आप जैसे दिव्य विभूति का गुणगान मैं कैंसे करुँ, यह मुझ अधम के लिए असम्भव है। आपकी कृपा से कुछ लिखने का प्रयास करती हूँ। मेरे गुरुदेव दया के सागर हैं। आपकी दया सागर का एक बिंन्दु ही मुझे आनन्द सागर मैं डूबा सकता है। निष्ठा एवं प्रीति पूर्वक गुरु की सेवा करना ही हमारा एक मात्र कर्तव्य है। श्री गुरुदेव के चरण कमलों से अलग होने से हमारे सिर पर विपत्तियों के पहाड़ पड़ेगें । भक्तिमय जीवन में अपने को पूर्ण रुप से समर्पित कर पाना केवल गुरु कृपा से ही सम्भव है। भगवान मैं जिनकी प्रीति है वह भक्त कहलाता है। भगवान में प्रीति होने के साथ गुरु में अनुराग होना जरुरी है।

गुरु सेये हरि सेइये
हरि सेये गुरु नाहिं।
गुरु छाडि हरि का मजे
तिन सौं दोऊ जाहि।।
गुरु गोविंद दोऊ खड़े।
काके लागो पाये।
बलिहारी गुरु-आपने।
जिन गोविंद दियौ बताएं।

अतः हरि में प्रीति होने के साथ गुरु सें अनुराग होना चाहिए।

गुरु सर्व देवमय हैं। गुरु के बिना इस भवसागर से कोई पार नहीं उतर सकता । आज आपके जन्म दिन के उपलक्ष्य मैं भगवान से प्रार्थना करती हूं आप हमेशा स्वस्थ रहें। आपकी कृपा हम सब अधम जीवों पर बरसती रहें। कोई इससे वंचित न हों!

आपकी बेटी

भारती देवी दासी

श्रील प्रभुपाद आश्रम उधमपुर

धनलक्ष्मी देवी दासी

नमः ॐ विष्णुपादाय कृष्णप्रेष्ठाय भूतले,
श्रीमते नवयोगेन्द्र स्वामिन् इति नामिने।
नमस्ते प्रभुपाद् देवे नाम संकीर्तन प्रचारिणे,
निर्विशेष शून्यवादी समस्त देश तारिणे।।

गुरूदव आपके श्री चरणों में कोटि-कोटि प्रणाम। व्यास पूजा के इस पावन अवसर पर आपको ढेर सारी शुभकामनाएं। मैं भगवान से यही प्रार्थना करती हूँ कि वे आपको दीर्घायु प्रदान करें जिससे आप धरातल पर अनेकों जीवों को भक्ति में लगायें। हे गुरूदेव! आप मुझ पर अपनी कृपा हमेशा बनाए रखना। गुरूदेव मेरी आपसे यही प्रार्थना है कि आपके चरण चिन्ह का अनुसरण करने का सौभाग्य जन्म-जन्मों तक मुझे मिले आपका गुणगान हमेशा करती रहूँ।

आपकी दासी

धनलक्ष्मी देवी दासी

उधमपुर

हरिनाम दास

ॐ अज्ञान तिमिरान्धस्य ज्ञानान्जनशलाकया।
चक्षुरुन्मीलितं येन तस्मै श्री गुरुवे नमः।।

मैं अपने गुरूदेव को नमस्कार करता हूँ जिन्होंने ज्ञान के प्रखर प्रकाश से मेरी आँखें खोल दीं जो अज्ञान के अंधकार से अंधी हुई थीं।

कबीर गुरू के भावे, दुरही से दीसन्त।
जन छीना मन अनमना, जग से रूठील फिरन्त।।

संत कबीर दास कहते हैं कि सतगुरू के लक्षण दूर से ही दिखायी देते हैं। उनका शरीर जप, तप, त्याग से सरोबार रहता है। मन कृष्ण प्रेम में व्याकुल रहता है उनका मन विषयों से दूर और संसार से रूठे हुए उदास अवस्था में घूमता रहता है यही गुरू की पहचान है।

हमारे गुरू महाराज, सांसारिक मोह से हमेशा दूर रहते हैं। इस प्रकार गुरू महाराज अपने आचरण से सारे जगत को कृष्ण भक्ति की शिक्षा देते हैं। ऐसे गुरू महाराज को मैं बारम्बार नमस्कार करता हूँ।

गुरू बिन माला फेरते, गुरू बिन देते दान।
गुरू बिन सब निष्फल गया, पूछो वद पुराण।।

गुरू बिना माला फेरना, पूजा पाठ करना और दान देना सब निष्फल जाता है। चाहे वेद पुराण में देख लो अर्थात गुरू से ज्ञान प्राप्त किए बिना कोई भी कार्य करना उचित नहीं है। इसलिए मुझ सा भाग्यशाली सारे संसार में कौन होगा जिसे ऐसे श्री गुरू महाराज का आश्रय प्राप्त है।

जिस जीव के उद्धार का कोई उपाय नहीं रहता है। उसके उद्धार का एक ही सहारा है आचार्य अभिमान।

मो सम कोन कुटिल खल कामी
जेहि तन दिया ताहि विसरायो ऐसो नमक हरामी।

पाप क्या है पुण्य क्या है मुझे तो यहीं नहीं पता था ऐसे मुझ पापी जीव को श्री गुरू महाराज जी ने आश्रय दिया ऐसे श्री गुरू महाराज को मैं बारम्बार दण्डवत प्रणाम करता हूँ। मैं गुरू महाराज जी के चरण कमलों की वन्दना करता हूँ जो कृपा के समुद्र है और नर रूप में हरि ही हैं और जिनके वचन महामोह रूपी घने अंधकार का नाश करने के लिए सूर्य किरण ों के समान हैं।

श्री गुरू महाराज जी के चरण नखों की ज्योति मणियों के प्रकाश के समान है जिनके स्मरण करते ही हृदय में दिव्य दृष्टि उत्पन्न हो जाती है वह प्रकाश अज्ञान रूपी अन्धकार का नाश करने वाला है। वह जिनके हृदय में आ जाता है उनके बड़े भाग्य हैं।

उसके हृदय में आते ही हृदय के निर्मल नेत्र खुल जाते हैं और संसार रूपी रात्रि के दोष दुःख मिट जाते हैं एवं श्री कृष्ण चरित्र रूपी मणि और माणिक्य गुप्त और प्रकट जहाँ जो जिस खान में सब दिखाई देने लग पड़ते हैं।

गुरू समान दाता नहीं याचक सीणु समान।
तीन लोक की सम्पदा, सो गुरू दीन्ही दान।।

सम्पूर्ण संसार में गुरू के समान दानी कोई नहीं और शिष्य के समान कोई याचक नहीं है। ज्ञान रूपी अनमोल अमृतमयी सम्पति गुरू अपने शिष्य को प्रदान करता है और गुरू द्व ारा प्रदान की जाने वाली अनमोल ज्ञान सुधा केवल याचना करके ही शिष्य पा लेता है। गुरू महाराज के अविर्भाव दिवस पर भगवान श्री कृष्ण और श्रीमति राधारानी से यही प्रार्थना है कि गुरू महाराज को खूब लम्बी आयु दें और शरीर स्वस्थ रखें। जिससे मेरे जैसे कुटिल जीवों का अधिक से अधिक मात्रा में उद्धार हो सके।

गुरू महिमा गावस सदा, मन राखो अविमोद।
सो भव फिर आते नहीं, बैठे प्रभु की गोद।।

जो प्राणी गुरू की महिमा का सदैव बखान करता है और उनके आदेशों का प्रसन्नता पूर्वक पालन करता है। उस प्राणी का पुनः इस भव बन्धन रूपी संसार में आगमन नहीं होता।

संसार के भव चक्र से मुक्त होकर बैकुण्ठ लोक को प्राप्त होता है। श्री गुरू महाराज जी की कृपा समान रूप सभी के ऊपर बरस रही है। इसलिए गुरू महाराज से प्रार्थना है कि उस कृपा को लेने के लिए मुझमें पात्रता प्रदान करने की कृपा करें।

आपका नालायक दास

हरिनाम दास

इन्द्राणी देवी दासी

परम् पूज्य गुरूदेव के चरणो में मेरा कोटी कोटी प्रणाम !

गुरूदेव आपको जन्म दिवस की बहुत बहुत बधाई !!

मेरी भगवान श्री श्री गौर राधा कृष्ण से दोनो कर जोडकर यही प्रार्थना है कि वह आपको स्वस्थ शरीर व दीर्घ आयु प्रदान करे।

गुरूदेव आपके जैसे महापुरूष के विषय में कुछ लिख पाना मेरी सामर्थ्य से बाहर है। फिर भी जैसे नन्हा शिशु आकाश कुसुम पाने को हाथ बढा देता है, मछली समुद्र की थाह लेने दौड पडती है उसी प्रकार यह लेखनी भी अपनी लघु सामर्थ्य को विस्तृत कर आप ही का चरणाश्रय लेकर श्वेत पथ पर दौड़ पड़ी है।

गुरूदेव आपके प्राकट्य से यह उधमपुर शहर अब उधमपुर धाम हो गया है। भगवती वसुन्धरा का यह गौरव है कि समय समय पर यहाँ आपके जैसे सन्त अवतरित होते रहते हैं। जिससे हमारा देश चिर पुरातन काल से विश्व के जगद्गुरू पद पर आसीन है। आप सनातन धर्म की रक्षा व प्रचार के लिए कठोर परिश्रम करते हैं।

गुरूदेव कई बार मन में यह विचार आता है कि यदि आपका प्राकट्य नहीं होता तो मेरा जीवन पशुओं की भाति व्यर्थ चला जाता।

आते ना वे परमेश जो,
गुरूदेव के आकार में,
रहता अन्धेरा ही अन्धेरा,
मोह का संसार में,
होते सभी रत भोग में
अपना ही स्वार्थ साधते !
है कौन निष्कामी बना
देता लगा उपकार में
अन्तःकरण तमनाश हित
निज वचण किरण प्रकाशि कै
है इस तरह से कौन लगता
जीव के कल्याण में

गुरू देव के चरणारबिन्दो की
शरण जब तक ना ली
दिन जिन्दगी के इस तरह
कितने गये बेकार में
वे है दयालूदीन वत्सल
राम संशय छोड दे
तेरा भला हो जाऐगा
तू रह पडा दरबार में

शिष्य के लिए उसके गुरू भगवान ही है

"भकत्यैकयेशं गुरूदेवतात्मा"

इन शब्दों का यही तात्पर्य है कि सदगुरू के रूप में भगवान ही जीवों पर कृपा कर रहे हैं और प्रत्येक शिष्य की अपने गुरू में ऐसी ही श्रद्धा होनी चाहिए।

गुरूदेव भगवान की कृपा का अवतार आप ही हैं। आप कितने अलौकिक हैं ये साधारण जीव की बुद्धि का विषय नही हैं। साधारण जीव तो आपको समझ ही नहीं सकता, क्योंकि आप सदैव अपनी दिव्यता को छिपाकर ही रखते हैं। परन्तु समय समय पर भगवान आपके दिव्य गुणो को बीच बीच में प्रकट करते रहते हैं।

वन्दो श्री गुरू पदकमल
आश्रित प्राण आधार।
भक्ति ज्ञान वैराग्य प्रद
भव निस्तारण हार।।

"मैं अपने गुरूदेव के चरण कमलो की वन्दना करती हूँ जो आश्रितजनों के प्राणाधार हैं। भक्ति, ज्ञान, वैराग्य प्रदान करने वाले है तथा भवसागर से पार करने वाले हैं।"

गुरूदेव भवसागर से पार उतरने का सरलतम उपाय है, आपके चरणो का आश्रय व सेवा!!

गुरूदेव के चरणो का आश्रय लेकर जीव सरलता से गौखुर के समान भव सागर से पार उतर जाता है।

महाराज जी आपसे बस यही प्रार्थना है अगर हमसे कोई भूल हो जाए तो आप कृपा करके अपने सहज क्षमाशील स्वभाव से उसे क्षमा कर दीजिएगा, क्योंकि मेरे जीवन का एकमात्र सम्बल आपके चरणारविन्द ही हैं। आपके चरणों को छोडकर इस संसार में मेरा और कोई आश्रय नहीं है।

गुरूदेव अगर मुझसे जाने अनजाने में कोई अपराध आपके चरणो में हुआ हो तो आप उसे क्षमा कर दीजिए तथा ऐसी शक्ति व सामर्थ्य प्रदान कीजिए। मैं आपकी सभी आज्ञाओ का शत प्रतिशत पालन कर सकूँ तथा इसी जन्म में भगवतप्राप्ति कर सकूँ। अन्त में एक बार फिर आपके जन्म दिवस की बहुत बहुत बधाई।

सत् गुरूदेव महाराज की जय! श्रील् प्रभूपाद महाराज की जय!

आपकी चरणाश्रित

इन्द्राणी देवी दासी

उधमपुर

जगतपति दास

नमः ऊँ विष्णुपादाय कृष्णप्रेष्ठाय भूतले,
श्रीमते नवयोगेन्द्र स्वामिन् इति नामिने।
नमस्ते प्रभुपाद् देवे नाम संकीर्तन प्रचारिणे,
निर्विशेष शून्यवादी समस्त देश तारिणे।।

परम पूज्यनीय व बन्दनीय श्री गुरु देव महाराज जी के ७१वें प्रकट दिवस पर मे श्री गौर राधा कृष्ण भगवान, श्री सीता राम लक्ष्मण हनुमान, श्री नर सिंह देव प्रहलाद महाराज, श्री गौर निताय पंच तत्व, श्री जगन्नाथ बलदेव सुभद्रा माता से कोटि-२ निवेदन करता हूँ कि वे सभी श्री गुरु जी को दीर्घायु प्रदान करे।

आज का दिन हम सब के लिए बहुत ही शुभ है। क्योंकि इस दिन श्री गुरु जी ने हम पतितों पर कृपा करने के लिए इस पवित्र धरा धाम पर प्रकट हुए। मैं श्री गुरु चरणों में कोटि-२ बन्दन करता हूँ और करता रहूँगा।

श्री गुरु जी के बारे में कुछ लिखना या बोलना तो सूर्य के सामने दीपक जलाने जैसा होगा। भला मुझ पतित जीव में कहाँ सामर्थ्य है कि मैं श्री गुरु जी के बारे में कुछ लिख सकूँ। अन्त में श्री गुरु महाराज जी को कोटि-२ नमन करता हूँ।

जय गुरु देव जय प्रभुपाद गुरु गोबिन्द दोउ खड़े काके लागूं पांव बलिहारी गुरु आपकी गोंविन्द दियों बतायां

आपका पतित अधम दास

जगतपति दास

उधमपुर

कृष्ण गोपाल दास

परम पूज्य गुरूदेव

आपके शुभ चरणों में कोटि कोटि प्रणाम।

नमः ऊँ विष्णुपादाय कृष्णप्रेष्ठाय भूतले,
श्रीमते नवयोगेन्द्र स्वामिन् इति नामिने।
नमस्ते प्रभुपाद् देवे नाम संकीर्तन प्रचारिणे,
निर्विशेष शून्यवादी समस्त देश तारिणे।।

पूरे वर्ष में व्यास पूजा का दिन हमारे लिए सबसे शुभ दिन है। इससे बढ़कर जीवन में कोई उत्सव नहीं इससे बड़ी कोई खुशी नहीं इससे बड़ कोई वरदान नहीं। गुरूदेव जब से आपके सुन्दर युगल चरणों का आश्रय मिला है जीवन की सभी कामना पूर्ण हो गयी।

सतगुरू मिले जिन्दगी मिल गयी है।
मुरझाई दिल की कली खिल गई है।''

मेरे प्यारे गुरूदेव बस ऐसी ही कृपा बनाये रखिए कि ये तुच्छ जीव किसी भी परिस्थिति में आपके चरणों का आश्रय न छोड़े। नितप्रति श्री चरणों में प्रीति और श्रद्धा बढ़ती रहे, कभी भी किसी भी परिस्थिति में श्रद्धा में कमी न ये ही विनम्र प्रार्थना है आपके चरण मुझे इतने सुन्दर लगें कि मेरे प्राण बन जायें। इन चरणों में ही मेरा जीवन हो, इन चरणों के लिए ही मेरी मृत्यु हो, इन चरणों के बिना मुझे एक क्षण भी चैन न आये, इनके बिना एक क्षण भी न रह सकूँ, आपके चरण ही मेरे सर्वस्व हों यही मेरी जिन्दगी हों क्योंकि इससे बड़ा कोई तीर्थ नहीं। इनसे बड़ा कोई धर्म नहीं, सारे वेद पुराणों का यही सार है।

भगवान श्री कृष्ण ने उद्धव से कहा है

''आचार्यं मां विजामीयान्नावमन्येत कहिचित्
न मर्त्युवुध्यासूचेत सर्व देव भयोगुरूः।।''
गुरू बिनु भवनिधि तरई न कोई।
जो विरंचि शंभु सम होई।।

मेरे परम आराध्य गुरूदेव से बार बार यही प्रार्थना है कि समस्त अपराधों को क्षमा कर सदैव कृपा बनाये रखें।

आपका तुच्छ सेवक
कृष्ण गोपाल दास
नरसिंह पुजारी, उधमपुर

कृष्णमोहन दास

परम पूजनीय सतगुरूदेव महाराज! आपके चरण कमलों में कोटि-कोटि प्रणाम। आपके जन्मदिन पर मैं मन, वाणी कर्म से हार्दिक अभिन्नदन और स्वागत करता हूँ।

हे गुरूदेव! मैं बहुत पतित जीव हूँ। मैंने जब भी आपकी आज्ञा का उल्लघंन किया है जब आपने सपने में आकर मुझे थप्पड़ मारा और मुझे कहा, चल सेवा कर और मुझे अपनी गलती का अहसास हुआ।

हे गुरूदेव! मैं कई केन्द्रों में गया, पर मेरा मन कहीं नहीं लगा। बार बार आपकी याद आती थी। हे गुरूदेव! आप पतित जीवों का उद्धार करने के लिए इस धरा धाम पर प्रकट हुए

हैं। मेरे से जो भी गलती हुई है, उसके लिए मैं आपसे क्षमा चाहता हूँ। आप भगवान के शुद्ध भक्त हैं आपकी कृपा से एक बात समझ में आई है कि गुरू आज्ञा में रह कर ही मैं भक्ति में कुछ प्रगति कर सकता हूँ।

आपका चरणाश्रित

कृष्णमोहन दास

उधमपुर

मीनाक्षी देवी दासी

बन्दऊँ गुरु पद कम्ज कृपा सिन्धु नर रुप हरि

महा मोह तम पुंज जासु वचन रवि कर निकर

मेरे परम आराध्य गुरुदेव आपके ७१ वें जन्मदिवस के उपलक्ष्य में आपको बहुत-बहुत बधाई। मेरी भगवान् के चरण कमलों में प्रार्थना है कि आप स्वस्थ शरीर एवं दीर्घायु हों। करुणा सागर, शरणागत वत्सल भगवान् ही अपनी प्राप्ति का मार्ग अति सहज बनााने के लिये गुरुदेव के रुप में अवतरित होते हैं। हे गुरुदेव! आपके गुणों का भला मैं कैसे वर्णन कर सकती हूँ ? भगवान् व श्री गुरुदेव की महिमा अगाध समुद्र की भाँति है, फिर भी इस व्यास पूजा के मंगल अवसर पर हम सभी क्षुद्र बुद्धि क्षमतानुसार अपनी वाणी को पवित्र करने के लिये कुछ वर्णन करते हैं। आपका सम्पूर्ण जीवन तो भक्ति रस से ओतप्रोत सद्‌गुणों की एक पवित्र गाथा है।

"काकी है सामर्थ्य भला रसिकन गुण गावै

वे ही करे कृपा निज गुणतै भलि बीन आवै"

हे गुरुदेव! आप जैसे सन्तों के जन्म लेने का अपना कोई उद्‌देश्य या स्वार्थ नहीं है, आप तो भगवत् प्राप्त हैं, पूर्ण काम हैं।

आप बद्ध आत्माओं की अत्यन्त दयनीय दशा को देखकर करुणा परवश होकर उनके चिर कल्याण का संकल्प लेकर आते हैं। अपने सम्पर्क में आने वाली सभी आत्माओं को येने केन प्रकारेण भगवतप्राप्ती के पथ पर ले जाने के लिये ही निरन्तर लगे रहते हैं।

हे मेरे परम प्रिय गुरुदेव! भगवान् ने अपनी अहैतुकी कृपा करके मुझे आपके दर्शन, सेवा, सानिध्य एवं आशीर्वाद की छांव में इस तरह से सुरक्षित रखा है जैसे एक बालक अपनी माँ की गोद में रहता है, परन्तु मेरा दुर्भाग्य कि आपके संग का कोई लाभ नहीं प्राप्त कर पा रही हूँ जो करना चाहिये था।

हे मेरे सहज करुणामय गुरुदेव! मुझे आपके श्रीचरणों का ही एकमात्र सहारा है, मैं जैसी भी हूँ आपकी शरण में हूँ। महत्‌जन तो शरण में आये के गुण दोषों को विचारें बिना ही निर्वाह करते हैं। मुझे अपने वास्तविक हित का भी ज्ञान नहीं। आप ही इस संसार में मेरे सच्चे हितैषी हैं अतः मेरा जिस किसी प्रकार भी आप हित समझे उसी तरह मेरी संभाल करे, मैं निरन्तर

आपके चरणों से ही लगे रहना चाहती हूँ। आप मुझे कभी भी आपके चरणों से अलग नहीं करना, आपके चरणों का सहारा छोड़कर हजार जन्म का साधन भी मुझे भगवान् तक नहीं पहुँचा सकता।

गुरुदेव! आपके हृदय में प्रेम का अगाध समुद्र निरन्तर हिलोरे लेते रहता है, इसी कारण से कई बार भगवन्नाम लेते हुये आपकी वाणी अवरुद्ध हो जाती है और आपके लिये भावों का संवरण करना कठिन हो जाता है। आप कलिपावनावतार गौर हरि के निज परिकर हैं। आपका गौर-निताई के प्रति अद्वितीय प्रेम है, इसीलिये आपका नाम भी ''नित्यानन्दपाद्'' है।

हे मेरे अदोषदर्शी गुरुदेव! मेरे द्वारा आपके चरणों में जाने अनजाने में हुये समस्त अपराधों को आप क्षमा कर दीजियेगा, मैं भाव, भक्ति आदि इन विषयों में सर्वथा अनभिज्ञ हूँ, आप ही अपनी अनुकम्पा के द्वारा मुझे इसी जन्म में वहाँ तक पहुँचा दीजिये जहाँ जाना मानव जीवन की सार्थकता हैं।

''ओहे गुरुदेव तव श्री चरण, सेवि येन आमि जनम जनम
एइ आशीर्वाद याचि अभाजन, तव चरणे स्थान चाय''

आपकी कृपा अभिलाषी,
मीनाक्षी देवी दासी
श्रील् प्रभुपाद् आश्रम उधमपुर

संजीवनी देवी दासी

नमः ऊँ विष्णुपादाय कृष्णप्रेष्ठाय भूतले,
श्रीमते नवयोगेन्द्र स्वामिन् इति नामिने।
नमस्ते प्रभुपाद् देवे नाम संकीर्तन प्रचारिणे,
निर्विशेष शून्यवादी समस्त देश तारिणे।।

गुरूदेव आपके कमल रूपी चरणों में मेरा कोटि कोटि प्रणाम। आपके जन्म दिवस पर आपको हार्दिक बधाई। मैं श्री श्री गौर राधा कृष्ण भगवान से यही प्रार्थना करती हूँ कि वे आपको दीर्घायु प्रदान करें जिससे आप करोड़ों बद्ध आत्माओं का उद्धार कर उन्हें कृष्ण भक्ति में लगाये।

हे गुरूदेव! आप हमारे जन्म जन्मातरों के स्वामी हैं आपकी कृपा से जीव भौतिकता रूपी भवसागर से पार हो सकते हैं।

हे गुरूदेव आप मुझे अपने चरण कमलों से कभी दूर मत कीजिए। आपके चरण कमल ही सर्वस्व हैं इसलिए मैं आपकी कृपा पर ही आश्रित हूँ।

गुरूदव कृपा बिन्दु दिया करो एइ दासे
तृणा पेक्षा अति हीन
सकल सहने बल दिया करो

निज मने स्पृहा हीन
योग्यता विचारे किछु नहीं पाइ
तोमार करूणा सार।
करूणा ना हइबे कॉदियां कॉदिया
प्राण ना राखिबो आर

आपकी कृपा अभिलाषी
संजीवनी देवी दासी
उधमपुर

सौदामिनी देवी दासी

ॐ अज्ञान तिमिरान्धस्य ज्ञानान्जनशलाकया।
चक्षुरून्मीलितं येन तस्मै श्री गुरूवे नमः।।

'घोर अज्ञान के अंधकार से मेरी आँखें बन्द पड़ी हुई थी। मेरे गुरू ने ज्ञान रूपी प्रकाश से मेरी आँखें खोल दी मैं उन्हें सादर नमस्कार करती हूँ।

हमारे प्यारे से गुरू महाराज जी के प्यारे सुकोमल चरणों में भक्ति एवं श्रद्धा पूर्वक कोटि कोटि दण्डवत् प्रणाम।

हे गुरूदेव व्यास पूजा की इस पावन बेला पर आपको हार्दिक शुभकामनाएँ। मैं श्री श्री गौर राधा कृष्ण भगवान, श्री सीता राम लक्ष्मण हनुमान, श्री नरसिंह देव, प्रहलाद् महाराज जी से प्रार्थना करती हूँ कि वे आपको दीर्घायु प्रदान करें। जिससे आप मुझ जैसी लाखों पतित जीवात्माओं को अन्धकार भरी जिन्दगी से निकालकर जीवन के वास्तविक लक्ष्य यानि कृष्ण भक्ति में लगायें। मैं भगवान श्रीकृष्ण का कोटिशः धन्यवाद करती हूँ जिनकी कृपा से हमें आप जैसे महान गुरू मिले। हे दयालु गुरूदेव! आप अपनी कृपा का वरद हस्त मेरे मस्तक पर रख दीजिए आपकी कृपा के बिना भगवान से मिलने का और कोई सहारा नहीं है।

हे गुरूदेव! आप भक्ति रूपी भवन की नींव हैं। आपकी कृपा से ही भगवान की प्रेम भक्ति एवं चिन्मय सेवा प्राप्त हो सकती है।

हे गुरूदेव! आप मेरा मन शुद्ध करके मुझे भगवान की शुद्ध भक्ति प्रदान कीजिए।

हे गुरूदेव! मुझे दिव्य दृष्टि प्रदान करें जिससे मैं सर्वत्र कृष्ण के सिवा और कोई सहारा न देखूँ।

हे गुरूदेव! मुझे यही वरदान दीजिए कि आपके चरण कमल ही मेरी गति बन जायें और उनसे मेरी प्रीति हो जाये और आपकी आज्ञा पालन ही मेरा ध्येय हो। आपके चरण कमलों में

मेरी निष्ठा और आस्था दृढ़ बनी रहे जिससे मैं इसी जन्म मे भगवान की शुद्ध भक्ति प्राप्त करके भगवान के चिन्मय धाम को प्राप्त करूँ।

ये सब आप कृपा से ही सभव है। हे गुरूदेव! जाने अनजाने में कोई अपराध आपके चरणों में हो गए हों तो मुझे क्षमा कर देना।

आपके चरणों में आश्रित
सौदामिनी देवी दासी
उधमपुर

रुद्र दास

हरे कृष्ण ! श्री गुरु महाराज जी! आपके इस ७१ वीं प्राकट्य तिथि पर कृपया इस रुद्र दास (आपके शुद्र दास) का सादर दण्डवत् प्रणाम स्वीकार करें।

गुरु महाराज,

आपके प्रति मेरे हृदय के भावों को शब्दों में लिपिबद्ध करना अति कठिन कार्य है। न ही मुझ में इतनी योग्यता है कि आपके असीमित गुणों का मैं वर्णन ही कर सकूँ। फिर भी आप की ही अहैतुकी कृपा से मैंने एक काव्य के माध्यम से अपने भाव व्यक्त करने का प्रयास किया है। आपकी जय जयकार हो।

श्रील् नित्यानन्दपाद पद्म स्त्रोत्र

नित्यानन्दपाद जय नित्यानन्दपाद ।२।
जगद्गुरु जय नित्यानन्दपाद ।२।

१ श्री गुरू गौरांग कृपा पात्र परम्
शुद्ध भक्ति अडिग ब्रह्मचर्य धरम्
निष्काम करम् गुरू भक्त परम्
प्रणमामि नित्यानन्दपाद पद्म

२ लिए जात सततं हरीनाम सुखम्
सदा गाए सरस भजनम् मधुरम्
तव कण्ठ बसें सविता सरितम्
प्रणमामि नित्यानन्दपाद पद्म

३ अति प्रिय लगै वैष्णव रचना
अश्रुधार बहे, रुके रसना
सब भाव छिपाए न छिपे रूदनम्
प्रणमामि नित्यानन्दपाद पद्म

४ हदये में धरे सदा गुरु चरण
प्रति श्वास करे वह चरण स्मरण
परमानन्द प्रद श्री गुरू चरितम्
प्रणमामि नित्यानन्दपाद पद्म

५ अति सरस सुकोमल स्वभाव सरल
निष्कपट, महासिद्ध, कवि परम्
और दयानिधान अति करुणामयम्
प्रणमामि नित्यानन्दपाद पद्म

६ श्री कृष्ण गुण, लीला, रूपम्
बखान करें अवरुद्ध कण्ठम्
नाना भाव उपजे बहे नयनम्
प्रणमामि नित्यानन्दपाद पद्म

७ विरह में कातर प्राण हुए
प्रभुपाद जब निज धाम गए
तपस्वी भयम् स्वीकारें फलम्
प्रणमामि नित्यानन्दपाद पद्म

८ यदी सकल विश्व दिग् भ्रमित भए
प्रभुपाद जी कि शिक्षा में फ़ेर हुए
सिखलाएँ तब निष्काम करम
प्रणमामि नित्यानन्दपाद पद्म

९ प्रपंच सहे अति कष्ट भरे
जीवन में कईं कटु वचन सुने
सहिष्णु स्वभाव अति दीन चरितम्
प्रणमामि नित्यानन्दपाद पद्म

१० श्री गौर राधा कृष्ण युगल चरण
प्रयत्न करें करे विश्व वरण
सर्व जग प्रचार करें सततम्
प्रणमामि नित्यानन्दपाद पद्म

११ राधा कृपा के प्रगट अवतार हुए
हृदय में दया के भण्डार भरे
गौर करुणा प्रकटी उधमपुर नगरम्
प्रणमामि नित्यानन्दपाद पद्म

श्रील् नित्यानन्दपाद गोस्वामी श्री गुरु महाराज की जय!

आपका शुद्र दास,
रुद्र दास
उधमपुर



Vyasa-Puja Homages from Srila Prabhupada International Gurukul



Sunil Kumar

Namah Om Vishnu Padaya Krishna Presthaya Bhutale
Srimate Nava Yogendra Swami Iti Namine
Namaste Prabhupada Deve Namsankirtan Pracharine
Nirvishesha Shunya Vadi Samasta Desha Tarine

Our most respected merciful Gurudev, I offer my humble obeisances unto your divine lotus feet which are the only shelter for the most fallen soul like me.

HAPPY APPEARANCE DAY TO YOU.

This day is most important for us because on this day you descended on this earth to uplift the fallen souls and take them back to Godhead. So I also bow my head before this day and welcome it.

"Brahmanda Bhramite Kono Bhagyavan jiva
Guru Krishan Prasad paya Bhakti lata bije."

Wandering and wandering in lakhs of universe in the species of life a jiva who is most fortunate receives the seed of the bhakti creeper by the mercy of guru and Krishna.

Maharaj ji you are the purest devotee of lord Krishna. You are so very humble kind and merciful. You even show your mercy on sinners like me.

I always pray to Sri Sri Gaur Radha Krishna, Sri Sri Sita Ram Laxman Hanuman, Sri Sri Gaur Nitai that we always get the blessings, guidance and love of our Gurudev by which we can attain our aim of life.

Jai Gurudev.

Jai Prabhupada.

Very Very fallen soul (dog of your door)
Sunil Kumar
Class-B.sc (part 1st)
S.P.I.G., Udhampur

Saikat

Respected Gurudev

Please accept my humble obeisance at your lotus feet. Also accept my heartiest congratulation on your appearance day.

I pray to Sri-Sri Gaur Radha Krishna to provide you with healthy living and long life.

Gurudev, you are very kind hearted thus you opened a Gurukul for us. But I am very vicious boy of the Gurukul. Guru ji I have done many reprehensible works in the Gurukul.

I really beg sorry for all these bad works. Gurudev you are so merciful. I humbly requested to you to please forgive me from all reprehensible work.

On this auspicious day I would like to thank you for your unlimited mercy. You are so pure that my words cannot glorify you.

Gurudev you are the only one who changed my life. Gurudev you are my spiritual master, my life, soul and great spiritual father.

Guru ji please give me your blessing and mercy so that I can abandon all my bad habits.

Once again I wish you many many happy return of the day.

HAPPY BIRTHDAY TO YOU
JAI GURUDEV

Your insingnificant servant
Saikat
Class-10th
S.P.I.G., Udhampur

Kuldeep Raj Bali

Respected Gurudev,

Please accept my humble obeisances at your lotus feet. Also accept my heartiest congratulations on your 71st birth anniversary. My prayers to Gaur Radha Krishna are to provide you with healthy living and long life. I am so unqualified, but by your mercy I can approach Krishna. You have saved me from the material world. You care and direct me even though I am so fallen.

Your love for all of us is spiritual and unconditional. You have always taken care of me by helping me remain in my spiritual life. Besides this, I will try my best to follow you in future as my well wisher. At last, I pray to you to forgive my offences which I had committed in the past, and always be kind to this insignificant and fallen soul.

Your servant,
Kuldeep Raj Bali
Class-10th
S.P.I.G., Udhampur

Kanhaiya

My dear Guru Maharaj

I wish you happy birthday on your Vyasa Puja day and I also pray to Sri Sri Gaur Radha Krishna Bhagwan that you may live a long life.

In this Gurukul, you teach us both spiritual and material education, which is very important in this age. I also thank you for giving us everything free of cost, which is very rare in this age. You also gave us Bhagwad Bhakti that nobody else can give. Guru Maharaj, you have given me the treasure that I can also preach. I also pray that you never suffer from any kashta. I do Bhagwad Bhakti in your shelter. You are my Spiritual Master. I am servant of your lotus feet. It is very important to have Guru Maharaj in our life. I also thank you for giving me sweets and chocolates. My life will be full of Bhagwad Prem. When I will do harinaam sankirtan, for this I need your blessing and mercy. Now I feel change in my life, but still I have anger and pride, but I know you will remove all this.

Thank you

Your servant,
Kanhaiya
Class-8th
S.P.I.G., Udhampur

Shashank Dewangan

Namah Om Vishnu Padaya Krishna Presthaya Bhutale
Srimate Nava Yogendra Swami Iti Namine
Namaste Prabhupada Deve Namsankirtan Pracharine
Nirvishesha Shunya Vadi Samasta Desha Tarine

Dearest Gurudev,

Sri guru chrane rati, eise uttama gaty.

My loving spiritual master, my life and soul, my eternal spiritual father please accept my most humble obeisance at the dust of your lotus feet which can give shelter to everyone in this world who are agitated and disturbed by the influence of kaliyuga.

On your 71st appearance day on this earth I pray to Sri Sri Gaur Radha Krishna Bhagwan to please keep you in best of health because during last couple of months you suffered tremendous pain due to my sinful activities.

Gurudev you are aware of my conditioned state. I am the most wretch and most unworthy disciple. Without your causeless mercy I can never be able to advance in devotional service. You are so kind that you want to take all of your disciples back home 'Back To Godhead', but my heart is filthy and filled with lusty desires. My sinful mind has totally shadowed my intelligence.

Even though offenses are constantly committed at your lotus feet, you still bestow your blessings upon us. Sri Gurudev you are just like Lord Nityananda. May my stone heart melt in the glow of your compassion.

May my mind also become deep in love for Sri Sri Gaur Nitai and yourself and thus be a source of ecstasy in this life.

All glories of Sri Vyasa Puja Maha Mahotsava.

Always your son and disciple,
Shashank Dewangan
Class-9th, S.P.I.G. Udhampur

Vikram Singh

My dear Guru Maharaj

I wish you happy birthday on you Vyasa Puja and I also pray to Sri Sri Gaur Radha Krishna Bhagwan that you may live long life.

In this Gurukul you teach us both spiritual and material education which is very important in this age. I also thank you for giving us everything free of cost which is very rare in this age. You also had given us Bhagwad Bhakti that nobody can give me. Guru Maharaj you have given me the treasure that I can also preach. I also pray that you never suffer from any kashta. I want to do Bhagwad Bhakti in your shelter. You are my spiritual master. I am servant of your lotus feet. It is very important to have Guru Maharaj in our life. I also thank you for giving me sweets and chocolates. When will my life be full of Bhagwad Prema. When will I do hari naam sankirtan for this. I need your blessing and mercy. Now I feel change in my life but still I have anger and proud but I know you will remove this all.

Your servant
Vikram Singh
Class-10th, S.P.I.G., Udhampur

Jagat Guru

Param Pujya Gurudev

Maharaj ji, I wish you happy return of the day.

HAPPY BIRTHDAY TO YOU, Maharaj ji.

We love you so much. I am so lucky to have you. You love us and give us everything, thank you a lot for everything. Weather I fight or do any mischief, but you always love us and give us toffees and sweets. Maharaj ji, you are best of all. I love you so much, thank you Maharaj ji.

Your son,
Jagat Guru
Class-1st, S.P.I.G., Udhampur

पार्थ

परम पूजनीय गुरूदेव!

सर्वप्रथम आपके श्री चरणों में सादर प्रणाम! आपके जन्मोत्सव के इस दिव्य अवसर पर मैं श्री श्री गौर राधा कृष्ण भगवान से प्रार्थना करता हूँ कि आपका स्वास्थ्य ठीक रहे। आपकी दया दृष्टि से भटके हुए जीवों को कृष्ण की सेवा का सुअवसर प्राप्त हो रहा है। ये दिव्य सेवा सतगुरू की कृपा के बिना सम्भव नहीं है। आपकी कृपा से मुझे भगवान और भक्तों की सेवा का सुअवसर प्राप्त हुआ है। इस अधम को आपने इस योग्य समझा यह मेरा सौभाग्य है। मैं जन्म जन्म से भटक रहा हूँ, गुरू जी अब पार लगा दीजिए। जीवन की डोरी आपके हाथों में सौंपी है, अब मैं निश्‍चित हूँ, बस आप पर भरोसा है।

जय गुरूदेव!

आए जो आप इस धरा पर, ये धरा भी धाम हो गए।
हम जैसे पतितों के, दुर्भाग्य भी सौभाग्य हो गए।
मिले जो कुछ आपसे, बंद किस्मत के ताले खुल गए।
हुई जो कृपा की दृष्टि, हम दिव्य रस में गीले हो गए।

आपका दास
पार्थ
कक्षा ग्यारवीं, उधमपुर गुरुकुल

अजय सिंह

जय गुरूदेव

परम पूजनीय, श्री गुरू महाराज आप भगवान श्री कृष्ण के शुद्ध भक्त हैं। आपके चरण कमलों में मेरा कोटि-कोटि प्रणाम है।

व्यास पूजा के इस शुभ अवसर पर मैं आपके चरण कमलों में अत्यन्त भक्ति एवं श्रद्ध ापूर्वक प्रणाम करता हूँ। आज मेरे लिए अत्यन्त प्रसन्नता का दिन है। जब आप जैसे पतित पावन संत इस धरती पर अवतरित हुए। मुझे अपना आर्शीवाद दीजिए, जिससे मैं अपराध करने से बच सकूँ तथा अन्तिम समय तक आपके चरणों का दास बना रहूँ।

आपका
अजय सिंह
कक्षा : सातवीं
उधमपुर गुरुकुल

अजय सिंह

जय गुरूदेव

आदरणीय गुरू महाराज जी

आज आपका जन्मदिन है, आप गोलोक वृन्दावन धाम से आये हैं। मैं यहाँ पर लगभग एक साल से आराम से रह रहा हूँ। मुझे हर एक चीज मंदिर से मिलती है। मेरे माता-पिता आप हैं जितनी भी नई चीजें यहाँ खाने को मिलती हैं, घर में इन चीजों का नाम कभी नहीं सुना था। हमें कुन्ती माता जी गोविन्दा रैस्टोरैंट में जाकर अच्छे पकवान जैसे : डोसा, समोसा, बर्गर, मिठाईयाँ आदि खिलाती हैं। आज तक मैं घर में गंदे कपड़े पहन कर रहता था और पढ़ता था। गुरूकुल में जब आया तो मुझे बहुत अच्छा लगा। यहाँ गुरूदेव! आप जैसे सन्त दुनिया में बहुत भाग्य से मिलते हैं। हमारा भाग्य बहुत अच्छा था इसीलिए हमें आप जैसे संत की कृपा प्राप्त हो सकी। मैं परम परमेश्वर भगवान श्री कृष्ण से यही प्रार्थना करता हूँ कि आपकी जय जय कार और आपका यश तीनों लोकों में फैले। गुरूदेव! मेरा मन बहुत पाप करता है। हे गुरूदेव! मेरे में इतना पाप, हिंसा है जो मैं आपको बता नहीं सकता हूँ। इसलिए इस अधम पर कृपा करो। मुझ पापी पर अपनी कृपा बरसाइए, ताकि मैं फिर से भगवान श्रीकृष्ण की भक्ति कर सकूँ। आप तो बहुत दयालु हो मुझको अपने चरणों में स्थान दो ताकि मैं इस मोह माया में न फंस सकूँ। आपकी कृपा से ही मैं कृष्ण भक्ति में तर पाया हूँ। मुझे इतनी शक्ति दीजिए कि मैं अपने परम पिता श्री कृष्ण को प्राप्त कर सकूँ। मैं तो एक दीन और एक पतित जीव हूँ। मेरे अंदर भक्ति नाम की कोई चीज नहीं है। कृप्या आप मेरा उद्धार कीजिए।

आपका पतित दास
अजय सिंह
कक्षा आठवीं
उधमपुर गुरुकुल

आनन्द

नमः ॐ विष्णुपादाय कृष्णप्रेष्ठाय भूतले,
श्रीमते नवयोगेन्द्र स्वामिन् इति नामिने।
नमस्ते प्रभुपाद् देवे नाम संकीर्तन प्रचारिणे,
निर्विशेष शून्यवादी समस्त देश तारिणे।।

ॐ अज्ञान तिमिरान्धस्य ज्ञानान्जनशलाकया!
चक्षरून्मीलितं येन तस्मै श्री गुरवै नमः !!

श्रील नित्यानन्द गोस्वामी जी महाराज!

मेरा आपके चरणो में सादर प्रणाम है।

मैं आपकी लीलाओं का गुणगान करने में समर्थ नही हूँ क्योंकि मैं महापापी, अभिमानी, महादुष्ट और अपराधी हूँ। मुझसे प्रतिदिन अंसख्य अपराध होते हैं। परन्तु आपकी दृष्टि मात्र से ही मुझमें सुंदर भाव उत्पन्न हो जाते हैं, यह तो आपकी लीला ही हो सकती है। आज मेरे लिए अत्यंत प्रसन्नता का दिन है, जब आप जैसे पतितपावन संत इस धरा पर अवतरित हुए। मैं अपनी दूषित जिव्हा से किस प्रकार आपका गुणगाान करूँ। यह तो मेरी समझ से बाहर है। मैं अपनी आत्मशुद्धि के लिए आपका यशोगान करना चाहता हूँ। आप श्रील प्रभुपाद जी के शिष्य है और उनकी आज्ञा का पालन करने के लिए पाश्चात्य देशों में हरिनाम का प्रचार कर रहे है। आप श्री कृष्ण चैतन्य महाप्रभु की भविष्यवाणी को पूरा करने के लिए इस संसार के नगर, गांव, शहर में हरिनाम का प्रचार कर रहे हैं और मुझ जैसा पतित जीव आपको कहीं पर भी नहीं मिलेगा। मेरे कई जन्म हुए, उन जन्मो में मैने बहुत पाप किऐ हैं, उनकी कोई गणना नहीं है। आपने बडी कृपा एवं दया करके मुझे अपनी शरण में लिया है, मेरा मन जप में नहीं लगता, लेकिन अब आपकी कृपा से थोडा थोडा जप में लग रहा है। मैंने इस जन्म में भी बहुत पाप किये हैं लेकिन मेरी आपसे प्रार्थना है कि आपकी कृपा से मुझे भगवान श्री कृष्ण की प्राप्ति हो सकती है। आपने मेरी बन्द आंखो को खोला और मेरे हृदय में दिव्य ज्ञान का प्रकाश किया। मैं आपको सादर प्रणाम करता हूँ। मैं इस संसार से प्रभावित होकर पापकर्म कर रहा हूँ लेकिन किसी पुण्य के प्रभाव से भगवान ने मुझे आपके पास भेज दिया। मैं छह दोष काम, क्रोध, लोभ, मोह, मद, मत्सर से पीड़ित हूँ । मेरी आपके चरणो में प्रार्थना है कि आप मुझे इन दोषों से मुक्त कर दो। आप भगवान श्रीकृष्ण के महान पार्षद और परम् प्रिय भक्त है, आपकी कृपा से प्रत्येक जीव इन संसार रूपी भवसागर को पार कर सकता है। आपसे मेरी प्रार्थना है कि आप मुझे अपने चरण कमलों का एक रज कण बना लीजिए, जिससे मैं आपकी तथा श्रीकृष्ण चैतन्य महाप्रभु की, नित्यानन्द प्रभु की कृपा प्राप्त कर सकूं। आप मेरे जैसे पतित दीन हीन पर कृपा करो। आपकी कृपा के बिना कुछ भी नही है। मैं मोह माया में फंसा हुआ जीव हूँ। आपके बिना कोई मुझे भगवान से नहीं मिला सकता। कृपया आप मुझे अपना शिष्य बना लीजिए। मैं आपका भक्त बनना चाहता हूँ, आप मुझे अपनी शरण में ले लीजिए। आप मुझे भगवान को पाने की विधि बताइये, आप मेरे दोषों को तथा पापों का क्षमा कर दो, मैं तो आपके द्वार का भिखारी हूँ। मोह माया के कारण में अपने लक्ष्य को तथा आप जैसे गुरू को नहीं समझ पा रहा हूँ तथा आप मेरी मोह माया छुडा दीजिऐ। आप बडे दयालू हो। मैं अपने इस जीवन को आखिरी जीवन बनाना चाहता हूँ। मुझे आप भगवान श्रीकृष्ण की प्राप्ति करा दो।

जय गुरूदेव

आपका तुच्छ दास
आनन्द
कक्षा बाहरवीं,
उधमपुर गुरुकुल

अंग्रेज सिंह

नमः ऊँ विष्णुपादाय कृष्णप्रेष्ठाय भूतले,
श्रीमते नवयोगेन्द्र स्वामिन् इति नामिने।
नमस्ते प्रभुपाद् देवे नाम संकीर्तन प्रचारिणे,
निर्विशेष शून्यवादी समस्त देश तारिणे।।

गुरूदेव! आपके जन्मदिवस पर आपको बहुत-बहुत शुभकामनायें।

आप इस तुच्छ सेवक का अपने चरण-कमलों में कोटि-कोटि प्रणाम स्वीकार करें। श्री गुरू महाराज जी हम पर आपकी बहुत-बहुत कृपा है। आपके दर्शन मात्र से सारे पाप, मन की मैल धुल जाती है। हे गुरूदेव! संसार दुखों का सागर है, परन्तु मुझ जैसा पापी इस संसार में कोई भी नहीं होगा। गुरूदेव मुझे इस भौतिक क्लेशों के महासागर से पार करके मुझे भगवद्प्राप्ति करवायें। गुरूदेव आपके गुणों का बखान वेद-पुराण हजारों मुखों से दिन रात करते रहें, परन्तु उनका अंत नहीं हो सकता। फिर मैं तुच्छ कैसे आपके गुणों का बखान कर सकता हूँ। कबीर जी ने सत्य ही कहा है –

गुरू की महिमा बहुत है, मोसो कहि न जाय।
तन-मन गुरू को सौंप के, चरनन बहूँ-रहूँ लिपटाये।।

गुरूदेव हमारी शुद्धि के लिए अज्ञान दूर करने के लिए केवल आप ही एकमात्र सहारा है। केवल आपके सम्पर्क में रहने से ही मन की शुद्धि हो सकती है। मेरे से जो भी अपराध हुए होंगे उसे क्षमा कर दो। जिससे कि मैं निरंतर कृष्ण भक्ति करता रहूँ। आपकी कृपा से जीव भौतिक संसार से पार हो सकता है। आप मुझ पतित को इस संसार से पार हो कर गोलोक धाम जाने के लिए योग्य बना दीजिए। आपके आश्रम में कितने अपराध करता रहता हूँ। गुरूदेव! लेकिन आपकी कृपा से मैं ठीक हो जाऊँगा। हे गुरूदेव! मेरा मन बहुत चंचल है।

आपका बदमाश बेटा
अंग्रेज सिंह
कक्षा ११वीं, उधमपुर गुरुकुल

अनिरूद्ध

प्रणाम गुरूदेव

Happy Birthday गुरूदेव आपकी कृपा से मैं यू.के.जी. में पहुँच गया हूँ। Happy with smile.

आपका शिष्य
अनिरूद्ध
कक्षा U.K.G., उधमपुर गुरुकुल

अनिश

नमः ॐ विष्णुपादाय कृष्णप्रेष्ठाय भूतले,
श्रीमते नवयोगेन्द्र स्वामिन् इति नामिने।
नमस्ते प्रभुपाद् देवे नाम संकीर्तन प्रचारिणे,
निर्विशेष शून्यवादी समस्त देश तारिणे।।

जय गुरूदेव

गुरूदेव के चरण कमल ही शुद्ध भक्ति का एकमात्र साधन है। मैं उनके चरण कमलों में अत्यन्त सतर्कता एवं ध्यानपूर्वक नतमस्तक होता हूँ। उनकी कृपा से हम भौतिक महासागर को पार कर सकते हैं तथा कृष्ण को प्राप्त कर सकते हैं।

उनके मुख कमल से निकले हुए शब्दों को अपने हृदय में पूर्णतया समा लें और इसके अलावा अन्य किसी वस्तु की इच्छा न करें। गुरू के चरणकमलों में अनुराग आध्यात्मिक प्रगति का सर्वश्रेष्ठ साधन है। उनकी कृपा से आध्यात्मिक सिद्धि के समस्त मनोरथ पूर्ण होता है।

जिन्होंने मेरी बन्द आँखों को दिव्य दृष्टि दी है वे जन्म-जन्मान्तरों तक मेरे प्रभु हैं। उनकी कृपा से हृदय में दिव्य ज्ञान प्रकट होता है, जिससे प्रेमाभक्ति का वरदान मिलता है और अविद्या का नाश होता है। वैदिक शास्त्र उनके चरित्र का गान करते हैं।

हे गुरूदेव! करूणा सिन्धु तथा पतित आत्माओं के मित्र! आप प्रत्येक के गुरू एवं सभी लोगों के जीवन हैं। हे गुरूदेव! मुझ पर दया कीजिए तथा मुझे अपने चरणों की छाया दीजिए। आपका यश तीनों लोकों में फैले।

अनिश

कक्षा आठवीं, उधमपुर गुरुकुल

अनितदास

नमः ॐ विष्णुपादाय कृष्णप्रेष्ठाय भूतले,
श्रीमते नवयोगेन्द्र स्वामिन् इति नामिने।
नमस्ते प्रभुपाद् देवे नाम संकीर्तन प्रचारिणे,
निर्विशेष शून्यवादी समस्त देश तारिणे।।

प्रिय गुरूदेव

हे गुरूदेव! आपको जन्मदिन पर हार्दिक शुभ कामनाएं। श्री श्री गौर राधा कृष्ण भगवान से मैं यही प्रार्थना करता हूँ कि आप दीर्घायु को प्राप्त हों। गुरूदेव! हमारे ऊपर अपनी कृपा बनाए रखें। आपकी कृपा से मैं भक्ति प्राप्त कर रहा हूँ। महाराज जी मुझे आर्शीवाद दीजिए कि मैं भगवान की नित्य सेवा कर सकूँ। मुझे अपने चरणों से दूर नहीं करना।

अनितदास

कक्षा चौथी

उधमपुर गुरुकुल

अर्जुन

नमः ॐ विष्णुपादाय कृष्णप्रेष्ठाय भूतले,
श्रीमते नवयोगेन्द्र स्वामिन् इति नामिने ।
नमस्ते प्रभुपाद् देवे नाम संकीर्तन प्रचारिणे,
निर्विशेष शून्यवादी समस्त देश तारिणे ।।

हे परम आराध्य गुरूदेव! आपके चरणों में इस मंदबुद्धि का कोटि-कोटि प्रणाम। गुरूदेव आपके इस पावन प्राकट्य तिथी पर बहुत-बहुत बधाई। मेरी गौर राधा कृष्ण भगवान के चरण कमलों में प्रार्थना है कि मेरे प्यारे गुरूदेव को दीर्घायु एवं स्वस्थ सुखमय जीवन प्रदान करें।

आज आपके हम सब शिष्यगण मिलकर जितना भी आपकी महिमा का गान करें उतना थोड़ा है। आपकी महिमा असीम है मेरे जैसे क्षुद्र जीव अनन्त जन्मों तक भी आपकी विमल विरदावली का अन्त नहीं पा सकते, आप परम वैष्णव हैं। हे मेरे गुरूदेव! आप करूणामय, दीन वत्सल तथा शरणागत का निर्वाह करने वाले हैं आपका हृदय श्री कृष्णप्रेम से लबालब भरा हुआ है। आपके दर्शन से हमारे हृदय में भक्ति का उत्साह आता है, हम माया बध्य पतित जीवों के प्रति आपके हृदय में अथाह करूणा है।

हे गुरूदेव! एक बार मुझ पर कृपा दृष्टि कर दो और मेरे हृदय की मलीनता एवं अंधकार का समूल नाश कर दो। गुरूदेव यद्यपि मैंने जीवन में अनेक पाप कर्म किए और मैं दोषों से भरा हूँ। आपके श्री चरणों में प्रार्थना है कि अपने इस तुच्छ को कभी मत निकालना और मेरे दुष्कर्मों के कारण मुझसे घृणा न करना। यद्यपि मैं इसी लायक हूँ। कब वो दिन आयेगा जब मैं आपकी कृपा की एक बूँद पाने के योग्य बन पाऊँगा। मैं केवल आपके चरणों में पड़ा रहना चाहता हूँ। मैं न साधन करता हूँ, न भजन करता हूँ, न सेवा हो पाती है और न भक्ति में रूचि है फिर भी निर्लज्ज की भान्ति आपकी कृपा की याचना कर रहा हूँ। कृप्या इस भिखारी को अपनी अहैतुकी कृपा की भिक्षा प्रदान करें। हे गुरूदेव! मैं बहुत पापी हूँ, फिर भी मैं आपकी कृपा प्राप्त करना चाहता हूँ, लेकिन अपने पापों के कारण आपकी कृपा नहीं ले पा रहा हूँ। गुरूदेव आपके जैसे सच्चे सन्त दुनिया में बहुत ही भाग्य से मिलते हैं। मेरा भाग्य शायद अच्छा था, इसलिए मुझे आप जैसे सतगुरू की कृपा प्राप्त हो सकी है। गुरूदेव! मैं एक नम्बर का बदमाश, पतित और अज्ञानी हूँ। मुझे सद्बुद्धि और ज्ञान प्रदान कीजिए जिससे मैं भक्ति में शीघ्र, अतिशीघ्र उन्नति कर सकूँ और भगवान की महिमा को जान सकूँ।

जो बात दवा से होती नहीं वो बात दुआ से होती है।
अगर मिल जाएं महाराज जैसे गुरू, तो बात खुदा से होती है।।

जब तक घास रो और कमल लाल, सूरज पूर्व से उगे और पश्चिम में छिपे, उस अनंत काल तक के लिए ये महाराज जी का नाम ऊँचा रहेगा।

गुरूदेव! मुझे लिखना नहीं आता अगर गलती से भी कुछ गलत लिखा हो तो कृपया मुझ पापी पतित पर कृपा कर देना ताकि दुबारा कोई गलती न हो।

आपका बदमाश बेटा
अर्जुन
कक्षा सातवीं, उधमपुर गुरुकुल

बलवंत

जय गुरूदेव

नमः ऊँ विष्णुपादाय कृष्णप्रेष्ठाय भूतले,
श्रीमते नवयोगेन्द्र स्वामिन् इति नामिने।
नमस्ते प्रभुपाद् देवे नाम संकीर्तन प्रचारिणे,
निर्विशेष शून्यवादी समस्त देश तारिणे।।

हे गुरूदेव मुझ पतित पर कृपा कीजिए। मुझ जैसे पापी को अपने चरण कमलों की छाया प्रदान करें। मेरा आपको कोटि-कोटि प्रणाम। आप जैसे संत मुझे कहीं संसार में नहीं मिले आप तो बड़े महान हैं मैं इतना नीच और पापी हूँ। गुरूदेव आपने मेरी आँखों को जगाया है। इसलिए मेरा आपको सादर नमस्कार। गुरूदेव आप तो परम भक्त हैं। इसलिए गुरूदेव मुझ पतित पर दया कीजिए। गुरूदेव आप कितने दयालु हैं कि मुझ जैसा पापी को भी भक्ति का दान दिया है। इसलिए मैं कभी पाप नहीं करूँगा और भक्ति करूँगा। गुरूदेव आपने मुझे सही रास्ते में लाया है। मेरा आपको कोटि-कोटि प्रणाम।

आपका आज्ञाकारी शिष्य
बलवंत
कक्षा छठी, उधमपुर गुरुकुल

चन्द्रभान

जय गुरूदेव

अराध्य गुरूदेव। आपके आविर्भाव दिवस पर आपको मंगल कामना अर्पित करता हूँ। ऐसा शुभ दिन हमेशा आता रहे, जिससे सम्पूर्ण जगत कृष्ण प्रेम की बाढ़ में डूब जाये। गुरूदेव! इस शुभ कार्य में किसी सेवा के काबिल बनूँ तो मेरा जीवन भी सफल हो जाये। अन्यथा मेरा जीवन तो पाप कार्यों में ही समाप्त हो जायेगा। मेरा अहोभाग्य होता अगर मैं अपनी आयु भी आपको दे सकता। संसार के हर क्षेत्र में गुरू की आवश्यकता है और व्यक्ति विभिन्न क्षेत्रों में गुरू ग्रहण कर सुख, ऐश्वर्य, सिद्धि प्राप्त करता है।

आपका आज्ञाकारी शिष्य
चन्द्रभान
कक्षा छठी, उधमपुर गुरुकुल

दीपक सिंह

नमः ॐ विष्णुपादाय कृष्णप्रेष्ठाय भूतले,
श्रीमते नवयोगेन्द्र स्वामिन् इति नामिने।
नमस्ते प्रभुपाद् देवे नाम संकीर्तन प्रचारिणे,
निर्विशेष शून्यवादी समस्त देश तारिणे।।

ॐ अज्ञान तिमिरान्धस्य ज्ञानान्जनशलाकया।
चक्षुरून्मीलितं येन तस्मै श्री गुरूवे नमः।।

गुरू महाराज जी! आपके चरण कमलों में कोटि-कोटि प्रणाम करता हूँ। मैं आपके चरणों की धूलि प्राप्त करना चाहता हूँ। हे गुरूदेव आप बड़े दयालु हो। आपकी कृपा से मैं इस आश्रम में आकर भक्ति कर रहा हूँ। आपने बच्चों के लिए गुरूकुल बनाकर हमें भक्ति करने का अवसर दिया। मैं इस मौके का फायदा उठाना चाहता हूँ। लेकिन इस मौके का फायदा उठाने के लिए चरणों की धूलि प्राप्त करनी चाहिए। हे करूणा निधान! हे गुरूदेव! हे भक्तिदाता! हमें अपने चरणों की धूलि प्रदान कीजिए। आपकी जय-जयकार हो। आज इस शुभ अवसर पर मैं भगवान से यही प्राथना करूँगा कि गुरू महाराज की आयु लम्बी हो तथा उनका स्वास्थ्य ठीक रहे। आपको जन्मदिवस पर बहुत-बहुत बधाई हो। महाराज जी परम वैष्णव और एक स्पष्ट वक्ता हैं। वह यह नहीं सोचते कि सामने वाले को बुरा लगा या अच्छा। वह तो हमेशा यह चाहते हैं कि जीव का इस जीवन में उद्धार हो। जो आपकी कृपा का पात्र बन जाता है, वो अवश्य इस भवसागर से पार हो जाता है। श्री गुरूदेव की कृपा से भगवान श्रीकृष्ण की प्राप्ति होती। श्री गुरूदेव की कृपा बिना कोई सद्गति प्राप्त नहीं कर सकता है। अतएव मुझे सदैव श्री गुरूेदव का स्मरण व गुणगान करना चाहिए। श्री स्वामी जी अपने परम पूजनीय श्री गुरूदेव भक्तिवेदान्त स्वामी श्रील प्रभुपाद जी के परम प्रिय शिष्य हैं। जो पुरूष अपने श्री गुरूदेव का अतिप्रिय हो जाता है, परम पिता भगवान श्री कृष्ण उक्त शिष्य को महापुरूष बनाने में कदापि विलम्ब नहीं करते। परम श्रद्धेय श्री स्वामी जी पर अपने श्री गुरूदेव, श्रील प्रभुपाद जी की पूर्ण कृपा है। इसी कृपा को पाने के लिए विश्व का मानव समुदाय श्री स्वामी जी के चरण कमलों के दर्शन पाने के लिए लालायित है। जम्मू कश्मीर के उधमपुर की भूमि को आपने मिनी ब्रज बना दिया है। यहाँ के स्थानीय नागरिकों को तो आपने कीर्तन, प्रवचन, दर्शन आदि से जाने-अनजाने में भवसागर से पार कर दिया है। आपने भगवान का प्रेम जीत कर उधमपुर को छोटा ब्रज बना दिया है। आपको कोटि-कोटि धन्यवाद तथा बधाई।

आपका अधम सेवक
दीपक सिंह
कक्षा आठवीं
उधमपुर गुरुकुल

धीरेन्द्र

नमः ऊँ विष्णुपादाय कृष्णप्रेष्ठाय भूतले,
श्रीमते नवयोगेन्द्र स्वामिन् इति नामिने।
नमस्ते प्रभुपाद् देवे नाम संकीर्तन प्रचारिणे,
निर्विशेष शून्यवादी समस्त देश तारिणे।।

सर्वप्रथम आपके जन्म दिन पर हार्दिक बधाई हो। मैं भगवान् से प्रार्थना करता हूँ कि आपकी आयु बहुत लम्बी हो। महाराज जी मैं आपकी कृपा से भक्ति के बारे में जान पा रहा हूँ। अपनी कृपा मुझ पर बनाए रखें मुझे आर्शीवाद दीजिए कि मैं यहाँ रहकर शिक्षा और निष्काम भक्ति प्राप्त कर सकूँ। अपने लक्ष्य से कभी पीछे न हटूँ। एक बार फिर जन्मदिन की बधाई हो।

धन्यवाद गुरूदेव।

आपका शिष्य
धीरेन्द्र
कक्षा पाँचवीं
उधमपुर गुरुकुल

कृष्ण कुमार

हे गुरू महाराज मैं बड़ा पापी हूँ और इस पापी का उद्धार करो और मैं आपका सेवक हूँ और मेरा प्रणाम स्वीकार करो। मेरे माता-पिता बहुत पापी हैं। उनके ऊपर दया करो और उनके पापों को क्षमा करें।

परम आरणीय वंदनीय, प्रातःस्मरणीय, परम पूज्य गुरूदेव जी आपके जन्मदिन पर आपको हार्दिक लाख-लाख बधाई हो।

मेरी एक ही इच्छा है कि आप मुझे अपने चरण कमलों की सेवा प्रदान करना जिस प्रकार नवीन सूर्योदय के समय अंधकार रूपी पाप तुरन्त भाग जाते हैं ठीक उसी प्रकार आप मुझ दीन-हीन पर अहैतुकी कृपा कीजिए। जिससे मेरा जीवन सफल हो।

हे गुरूदेव! आपको जन्मदिन पर हार्दिक शुभ कामनाएँ। मैं आपकी कृपा से गुरूकुल में आया और वहाँ के विद्यार्थियों को देखकर बड़ी प्रसन्नता हुई। आप उस समय मंदिर में नहीं थे। वैसे तो आप हर जगह विद्यमान रहते हो लेकिन मुझे उस समय आपकी महिमा के बारे में कुछ पता नहीं था। अपने पूरे एक महीने के बाद दर्शन दिए, तो दर्शन करके मुझे और भी प्रसन्नता हुई। आपके इस व्यास पूजा के महामहोत्सव पर मैं आपको बहुत-बहुत शुभकामनाएँ देता हूँ। गुरूदेव! मैं अपने मन की मलिनता के कारण आपके चरणों से अलग रहा हूँ। गुरूदेव! कब वह दिन आयेगा जब आपके चरणों में मेरा अनुराग उत्पन्न होगा व अपने मन को स्थिर

करके कृष्ण नाम का जाप करूँगा। गुरूदेव! ऐसी कृपा की बूँदें बरसायें कि जिससे मैं अति दीन हो जाऊँ और सब कुछ सहन करने की मुझमें क्षमता आ जाये। गुरूदेव मैं आपकी लीलाओं का गुणगान करने में समर्थ नहीं हूँ क्योंकि महा अज्ञानी, महादुष्ट और अपराधी हूँ। मुझे प्रतिदिन असंख्य अपराध होते हैं। परन्तु आपकी एक दृष्टि मात्र से ही मुझ में सुन्दर भाव उत्पन्न हो गए। यह तो एक प्रकार से आपकी लीला ही हो सकती है।

हरे कृष्णा

आपका तुच्छ दास
कृष्ण कुमार
कक्षा द्वितीय, उधमपुर गुरुकुल

क्षितिज

जय गुरूदेव

हे गुरू महाराज मैं बड़ा पापी हूँ और मुझ पापी का उद्धार करें और मैं आपका सेवक हूँ और मेरा प्रणाम स्वीकार करो। मेरे माता-पिता बहुत पापी हैं। उनके ऊपर दया करो और उनके पाप क्षमा करें।

परम आदरणीय, वंदनीय प्रातः स्मरणीयपरम पूज्य गुरूदेव जी आपको ७१वां जन्म दिवस पर आपको हार्दिक लाख-लाख बधाई।

आपका तुच्छ सेवक
क्षितिज
कक्षा आठवीं
उधमपुर गुरुकुल

लाल कृष्ण

प्रणाम गुरूदेव

Happy Birthday गुरूदेव। गुरूदेव मैं बहुत पतित हूँ आप मुझ पर कृपा करें। मैं बहुत अच्छा बच्चा हूँ। आप अच्छे बच्चे पर कृपा करते हैं ना।

Happy Birthday with smile.

आपका शिष्य
लाल कृष्ण
कक्षा यू.के.जी.
उधमपुर गुरुकुल

ललित

परम आदरणीय, वंदनीय प्रातः स्मरणीय परम पूज्य गुरूदेव जी आपके ७१वें जन्म दिवस पर आपको हार्दिक लाख-लाख बधाई।

मैं पतित दास आपकी कृपा पर निर्भर हूँ। आप मुझ पतित दास पर अपनी कृपा बनाए रखना। आपने मुझ जैसे पतित को अपने चरणों में स्थान दिया। आपकी कृपा से सेवा कर पा रहा हूँ। अगर आज मुझे आपके चरणों में स्थान नहीं मिला होता तो मैं मोहमाया में फँसा होता।

मेरी एक ही इच्छा है कि आप मुझे अपने चरण कमलों की सेवा प्रदान करना। जिस प्रकार नवीन सूर्योदय के समय अंधकार रूपी पाप तुरन्त भाग जाते हैं। ठीक उसी प्रकार आप मुझ दीन-हीन पर अहैतु पर कृपा कीजिए।

परम पूजनीय श्री गुरू महाराज जी आप भगवान श्री कृष्ण के भक्त हो, आपको बारंबार प्रणाम है।

धन्यवाद मेरे गुरू महाराज जी।

ललित
कक्षा तृतीय
उधमपुर गुरुकुल

मनीष

हे गुरूदेव मुझ पतित पर कृपा कीजिए। मुझ जैसे पापी को अपने चरण कमलों की छाया प्रदान करें। मेरा आपको कोटि-कोटि प्रणाम। आप जैसे संत मुझे कभी संसार में नहीं मिले आप तो बड़े महान है और मैं नीच और पापी हूँ। आप मुझ पर कृपा कीजिए।

गुरूदेव ने मेरी आँखों को खोला। इसलिए मेरा आपको कोटि कोटि प्रणाम। मैं जान नहीं सका इसलिए मेरी भूल को क्षमा कीजिए। गुरूदेव आप इतने दयालु हैं महा से महा पापियों को भी क्षमा कर देते हैं। आपने मुझ इस मोह माया से छुड़ाया है और भक्ति का दान दीजिए।

आपका आज्ञाकारी शिष्य
मनीष
कक्षा द्वितीय
उधमपुर गुरुकुल

मोहित भारती

परम आदरणीय वंदनीय, प्रातः स्मरणीय, परम पूज्य गुरूदेव जी आपके ७१वां जन्म दिवस पर आपको हार्दिक लाख लाख बधाई हो।

प्रिय गुरूदेव।

मैं पतित दास आपकी कृपा पर निर्भर हूँ। आप मुझ दास पर अपनी कृपा बनाये रखना। आपने मुझ जैसे पतित को अपने चरणों में स्थान दिया। आपकी कृपा से ही मैं आज श्री श्री गौर राधा कृष्ण की सेवा कर पा रहा हूँ। अगर आज मुझे आपके चरणों में स्थान नहीं मिलता होता तो मैं मोह माया में फँसा होता। आपको भगवान ने हम जैसे पतितों का उद्धार करने के लिए भेजा है। कृपया आपके चरण कमलों में मुझ जैसे नीच अधम का विनम्र दण्डवत प्रणाम स्वीकार करने की कृपा करें। आज आपका ७१ वां जनमोत्सव है। आज का दिन बड़े हर्षोल्लास का दिन है। आपके प्रगटोत्सव पर आप तथा आपके आध्यात्मिक गुरू मुझे क्षमा करें।

आपके चरणों का दास
मोहित भारती
कक्षा छठी
उधमपुर गुरुकुल

मनोहर

श्री गुरूदेव के चरणकमलों में मैं सादर नमस्कार करता हूँ।

मेरे पास शब्द नहीं जिससे मैं गुरू महाराज जी की कृपा का व्याख्यान कर पाऊँ। आप कृपा करके मुझे चित्‌बल प्रदान कीजिए। हे गुरूदेव! ये अपात्र आपके श्री चरणों में स्थान चाहता हूँ तथा ये आशीर्वाद माँगता हूँ कि आप मुझ पर ऐसी कृपा करो जैसे मैं जन्म जन्मान्तर तक आपके चरणों की सेवा करता रहूँ।

आपका आज्ञाकारी सेवक
मनोहर
कक्षा सातवीं, उधमपुर गुरुकुल

नरेश

मेरे परम गुरूदेव् आपके चरण कमलों में मेरा कोटि-कोटि प्रणाम। आपके आविर्भाव दिवस पर मैं किस प्रकार आपके गुण गाऊँ। हे गुरूदेव! आपके प्रवचन और मधुर भजनों को सुनकर मेरा मन पुलकित हो उठता है। गुरूदेव मैं बड़ा नीच, पापी हूँ। आप दया के सागर हैं मुझ पर भी दया करें। ताकि मेरा उद्धार हो सके। मैं पापी जो आपकी कृपा पर निर्भर हूँ। हे गुरू महाराज मेरी यही अभिलाषा है कि मुझ पतित को अपने चरणों से लगा कर रखें। आपकी जय

जयकार हो। भगवान श्री कृष्ण आपको दीर्घायु दें ताकि मुझ जैसी पतित आत्माओं का उद्धारा हो। आज मैं आपकी कृपा और चरणों की छाया पाने के लिए प्रार्थना करता हूँ।

आपका पतित सेवक

नरेश

कक्षा सातवीं, उधमपुर गुरुकुल

विवेक

अति दयालु अति कृपालु परम पूज्य नवयोगेन्द्र स्वामी जी महाराज जी के चरणकमलों में इस पापी जीव का कोटि कोटि प्रणाम स्वीकार करें।

परम पूज्य गुरूदेव महाराज जी की जय हो। व्यास पूजा के शुभ अवसर पर महाराज जी को हार्दिक बधाई हो।

"नित्य उठाकर सीस झुकाऊँ, महाराज जी के मैं कौन-कौन से गुण गाऊँ।"

गुरूदेव मेरे पास न ज्ञान है, न भक्ति है फिर मैं आपकी स्तुति कैसे करूँ। मैं भगवान से प्रार्थना करता हूँ कि आप की आयु दीर्घ हो ताकि आप प्रभुपाद महाराज के कार्य को सम्पन्न कर सकें। महाराज, आपकी अपार कृपा ने मुझे और मेरे परिवार को मनुष्य जीवन का लक्ष्य बता दिया।

"भटक-भटक कर जी रहा
आ गया तुम्हारे द्वार
हे कृपा सिंधु गुरूदेव
कर दो सारे जगत को भव से पार।"

गुरूदेव मैं बहुत पापी हूँ, मुझ में गलती करने की आदत है, और आप में गलती क्षमा करने की आदत है। गुरूदेव मैं बहुत ही पापी बनते जा रहा हूँ। पाप के कारण मैं किसी अच्छी चीज में प्रगति नहीं कर पा रहा हूँ। कृपा करके आप अपनी कृपा मेरे और मेरे परिवार के ऊपर बनाए रखिए। ताकि मैं पाप न कर सकूँ।

धरती पर रहूँ तो चाँद कहूँ
गुलशन में रहूँ तो फूल
वृन्दावन में हरि सखा कहूँ
आप हैं प्रभुपाद के दूत।

जब तक सूरज पूर्व में उगे और पश्चिम में छिपे उस अंतकाल तक महाराज जी का नाम रहे। धन्यवाद।

विवेक

कक्षा नवमीं, उधमपुर गुरुकुल

रघुनंदन

श्री गुरु महाराज जी ! आपके दिव्य चरण कमलों में साष्टांग दंडवत प्रणाम।

गुरुदेव! आपने मेरे जैसे अनेक अधम जीवात्माओं की प्रकाश रुपी दिव्य ज्ञान से आंखें खोल दीं।

"गुरु की महिमा बहुत है, मो सो कही न जाय।
तन-मन गुरु कों सौंप के, चरणन रहूँ लिपटाय।।"

आप जैसे परम वैष्णव की विनीत भाव से सेवा कर हम सब भगवान श्री हरि की प्रेमरुपी भक्ति प्राप्त कर सकतें हैं, आपकी कृपा मात्र से इस भवबंधन से छुटकारा पा सकते हैं। आप अपने प्रिय गुरुदेव के द्वारा स्थापित किया गया 'हरे कृष्ण' आन्दोलन का प्रचार दिन-रात कर रहे हैं। इसमें सबसे बड़ी बात यह है कि आपने जीवात्माओं का सुधार करने का अच्छा तरीका चुना है। गुरुकुल में निःशुल्क शिक्षा प्रदान करना। आप सभी को अपने यहॉ शरण प्रदान करते हैं। आप तो करुणा, दया के सागर और पतित जीवात्माओं पर अत्यंत दयालु हैं।

मैं श्री श्री गौर-निताई पंचतत्त्व, षडगोस्वामी, गुरु परम्परा एवं श्रील प्रभुपाद जी से यही प्रार्थना करुँगा कि वे आपको स्वास्थ्य और दीर्घायु प्रदान करें।

बस आपसे यही प्रार्थना है कि अपनी असीम कृपा बनाये रखें जिससे मैं, अध्यात्मिक उन्नति कर सकूँ।

आपका तुच्छ सेवक
रघुनंदन
कक्षा नवम्, उधमपुर गुरुकुल

अभिषेक

श्री गुरूदेव के चरणों में मेरा कोटि-कोटि प्रणाम।

हे श्रद्धेय वैष्णव ठाकुर! जब से आपके चरण कमलों की रज (धूलि) मेरे मस्तक पर पड़ी है तब से न जाने कैसा चमत्कार हुआ है कि सभी कुछ परिवर्तित सा नजर आ रहा है।

इस पावन अवसर पर आपसे प्रार्थना करता हूँ कि मेरे अपराधों को क्षमा करें।

गुरू ब्रह्म गुरू विष्णु गुरूदेव महेश्वर
गुरू साक्षाद परम ब्रह्म तस्मे श्री गुरूवे नमः।।

गुरू ब्रह्मा है गुरू विष्णु है तथा गुरूदेव महेश्वर गुरू साक्षाद परम ब्रह्म हैं। ऐसे गुरू के चरण कमलों में मेरा सादर प्रणाम है।

आपकी प्रेरणा और ज्ञान की वजह से गीता का पठन प्रतिदिन करते रहें। आपने ही भगवान श्री कृष्ण का दिव्य ज्ञान हमें दिया।

पिता हमस्य जगतो धाता पितामहः

वेद पवित्र मोंकार त्रक्सान यजुरेव चा।

भगवान श्री कृष्ण कहते हैं कि मैं ही इस ब्रह्माण्ड का पिता, माता, आश्रय तथा पितामह हूँ । मैं ज्ञेय शुद्धिकर्ता तथा ओंकार हूँ, मैं ऋग्वेद सामवेद तथा यजुर्वेद भी हूँ वेदों के लक्ष्य भगवान श्री कृष्ण ही हैं।

''भक्त भक्ति भगवन्त गुरू
चतुर नाम वपु एक
जिनके पद वन्दन किये
नाशत विघ्न अनेक
भक्ति दान मोहे दीजिए
गुरू देवन के देव
और कछु नाहि चाहिए
निशदिन चरणन सेव
गुरू बड़े गोविन्द से
व्यास ही दियो बताये
तन मन गुरू को सौंप के
चरणन रहूँ लिपटाए।।
गुरू गोविन्द दोनों खड़े
काके लागों पाय।
बलिहारी गुरू देव की
जो गोविन्द दियो मिलाये।

मेरी आपके चरणों में यही प्रार्थना है कि मुझ दीन-हीन पर कृपा करें ताकि इस भक्ति के पथ पर आगे बढ़ सकूँ।

आपका नीच शिष्य
अभिषेक
उधमपुर गुरुकुल

रामेश्वर

परम पूज्य गुरूदेव,

आपके दिव्य चरण कमलों में इस पापी जीव आत्मा का कोटि-कोटि प्रणाम स्वीकार करें। गुरू महाराज जी आपको हम इस पावन जन्म दिवस की लाख-लाख बधाइयाँ। मैं श्री श्री गौर राधा कृष्ण भगवान, श्री श्री सीता राम लक्ष्मण हनुमान जी, श्री श्री नृसिंह देव, प्रहलाद् महाराज

तथा श्री श्री गौर निताई भगवान से यह प्रार्थना करता हूँ कि वह आपकी आयु बहुत लंबी करें। जिससे आप प्रभुपाद जी की आज्ञा हेतु संसार में भक्ति का प्रचार करने में सफल हो जाओ। गुरू महाराज जी आप तो हमेशा प्रचार कार्य में लगे रहते हो। आपका क्षण भर भी समय व्यर्थ नहीं जाता परन्तु मैं इतना बड़ा मूर्ख हूँ जो आपके कार्यों से कुछ भी शिक्षा नहीं लेता। आपको देखकर भी अपना क्षण भर भी समय भगवान की भक्ति में मन को नहीं लगाता। मैं हमेशा पाप कर्म में ही लगा रहता हूँ। हे करूणा सागर मुझ दीन हीन पर कृपा करें। गुरू देव मुझे भी भक्ति का दान दे दो। गुरू महाराज जी मेरा मन काम, क्रोध, लोभ और मोह आदि अवगुणों से भरा पड़ा हुआ है। अगर आप चाहें तो अपनी दृष्टि मात्र से ही मेरा मन पवित्र कर सकते हो। गुरू महाराज जी अगर आप चाहें तो मेरे जैसे अनेकों पापी जीव आत्माओं को नरक जाने से बचा सकते हो। गुरू महाराज जी ऊधमपुर धाम को बारंबार प्रणाम करता हूँ। गुरू महाराज जी आप ने तो एक प्रकार से चमत्कार करके दिखा दिया है। जो आपने इस ऊधमपुर धाम में इतना बड़ा मंदिर का निर्माण किया है। गुरू महाराज जी आपकी महिमा तो अपार है जो आपने श्री भक्ति सिद्धांत सरस्वती महाराज जी की भविष्य वाणी को सत्य कर दिया। ऊधमपुर में इतना बड़ा मंदिर निर्माण करके।

गुरू की महिमा बहुत है, मो सो कहि न जाए।
तन मन गुरू को सौंप के, चरनन् रहूँ लिपटाए।।

जब तक घास हरी है, कमल लाल, सूरज पूर्व से उगे और पश्चिम में छिपे उस अंत काल तक महाराज जी का नाम रहेगा।

आपका गुरूकुल विद्यार्थी
रामेश्वर
कक्षा : छठी
उधमपुर गुरुकुल

रन्जीत

श्री गुरूदेव नमः।

श्री गुरू महाराज! आपको मैं इस जन्मदिन पर हार्दिक बधाई देता हूँ। गुरूदेव मेरी यही प्रार्थना है कि मेरे ऊपर सदा कृपा बनाए रखो। गुरूदेव! आपसे यही प्रार्थना है कि मैं अपने जीवन में कृष्ण भक्ति का प्रचार करूँ। गुरूदेव! मुझे आशीर्वाद दीजिए कि मैं भगवान की नित्य सेवा कर सकूँ। आपकी कृपा से मैं एक अच्छा इन्सान बन सकूँगा। मैं यही प्रार्थना करता हूँ कि आप अपनी कृपा की वर्षा मुझ पर हमेशा करते रहना और अपने चरणों का दास बनाए रखना।

आपके चरणों का दास
रन्जीत
कक्षा चतुर्थ, उधमपुर गुरुकुल

रोहित शर्मा

मैं कृष्ण की श्री मूर्ति श्री श्रीमद् नवयोगेन्द्र स्वामी नित्यानंदपाद महाराज को सादर प्रणाम करता हूँ कि जो भगवान श्री कृष्ण के दिव्य नाम की शरण लेने के कारण इस पृथ्वी पर भगवान को अत्यन्त प्रिय हैं।

हे गुरूदेव! श्रील प्रभुपाद जी के प्रिय शिष्य आपको मेरा विनम्र प्रणाम है। आप कृपा करके नाम संकीर्तन का प्रचार कर रहे हैं तथा निराकारवाद एवं शून्यवाद से पर्याप्त समस्त देशों का उद्धार कर रहे हैं।

आपके इस व्यास पूजा महामहोत्सव पर मैं आपको बहुत-बहुत शुभकामनाएँ देता हूँ और भगवान से प्रार्थना करता हूँ कि यह दिन बार बार आता रहे। गुरूदेव! आपने मुझ जैसे पतित को अपने चरणों का आश्रय दिया है। मैं इस आश्रय का पात्र तो नहीं हूँ फिर भी आपने मुझे अपने चरणों में जगह दी है। हे गुरू महाराज आपकी महिमा का गुणगान करने की योग्यता मुझमें नहीं है। हे गुरूदेव! मैं तो बहुत पतित हूँ। पर आपकी कृपा पाकर धन्य हो गया हूँ।

महाराज जी! मेरा मन काम, क्रोध, लोभ, ईर्ष्या, क्लेश से भरा हुआ है। मेरे जैसा पतित इस ससांर में कोई नहीं है।

आप मुझ पतित पर कृपा करें, जिस प्रकार सूखे घास में आग की एक चिंगारी पड़ते ही सारा घास भस्म हो जाता है। उसी प्रकार आप मुझ पतित पर अपनी कृपा की चिंगारी फैंक दो, जिससे मेरे सारे पाप सूखे घास की तरह जल जायें।

"गुरूदेव कृपा करो इस विरान पे।
मेरी जिन्दगी सँवरेगी आपके वरदान से।।

मेरी वजह से गुरूदेव के सारे बच्चे बिगड़ गये। परन्तु आपकी कृपा से मैं सुधर चुका हूँ। भगवान श्री गौर गौर राधा कृष्ण आपको दीर्घायु दें ताकि हम जैसी पतित आत्माओं का उद्धार हो। आपको आपके ७१वें जन्मदिवस की बहुत-बहुत शुभ कामनायें। आप करोड़ों करोड़ों साल जीएँ।

आपकी सदा जय जय कार हो।

आपका तुच्छ दास
रोहित शर्मा
कक्षा छठी
उधमपुर गुरुकुल

सचिन

गत गुरूदेव श्रील नित्यानन्द महाराज जी के चरण कमलों में इस महापतित शिष्य का साष्टांग प्रणाम स्वीकार करें।

श्री गुरू महाराज जी के चरणों में कोटि कोटि प्रणाम।

परम आराध्य गुरूदेव! आपके आर्विभाव दिवस पर आपको मंगल कामना अर्पित करता हूँ। हे गुरूदेव! अब आप ही इस भवसिन्धु से पार लगा सकते हैं। मेरी स्थिति मंझधार में फंसी एक ऐसी नौका के समान है जो बिना सहयोग के अपने आप किनारे पर लग ही नहीं सकती। आप ही एकमात्र गुरूदेव इस बद्ध जीव को इस बार बार के जन्म मृत्यु, जरा व्याधि के चक्कर से छुड़ा सकते हैं। हे गुरूदेव मैं तो आपकी सेवा में भी निमित नहीं बन रहा हूँ तो फिर भगवान श्री कृष्ण की सेवा में कैसे निमित्त बन पाऊँगा। मेरे तो गुरूदेव एकमात्र आप ही सहारा हैं। हे गुरूदेव! मुझे कभी भी अपने श्री चरणोों की सेवा से दूर नहीं कीजिएगा। यही मेरी आपसे बारंबार प्रार्थना है।

हे गुरूदेव! मुख्य रूप से माया में गिरने से आपने अनेक बार बचाया। कदम-कदम पर गल्तियाँ हों, उससे पहले ही सावधान किया और फिर कैसे अपने भजन का बहुमूल्य समय देकर माया के थपेड़ों के निकाल कर ले गये और इस धरती पर वास्तव में सदगुरू की भूमिका अदा कर रहे हैं। हे गुरूदेव! मैं आपके गुणों का जितना भी गुणगान करूँ, वह थोड़ा ही होगा। मैं आपसे बारम्बार यही प्रार्थना करूँगा कि आप मेरे दोषों का सुधार करें, मेरे अपराधों को क्षमा करें, मेरे कलुषित हृदय को शुद्ध करें। मेरी भक्ति मार्ग में आने वाली सभी विध्नों का विनाश करें, मुझे नाम जप में रूचि प्रदान करें एवं अगर मुझे योग्य समझें तो मुझे अपने दिव्य श्री चरणों की सेवा प्रदान करें।

आपकी सेवा में आपका अति अधम शिष्य
सचिन
कक्षा आठवीं
उधमपुर गुरुकुल

सुरजीत

परम आदरणीय श्री गुरूदेव जी को साष्टाँग दण्डवत् प्रणाम करता हूँ। महाराज जी आपको व्यास पूजा की बहुत-बहुत बधाई हो। आप इस धरा पर हम जैसी पतित आत्माओं के उद्ध ार हेतु अवतरित हुए हैं जो कि हमारा परम सौभाग्य है आप एक बार मुझ पर कृपा दृष्टि कर दो और मेरे हृदय की मलीनता एवं अंधकार का समूल नाश कर दो। श्री श्री गौर राधा कृष्ण जी से यही प्रार्थना करता हूँ कि भगवान आपको अति दीर्घ आयु प्रदान करने की कृपा करें जिससे आप मुझ जैसे पतित जीवन को कृपा करके शुद्ध भक्ति का मार्गदर्शन प्रदान करें।

आपने ठाकुर जी की सेवा करने का मौका दिया है जिस लायक मैं नहीं था उस लायक आपने मुझे बना दिया है।

गुरू की महिमा बहुत है, मोसो कहि न जाए।
तन-मन गुरू को सौंप के, चरनन रहूँ लिपटाये।।

हे गुरूदेव! आपकी तपस्या, नियमों से ध्रुव स्मृति आंतरिक एवं बाध्य शुद्ध हृदय की बालवत सरलता श्रील प्रभुपाद जी के प्रति अनन्य निष्ठा संत के प्रति अपार करूणा, सहनशीलता, दूसरों को जानने में निपुणता, निरंतर भाव भक्ति में डूबे हुए हो। हे गुरूदेव! आप श्री कृष्ण चैतन्य महाप्रभु की भविष्यवाणी को पूरा करने के लिए इस संसार के नगर, गाँव, शहर में हरिनाम का प्रचार कर रहे हैं।

साँच बराबर तप नहीं, झूठ बराबर पाप
जाके हिरदै साँच है, ताके हिरदै आप।।

गुरूदेव आप एक शुद्ध भक्त हैं, आप जैसे कोई संत पूरे विश्व में नहीं है। आप पतित पर कृपा करते हो। मैं आपके गुणों का वर्णन नहीं कर सकता हूँ। श्रद्धेय वैष्णव ठाकुर! जब से आपके चरण कमलों की रज (धूलि) मेरे मस्तक पर पड़ी है, तब से न जाने कैसा चमत्कार हुआ है कि सभी कुछ परिवर्तित सा नजर आ रहा है।

"गुरू गोविन्द दोनो खड़े, काके लागूँ पाय।
बलिहारी गुरू देव आपकी
जिन गोविन्द दियो बताय।।

गुरूदेव! मैं अपनी मन की मलीनता के कारण आपके चरणों से दूर रहा हूँ। गुरूदेव! कब वह दिन आयेगा, जब आपके चरणों में मेरा अनुराग उत्पन्न होगा व अपने मन को स्थिर करके कृष्ण नाम का जाप करूँगा। गुरूदेव! ऐसी कृपा की बूँदें बरसायें कि जिससे मैं अति धन्य हो जाऊँ और सब कुछ सहन करने की क्षमता आ जाये।

परम पूज्य श्री गुरू महाराज जी की जय। जय गुरूदेव! मैं आपकी लीलाओं का गुणगान करने में असमर्थ हूँ क्योंकि महा अज्ञानी, महादुष्ट और महा अपराधी हूँ। मुझसे प्रतिदिन असंख्य अपराध होते हैं। परन्तु आपकी एक दृष्टिमात्र से ही मुझ में भाव उत्पन्न हो गए हैं। यह तो एक प्रकार से आपकी लीला ही हो सकती है।

जिस पर गुरूदेव प्रसन्न हों उस पर किसी प्रकार का विध्न, बाधा नहीं आती। गुरू यदि उससे रूष्ट हों तो कृष्ण रक्षा नहीं कर सकते। इसीलिए हे गुरूदेव! आप मेरे से कभी रूष्ट मत होना। हम अपूर्ण हैं! हम में गल्तियाँ करने की आदत है और में क्षमा करने की आदत है। हम गल्ती सुधारने का प्रयास करेंगे। बस, आप हमारे ऊपर कृपा बनाए रखना। गुरूदेव! प्राकट्य दिवस की जय हो। जन्म जन्मांतर तक मैं आपके चरण कमलों की रज का इच्छुक।

अधमों में अधम, मूर्खों में मूर्ख, पापियों में पापी, अपराधियों का शिरोमणि

आपका तुच्छ सेवक
सुरजीत
कक्षा सातवीं
उधमपुर गुरुकुल

सुमित सिंह

नमः ॐ विष्णुपादाय कृष्णप्रेष्ठाय भूतले,
श्रीमते नवयोगेन्द्र स्वामिन् इति नामिने ।
नमस्ते प्रभुपाद् देवे नाम संकीर्तन प्रचारिणे,
निर्विशेष शून्यवादी समस्त देश तारिणे ।।

परम आदरणीय वंदनीय प्रातः स्मरणीय, परम पूज्य गुरूदेव जी के श्री चरण कमलों में इस पतित तुच्छ दास का कोटि-कोटि प्रणाम।

हे गुरूदेव! आपके जन्मदिवस पर बहुत-बहुत शुभकामनाएं। गुरूदेव! मैं श्री श्री गौर राधा कृष्ण भगवान से यही प्रार्थना करता हूँ कि वह आपको दीर्घायु प्रदान करें, ताकि आप मुझ जैसे लाखों पापियों का उद्धार कर सकें। गुरूदेव आपका बहुत-बहुत धन्यवाद कि आपने इस आश्रम में निःशुल्क और इतना सुंदर गुरूकुल खोला है जोकि विश्व के किसी भी कोने में नहीं होगा। गुरूदेव! यहाँ इतनी सुविधाएँ हैं जो कि घर में भी नहीं दी जाती थीं। गुरूदेव! मैं आपका पुनः बहुत-बहुत धन्यवाद करता हूँ।

गुरूदेव! मेरा मन हमेशा बहुत विचलित रहता है और २४ घंटे इधर उधर की ही बातों में लगा रहता है। मैंने बड़े पाप किए हैं और उसकी कल्पना भी नहीं की जा सकती है। गुरूदेव! मैं कई जन्मों से भटक रहा हूँ। मुझे अपने चरण कमलों में आश्रय दीजिए ताकि मैं इसी जन्म में उन्नति कर भगवद्धाम जा सकूँ। आप कृपा करके मेरे उन अपराधों को क्षमा करें और मुझे हमेशा अपनी सेवा प्रदान करें। आप आशीर्वाद दो ताकि मैं गोमाता की सेवा प्रेम और श्रद्ध ापूर्वक कर सकूँ। क्योंकि निष्काम सेवा से ही भगवान मिल सकते हैं।

‘‘का मथुरा का द्वारिका, का काशी हरिद्वार
जह खोजा दिल अपना
तह मिलया दिलदार।।

हे मेरे प्रिय गुरूदेव! आप भगवान के प्रति की मानो सजीव मूर्ति हो जैसा कि आपके दर्शन मात्र से ही प्रतीत होता है

ओहे गुरूदेव! तव श्री चरण,
सेवियेन आमि जनम–जनम,
एई आशीर्वाद याचि अभाजन,
तेमा यदे स्थान चाय।

आपका दास
सुमित सिंह
कक्षा दसवीं
उधमपुर गुरुकुल

शुभम

श्री गुरू महाराज जी के मुख कमलों से विशुद्ध ज्ञान का संदेश निकलता है। जिसे सुनने के अतिरिक्त मेरी कोई अभिलाषा नहीं है।

श्री गुरू महाराज जी आप श्री कृष्ण जी के भक्त हैं मैं आपको कोटि–कोटि प्रणाम करता हूँ।

आपका तुच्छ सेवक
शुभम
कक्षा द्वितीय
उधमपुर गुरुकुल

शिव कुमार

हरे कृष्ण!

परम पूज्य नवयोगेन्द्र स्वामी जी महाराज,

व्यास पूजा के इस अवसर पर मैं आपके चरण कमलों में अत्यन्त भक्ति एवं श्रद्धा पूर्वक नत मस्तक हूँ। आज मैं आपकी कृपा और चरणों की छाया पाने के लिए प्रार्थना करता हूँ। हे गुरूदेव मैं बदमाश हूँ। मैं आपको सादर प्रणाम करता हूँ। जब मैं पाप करता हूँ तो मेरी बुद्धि मलीन हो जाती है। हे गुरूदेव मेरे माता–पिता बहुत पापी हैं और मैं भी बहुत पापी हूँ। मेरे पाप नाश करें। गुरूदेव मेरी पतित आत्मा का उद्धार करो।

हरे कृष्ण

शिव कुमार
कक्षा सातवीं
उधमपुर गुरुकुल

सचिन

पूज्य गुरूदेव

आपके चरण कमलों में इस पतित का कोटि-कोटि प्रणाम एवं जन्म दिवस की हार्दिक शुभकामनायें, श्री श्री गौर राधा कृष्ण भगवान से प्रार्थना करता हूँ कि आप दीर्घायु हो और स्वस्थ रहें। हे गुरूदेव! जब से आपके सुन्दर सुकोमल चरणों का आश्रय मिला। हम अपने आपको सनाथ अनुभव करने लगे। आपकी कृपा से जो हमें बहुमूल्य अनुभव प्राप्त हुआ है, उसकी तुलना संसार की समस्त सम्पदा से भी नहीं की जा सकती है। गुरूदेव मैं बहुत पतित हूँ मुझ से सुधरा नहीं जाता। कृपा करके मुझ पर कृपा दृष्टि बनायें रखें।

आपका अधम सेवक
सचिन
कक्षा नौवीं, उधमपुर गुरुकुल

सुमित बाली

हरे कृष्ण हरे कृष्ण कृष्ण कृष्ण हरे हरे
हरे राम हरे राम राम राम हरे हरे।।

सतगुरूदेव श्री नित्यानंदपाद महाराज जी के चरण कमलों में इस महा पतित सेवक का साष्टाँग दण्डवत् प्रणाम स्वीकार करें।

परम अराध्य गुरूदेव! आज आपके ७१वें जन्मदिवसर (प्रगट उत्सव) पर आपका यह अधमातिधम सेवक का दण्डवत् प्रणाम है। अन्यथा मेरा जीवन तो पाप कार्यों में ही व्यर्थ समाप्त हो जायेगा। मेरा अहोभाग्य होता अगर मैं अपनी आयु भी आपको दे सकता।

"सठ सुधरहिं सतसंगति पाई।
परस परूय कुधातु सुहाई।।"

गुरूदेव आपके कृपा प्रसाद से ही मैं किसी काबिल बन पाऊँगा। आपकी महिमा अपार है –

"विधि हरि हर कवि कोविद वानी।
कहत गुरू महिमा सकुचानी।
सो मो सम कहि जात न कैसे।
साक बनिक मनि गुन गगन जैसो।।

आप इस संपूर्ण ब्रहमाण्ड की मुझ जैसी असंख्य बद्धात्माओं को दिव्याति दिव्य गोलोक धन श्री कृष्ण प्रेम, श्री श्री गौर राधा कृष्ण भगवान की दिव्य प्रेमभक्ति प्रदान कर उन्हें सारे भौतिक कल्मषों से मुक्त कर रहे हैं।

हे मेरे प्यारे गुरूदेव! मैं तो मात्र यही चाहता हूँ

बार बार दिन ये आए
बार बार दिन दिल ये गाए
आप जियों हजारों साल
साल के दिन हों पचास हजार
हैप्पी बर्थडे टू श्रील गुरूदेव।

साक्षात् गोविन्द जी कहते हैं जो वैष्णव हैं, जो गुरू हैं वे प्राण हैं श्री गुरूदेव भगवान के प्रतिनिधि हैं, ऐसी श्री गुरूदेव मुझे भी छत्रछाया प्रदान करें।

तव कृपा कण आमार सम्बल,
तब कृपा बिना नाहि अन्य बल
कृपा करि प्रभु चिदबल
दास तोभा प्राणभय
ओहे गुरूदेव! तब श्री चरण,
सेवि येन आमि जन्म जन्म।
एई आर्शीवाद चाचि अभाजन
तव पदे स्थान चाप।

मैं तो अज्ञान में था। मैं अपने आपको तो भूल गया था परन्तु सतगुरू द्वारा दिये गये ज्ञान उपदेश से तथा विवेक साधन से अपने आपको जाना।

भूला था अज्ञान से, आप ही अपना आप
फिर जब आप को पा लिया, पुनः रह न पाया

मेरे गुरू महाराज सबसे श्रेष्ठ और महान हैं क्योंकि मेरे गुरू जी ने अपने गुरू महाराज का सर्व प्रसार किया।

ब्रह्म- विष्णु, महेश, गणेश सारे
सूर्य चन्द्र ते वरूण कुबेर, इन्द्र
योगेन्द्र महाराज जी का यश बिखेरनगे।
शास्त्र ते वेद श्रुति अते देश सारे
हमारे गुरू जी बड़े महान।
उन्होंने बताया हमें सच्चा ज्ञान, उनको पूजता अमरीका,
कनेडा और भारत वे सारा जहान।
उन्होंने फिरगियों को दिया जीने का सच्चा ज्ञान,
जिसको पा कर वो बने सच्चे इन्सान।
हमारे गुरू जी बड़े महान ....
हमारे गुरू जी को जानेगा सारा जहान
अब सुनेगा उनका संकीर्तन सारा जहान
हमारे गुरू जी बड़े महान ....

हरे कृष्ण

जय जय गुरूदेव

जब तक सूरज चाँद रहेगा
महाराज जी आपका नाम रहेगा।

आपकी सेवा में आपका अधम सेवक
सुमित बाली
कक्षा आठवीं
उधमपुर गुरुकुल

तनिष्क गोस्वामी

प्रिय गुरूदेव

मेरे परम गुरूदेव्! आपके चरण कमलों में मेरा साष्टांग दण्डवत प्रणाम। आपके अविर्भाव दिवस पर मैं किस प्रकार गुण गाऊँ? हे गुरूदेव! आपके प्रवचन और मधुर भजनों को सुनकर मेरा हृदय पुलकित हो उठता है। हे गुरूदेव! मैं सबसे अधम और मूर्ख, नीच और पापी हूँ। हे गुरूदेव! मैं बदमाश भी हूँ। आपकी कृपा से सुधर रहा हूँ। मैं अत्यन्त भाग्यवान हूँ। जो मुझे आप जैसे गुरू मिले।

आपका अधम सेवक
तनिष्क गोस्वामी
कक्षा छठी, उधमपुर गुरुकुल

तुषार

परम पूज्य गुरूदेव!

पावन चरणों में दण्डवत् प्रणाम।

गुरूदेव! आपके प्राकट्य तिथि के शुभ अवसर पर मेरा कोटि-कोटि प्रणाम स्वीकार करें। मैं आपका एक तुच्छ दास श्री नृसिंह देव, श्री श्री गौर राधा-कृष्ण, श्री श्री सीता राम लक्ष्मण, हनुमान एवं श्री श्री गौर-निताई से सश्रद्ध, हृदय से प्रार्थना करता हूँ कि आपको अनन्त अवसर प्राप्त हों। इस भूलोक पर भक्ति का प्रचार प्रसार करने के एवं अनंत कोटि जीवों के उद्धार करने का जिससे हम जैसे बद्ध जीव आप भगवान के अत्यंत प्रिय पात्र का संग कर सकें।

“आए जो आप इस धरा पर, ये धरा भी धाम हो गये।
हम जैसे पतितों के दुर्भाग्य भी सौभाग्य हो गये”।।
मिले जो कुछ आपसे, बदकिस्मत के ताले खुल गये
हुई जो कृपा दृष्टि, हम दिव्य रस में गीले हो गये।
अहैतु कि कृपा को देख, हम श्री चरणों के गुलाम हो गये।।

हे गुरूदेव! हे वैष्णव ठाकुर! आप बड़े दयालु हैं, कृपानिधान हैं, आप दया के सागर हैं। आप मुझ जैसे पतित जीवों के आश्रय दाता हैं। आपके गुणों का बखान करना, मेरे लिए असंभव है। मैं भगवान से प्रार्थना करता हूँ कि गुरू महाराज के श्री चरणों में सदा मेरी प्रीति बनी रहे। यही मेरी अभिलाषा है।

परम पूज्य गुरूदेव के चरणों में श्रद्धा समर्पित सहित सादर प्रणाम।

आपका शिष्य
तुषार
कक्षा दसवीं
उधमपुर गुरुकुल

विनय

हरे कृष्ण

श्री गुरू महाराज जी के चरणों में कोटि कोटि प्रणाम।

हे गुरूदेव! सर्वप्रथम आपके आर्विभाव दिवस पर श्री श्री गौर राधा कृष्ण, श्री कृष्ण के चरणों में यही प्रार्थना है कि वे आपको दीर्घायु दें और हम ज्यादा आपके चरणों की सेवा कर सकें।

हे गुरूदेव! मैं तो आपकी सेवा में भी निमित्त नहीं बन पा रहा हूँ तो फिर भगवान श्री कृष्ण की सेवा में कैसे निमित्त बन पाऊँगा। मेरे तो गुरूदेव! एकमात्र आप ही सहारा हैं।

हे गुरूदेव! मुझे कभी भी अपने श्री चरणों की सेवा से दूर नहीं कीजिएगा। यही मेरी आपसे बारंबार प्रार्थना है। हे गुरूदेव! मुख्य रूप से माया में गिरने से आपने अनेक बार बचाया। कदम कदम पर गल्तियाँ हों, उससे पहले ही सावधान किया और फिर कैसे आपने भजन का बहुमूल्य समय देकर माया के थपेड़ों से निकाल ले गये और इस धरती पर वास्तव में सद्गुरू की भूमिका अदा कर रहे हैं।

हे गुरूदेव! मैं आपके गुणों का जितना भी गुणगान करूँ, वह थोड़ा ही होगा। हे गुरूदेव! मैं आपसे बारम्बार यही प्रार्थना करूँगा कि आप मेरे दोषों का सुधार करें, मेरे अपराधों को क्षमा करें, मेरे कलुषित हृदय को शुद्ध करें। मेरी भक्ति मार्ग में आने वाली सभी विध्नों का विनाश करें, मुझे नाम जप में रूचि प्रदान करें एवं अगर मुझे योग्य समझें तो मुझे अपने दिव्य श्री चरणों की सेवा प्रदान करें।

हरे कृष्ण हरे कृष्ण कृष्ण कृष्ण हरे हरे
हरे राम हरे राम राम राम हरे हरे।।

आपकी प्रिय शिष्य
विनय
कक्षा आठवीं
उधमपुर गुरुकुल

विरलेश

परम आदरणीय, वंदनीय, प्रातः स्मरणीय, परम पूज्य गुरूदेव जी आपके जन्म दिवस पर आपको हार्दिक लाख-लाख बधाई हो।

मैं पतित आपकी कृपा पर निर्भर हूं। आप मुझ दास पर अपनी कृपा बनाए रखना। आपने मुझ जैसे पतित को अपने चरणों में स्थान दिया। आपकी कृपा से ही मैं आज श्री श्री गौर राधा कृष्ण की सेवा कर पा रहा हूं। अगर आज मुझे आपके चरणों में स्थान नहीं मिला होता तो मैं मोह माया में फँसा होता। आपको भगवान ने हम जैसे पतितों का उद्धार करने के लिए भेजा है। महाराज जी आप श्रील प्रभुपाद जी के इस हरे कृष्ण आंदोलन का प्रचार कर रहे हो, जिससे आप पर उनकी कृपा सदा बनी रहेगी। हमारी आपसे प्रार्थना है कि आप हमें अपने चरणों की सेवा प्रदान करना। मैं इतना पतित और नीच हूं कि मैं आपकी ही कृपा पर निर्भर हूं। हे गुरूदेव! आपने मुझ जैसे लाखों पतितों का उद्धार किया है और मेरा भी उद्धार करना।

गुरूदेव कृपा करना इस वीरान पै!
मेरी जिंदगी सवँरेगी आपके वरदान से।।

मेरी एक ही इच्छा है कि आप मुझे अपने चरण कमलों की सेवा प्रदान करना। जिस प्रकार नवीन सुर्योदय के समय पाप रूपी अंधकार तुरन्त भाग जाता हैं ठीक उसी प्रकार आप मुझ दीन हीन पर अहैतु पर कृपा कीजिए। इसी में मेरा जीवन सफल है।

आपके चरणों का अभिलाषी
विरलेश
कक्षा द्वितीय,
उधमपुर गुरुकुल

भक्ति वृन्दा

मेरे प्रिय गुरू महाराज जी आपके चरण कमलों में मेरा दण्डवत प्रणाम। आज आपके जन्म दिवस पर मेरी ओर से आपको बहुत-बहुत शुभकामनाएँ।

मैं ज्यादा कुछ तो नहीं लिखूँगी। मैं आपसे यही प्रार्थना करती हूँ कि आप मुझे अपने चरण कमलों की धूल प्रदान कर मुझे कृतार्थ करें। बस मेरी ओर कोई अभिलाषा नहीं है।

आपकी शिष्या
भक्ति वृन्दा
कक्षा – छठी
उधमपुर गुरुकुल

सृष्टी

प्रणाम गुरूदेव

Happy birthday to you गुरूदेव!

महाराज जी भक्ति और कमलेश मुझे बहुत समझाते हैं कि जप कर परन्तु मन बड़ा चंचल है ये मन नहीं मानता है।

ये मन बड़ा चंचल है
कैसे समझाऊँ इसको
जितना समझाऊँ इसको
उतना ये मचल जावे।
मुझे माफ कर देना।

आपकी शिष्या
सृष्टी
कक्षा तृतीय
उधमपुर गुरुकुल

प्रिया कदम

आदरणीय गुरू महाराज जी, परम पूजनीय, परम वंदनीय, प्रातः स्मरणीय, पतित पावन, करूणामूर्ति मेरा कोटि कोटि साष्टाँग दण्डवत प्रणाम स्वीकार करें। हे गुरूदेव! आपको आपके आर्विभाव दिवस पर बहुत बहुत बधाई। Happy Birthday Gurudev मेरी श्री श्री गौर राधा कृष्ण भगवान, गौर निताई और जगत गुरू श्रील प्रभुपाद जी से यही प्रार्थना है कि वे आपको दीर्घ और स्वस्थ आयु प्रदान करें ताकि आप मुझ जैसे पतितों का उद्धार कर सकें। हे गुरूदेव मेरी इच्छा है कि मैं आपसे दीक्षा प्राप्त करूँ और सदैव आपकी चरण-शरण में रहकर श्री रामचन्द्र जी और श्री गौरहरि की सेवा करूँ।

''भक्त भक्ति भगवन्त गुरू, चतुर नाम वपु एक,
इनके पद वन्दन किये नाशै विघ्न अनेक।
''भक्ति दान मोहे दीजिये गुरू देवन के देव,
और कछु नाहि चाहिए निसदिन चरनन सेव।।
गुरूदेव कृपा करके मुझको अपना लेना
मैं शरण पड़ी आपकी चरणों में जगह देना।
गुरूदेव ....
करूणा निधान नाम आपका करूणा दिखलाओ आप सोए
हुए भाग्यों को हे नाथ जगाओ आप मेरी नाव भंवर डोले उसे पार लगा देना

गुरूदेव ....

आप सुख के सागर हो, निर्धन के सहारे हो,
इस तन में समाये हो, मुझे प्राणों से प्यारे हो,
मैं पापी हूँ या कपटी हूँ, जैसा भी हूँ आपका हूँ,
घरबार छोड़कर के जीवन से खेला हूँ,
दुख का मारा हूँ मैं, मेरे दुखड़े मिटा देना।

गुरूदेव ....

मैं सबका सेवक हूँ, आपके चरणों का चेला हूँ
नहीं नाथ भुलाना मुझको, इस जग में अकेला हूँ
आपके दर का भिखारी हूँ, मेरे दोष मिटा देना

गुरूदेव ....

हे गुरूदेव! एक बार रात्रि में आप मेरे सपने में आये और सभी को आप प्रसाद दे रहे थे आपने मुझे भी दिया और 'राम दरबार' के तरफ हाथ करके कहा तू इस ऑलटर की सेवा करती है न ले प्रसाद लेले। फिर आप जाने लगे पीछे कुन्ती माता जी खड़ी थी मैंने धीरे से कहा मुझे तो दीक्षा मिली ही नहीं फिर आपने पीछे मुड़कर कहा मिल जायेगी।

हे करूणासिन्धु! हे करूणानिधि कृपा करके मुझ पर कृपा दृष्टि विस्तारो।

हे गुरूदेव! हे पतित आत्माओं के मित्र कृपा करो मुझे अपनी शरण में ले लो।


हरे कृष्ण हरे कृष्ण कृष्ण कृष्ण हरे हरे
हरे राम हरे राम राम राम हरे हरे।।

हे गुरूदेव! आपकी कृपा से मेरा जप भी अच्छा हो जाता है नियम से १६ माला हो जाती हैं। कभी कभी ३२, ६४, ६७, १०० भी हो जाती हैं।

जय प्रभुपाद, जय गुरूदेव

आपकी कृपा अभिलाषी
प्रिया कदम
कक्षा नौंवी,
उधमपुर गुरुकुल

Vyasa-Puja Homages from Aspiring Disciples and Wellwishers



Ramesh Chellani

My Dear Guru Maharaj,

Hare Krishna. Please accept my humble obeisance unto your lotus feet.

All glories to Srila Prabhupada. All glories to Guru and Gauranga.

H.H. Nava Yogendra Swami Maharaj Vyasa Puja Mahamahotsava ki jai.

Everyone knows about my dear Guru Maharaj. As per my knowledge he needs no introduction. He is a real Vaishnava who reminds of Krishna to everyone who sees him even for a second.

Here I want to share my wonderful experience with him through which my life changed completely. I met Guru Maharaj at such a place which is called third world and full of miseries of life i.e. Guyana. But there is one ray of life for me over there - the ISKCON temple over there, where I used to serve. There at Sri Sri Gaura Nitai Ashirwad temple I met Guru Maharaj for the first time. After the program at the temple, he came and met me. His such humble behavior just stunned me.My mind was thinking about him the whole, time that how humble a person he is and how much he cares about everyone whom he meets.

After meeting Guru Maharaj, I realized that he is my eternal Guru whom I have been searching for. His association gives me such peace which I cannot express in words.

I want to thank Guru Maharaj today for providing me the shelter of his lotus feet. As of now I don't have any qualification, but he has inspired me a lot. I just want to serve him eternally. Thus I want to request him to reside in my heart and always keep my heart and mind under his lotus feet.

Guru Maharaj ki jai. Srila Prabhupada ki jai

Yours ever servant
Ramesh Chellani
Guyana

Swati Chellani

Hare Krishna

Please accept my humble obeisance

All glories to Srila Prabhupada! All glories to Guru and Gauranga

H.H. Nava Yogendra swami Maharaj Vyasa Puja Mahamahotsava ki jai

My dear guru Maharaj, please accept my humble obeisance unto your lotus feet I being such a fallen soul really don't know how can I glorify your magnificent personality but even then I am trying to express my heart.

I met with guru Maharaj for the first time in my dream, after I got married and I told this to my husband also who is also inspired by Guru Maharaj, although it's my husband who told me about Guru Maharaj for the first time.

I want to share with every one that in my dream Guru Maharaj first of all met me ask my name and then I introduced myself and told my husband name and then Guru Maharaj recognized me. After a while Guru Maharaj headed towards a sai temple and alone started doing preaching in temple. Firstly nobody was ready to hear him but within 2 - 3 min Guru Maharaj changed the whole atmosphere of that temple and then everyone was listening to him and doing kirtan with him and that place instantly changed just like our ISKCON temple. This is the real power of a saint. Guru Maharaj's preaching is so strong that in my dream he was doing the same as he does in his real life.

From last one week my mind was playing with me and my condition was very bad till today morning (21st march) but as I heard today's mangla arati lecture of Guru Maharaj my all questions were answered as if he would have understood my heart.

I have always prayed Prabhupada to lead me towards my Guru because I am not at all qualified for that and see here I am. I just want to thank Prabhupada today who leads me to the shelter of the lotus feet of Guru Maharaj and want to pray to him that his shelter continues with me eternally.

Guru Maharaj ki jay

Srila Prabhupada ki jay

Yours ever servant
Swati Chellani
Guyana

Vishal Sharma

The phone was ringing incessantly which brought me back from my sleepy existence. Unknown number it was, nonetheless I picked up. "Hare Krishna Prabhu ji!" said a sweet voice that ringed my heart, "Hare Krishna" I replied. One of my dear friends H.G. Padma Locan prabhu was calling me to inform me that H.H. Nava Yogendra Maharaj had just landed in Singapore. The phone suddenly looked like a messenger of good things, my heart swept with joy. The heart and soul of my parents in his bountiful mercy has come to the heart of maya, bringing the message of Srila Prabhupada. I was jumping like a small child whose wish has just been fulfilled.

We went to meet Maharaj that evening itself at a program. What an amazing program! There is so much more joy and happiness when you are near Maharaj. The worries of maya and her agents seem so far. The next ten days with Maharaj was simply blissful, no worries just amazing association of Maharaj. The high point was the cycle ride that we had on the ECP. My dear brother Shyamol and myself were the riders of a quad cycle. Maharaj with

his unlimited mercy had agreed to be our passenger. We rode and Maharaj spoke to us. He told us about his journey from Udhampur to the Lotus feet of Prabhupada. Not only hearing the story was inspiring but also blissful to hear how an obedient servant of Srila Prabhupada had taken his instructions and executed them to the core.

While a few months has passed since Maharaj left Singapore, my wife and myself constantly talk about his visit and we pray to the Lotus Feet of Sri Sri Jagannath Baladeva and Subhadra ma and the Lotus Feet of Sri Sri Krishna Balaram ji that if they wish then they can bless us with more association of their beloved servant Srila Prabhupada's most obedient son.

Hare Krishna!

Yours,
Vishal Sharma
Singapore

Ravi Rawat

My humble Dandvat pranam at the lotus feet of H.H. Nava Yogendra Maharaj ji.

During Maharaj's visit to Singapore early this year, I had good fortune of hearing Maharaj's lectures. Maharaj started class with nice Kirtans before and through the Krishna Katha. During the class Maharaj also shared his personal association with Srila Prabhupada. And the kind blessing he had from Prabhupada that Maya will not touch him anymore. I could also see the Maharaj's tireless dedication towards spreading Krishna Consciousness across world.

I have been deeply inspired by Maharaj's lecture and personal anecdotes.

After Maharaj left from Singapore, with help from HG Kunti mataji, I could speak to Maharaj on phone. With his kind mercy I look forward to take Initiation from Maharaj.

Maharaj has been kind to consider me and I seek his mercy in my spiritual advancement in Krishna consciousness.

Hare Krishna.

An aspiring devotee
Ravi Rawat
Singapore

Navdeep Das

Namah Om Vishnu Padaya Krishna Presthaya Bhutale
Srimate Nava Yogendra Swami Iti Namine
Namaste Prabhupada Deve Namsankirtan Pracharine
Nirvishesha Shunya Vadi Samasta Desha Tarine

Hare Krishna Maharaj

Please accept my humble obeisance unto your divine lotus feet.

Maharaj, this is a very auspicious day, your divine appearance day. You appeared in this world only for the deliverance of fallen souls like me. Please bestow your mercy upon me; you're the ocean of mercy. I pray to Srila Prabhupada and Gaur Nityananda for your good health & long life. I have many flaws in me, but still you're very merciful. There are many experiences, a few of them I want to share. A few months back, near Amritsar's Jagannath Ratha yatra, I requested you for initiation. A few months later, you appeared in my dream and gave initiation to me. You accept the emotions. Only your senior most disciples or a great Vaishnava can glorify or describe you better. There is one more experience I want to share. A few years back, I shared something with you. In the next few days you called my father and instructed him something. A few days later, you appeared in my dream and said "if you have any kind of problem then let me know". Moreover, only with your divine mercy I was able to see Srila Prabhupada in my dream. I believe I am like a slum dog, but your mercy is equal to every living entity.

Gurudev!

kṛpā-bindudiyā, koro' eidāse,
tṛṇā pekhā ati hīna
sakala sahane, bala diyā koro',
nija-māne spṛhā-hīna
Sakale sammāna korite śakati,
deho' nātha! Jathā jatha
मैं अपने गुरू महाराज नवयोगेन्द्र स्वामी के इतने गुण हैं जो जितना बोलूँ उतना कम है। जब मैंने गुरू महाराज को पहली बार देखा तब मुझे बहुत अद्भुत आनंद आया। उनके शब्द बहुत अच्छे लगे। उनसे मिला और उनका हाथ मेरे सर पर लगाया। दूसरी बार वह मुझे मंगला आरती में मिले और मुझे मंगला आरती के विषय में बताया और कहा कि रोज मंगला आरती करनी चाहिए। तब से मैंने उनके बारे में बहुत सोचा और मुझे लगा कि यही मेरे गुरू हैं और मैंने सोच लिया कि मैं उनसे दीक्षा लूँगा।

जब मैं महाराज को बहुत याद कर रहा था और सोच रहा था कि महाराज से मुझे मिलना है तब मुझे पता चला कि महाराज यहां आने वाले हैं। तब मेरी खुशी का ठिकाना नहीं रहा और मेरे लिए ये चमत्कार से कम नहीं था। मैं यह दिल से प्रार्थना करता हूँ कि महाराज का स्वास्थ्य अच्छा रहे और ज्यादा से ज्यादा प्रचार करते रहें।

महाराज जी का कृपा अभिलाषी
मुकेश दास
सूरत

लक्ष्य नदवानी

नमः ॐ विष्णुपादाय कृष्णप्रेष्ठाय भूतले,
श्रीमते नवयोगेन्द्र स्वामिन् इति नामिने।
नमस्ते प्रभुपाद् देवे नाम संकीर्तन प्रचारिणे,
निर्विशेष शून्यवादी समस्त देश तारिणे।।

गुरू महाराज जी के चरणों में मेरा कोटि-कोटि प्रणाम्!

मैं श्री श्री गौर राधा कृष्ण भगवान, श्री श्री सीता राम लक्ष्मण हनुमान, श्री श्री नृसिंह देव, प्रहलाद् महाराज जी की कृपा से मेरे में कोई क्षमता न होते हुए भी अपने शुद्धिकरण हेतु कुछ लिखने का प्रयास कर रहा हूँ।

मैंने वृन्दावन में २ साल पढ़ाई की। ग्यारवहीं, बाहरवीं गुरूकुल में अनेक महाराज आते थे। मैं उनके प्रवचन सुनता। उनके दर्शनों का लाभ उठाता। परन्तु मैंने परम पूज्य महाराज को

सूरत में देखा और तब से गुरूदेव मुझे बहत अच्छे लगते हैं। इनसे बार बार मिलने को दिल करता है।

अभी जब भागवत हुई हमारे घर में तथा महाराज जी से बिल्कुल नजदीक से उनका संग ले सका। महाराज जी की कृपा के अनुभव बताना चाहता हूँ। मेरे पेपर थे जिन दिनों भागवत थी ''गोविंद कुटीर'' में भक्तों का आना जाना पूरा दिन रहता था। मैं पढ़ नहीं पाता था। मैं रात को १२ से ४ बजे तक पढ़ता था और रात को रोज गुरू महाराज जी मुझे देखने आते, मिलने आते। और कहते लक्ष्य तुम जाग रहे हो। उनकी मुझ पर ऐसी कृपा हुई कि मेरे पेपर अच्छे हो गए तथा रिजल्ट भी अच्छा आया। ऐसा तभी संभव हुआ क्योंकि महाराज जी का हाथ मुझ पर था।

गुरू महाराज ने इतना मुझे दिया कि वो मेरे लिए अनमोल है। मेरा वृन्दावन का बाहरवीं का रिजल्ट आए हुए पूरा साल हो गया। पर गुरू महाराज ने इतनी कृपा की कि। एक दिन वृन्दावन से फोन आया कि तुम्हारा स्कालरशिप है तुम आकर लैपटॉप ले जाओ। मैं हैरान था ये कैसे? पर समझ आया कि गुरू महाराज जी की कृपा से हुआ।

साधु संग, साधु संग सर्व सिद्धि होय।।

इतने से संग से महाराज जी ने मुझे इतना दिया मुझे पता है गुरू बनाने चाहियें।

मेरे गुरू तो यहीं हैं जब भी बने मैं इस लायक बन जाऊँ।

नियमों का पालन, १६ माला का जप करने लग जाऊँ। गुरू महाराज जी से यही प्रार्थना है कि मेरा सुधार करें।

आपका दास
लक्ष्य नदवानी
सूरत

किरण पारीक व परिवार

परम पूज्य नवयोगेन्द्र महाराज के चरणों में हमारे परिवार का कोटि-कोटि प्रणाम।

महाराज जी आप की शिष्या पद्मावती देवी दासी के सान्निध्य में मैं और परिवार आध्यात्मिक राह से जुड़े हैं। इससे मेरा तथा मेरे परिवार का जीवन ही बदल गया। जब से आप का आगमन हमारे घर में हुआ उस दिन से हमारे घर का वातावरण ही बदल गया है। आपका तेज अद्भुत है। इस तेज ने हमारे घर का वातावरण मंगलमय कर दिया। आपके द्वारा दी गई माला तथा माला झोली से मैं प्रतिदिन १६ माला जप करती हूँ। आपके प्रवचन, भजन हृदय को छू जाते हैं। आपकी जितनी प्रशंसा करूँ कम है। न ही मेरे व मेरे परिवार में आप जैसे सच्चे संत के बारे में लिखने की योग्यता है। फिर भी अपनी शुद्धता के कारण मैंने व मेरे परिवार ने प्रयास किया। आपकी आयु दीर्घ हो। मेरी व मेरे परिवार की भगवान से यही प्रार्थना है।

हरे कृष्ण।

किरण पारीक व परिवार
सूरत

भगवानी देवी वाधवा, अमित वाधवा, ईशा वाधवा, साहिल और भद्र

परम पूजनीय गुरूदेव आपके चरणों में मेरा और मेरे परिवार का प्रणाम स्वीकार करें। आपकी कृपा से हमें श्री कृष्ण भक्ति करने का अवसर मिला है और इस अवसर को पाकर हमारा जीवन सुखमय बन गया है। आपके स्वभाव में इस तरह की सच्चाई है अगर आपके सामने कोई गलती करता है तो आप उसी समय उसको समझाने की कोशिश करते हैं। आपसे हमें सीखने को मिलता है कि शरीर नश्वर है हमें इसे श्री कृष्ण की सेवा में लगाना चाहिए क्योंकि हमने आपको देखा है आपकी शारीरिक अवस्था ठीक न होने पर भी आप दूर-दूर जाकर प्रचार करते हैं चाहे वह देश हो या विदेश हो। आपसे हमने यह सीखा है कि भक्ति करने की कोई उम्र नहीं होती है। क्योंकि मनुष्य जीवन कब खत्म हो जायेगा यह किसी को पता नहीं है। आप जब दिसम्बर में सूरत आए थे तो मैं उस समय आपके दर्शन नहीं कर पाई क्योंकि मैं अस्पताल में थी तब मैंने आपसे फोन पर बात की तो आपने मुझे तसल्ली दी कि घबराओ मत सब कुछ ठीक हो जाएगा। बस हरे कृष्ण महामंत्र जपते रहो और मैंने वैसा ही किया सब कुछ ठीक हो गया। आज मेरा बच्चा ४ महीने का हो गया है उसकी सेहत ठीक है और मेरी भी ठीक है। आप बहुत दयालु हो। आप नियमों के पक्के हो। कभी भी प्रभुपाद के बनाये नियमों को नहीं भूलते और ना ही किसी को भूलने देते हो। हमें इतनी शक्ति देना कि हम भी प्रभुपाद के बनाये नियमों का पालन कर सकें।

मेरे और मेरे परिवार की तरफ से आपको लाख लाख बधाई हो। हमारी श्री कृष्ण के चरणों में यह विनती है कि वह आपके ऊपर ऐसी ही कृपा बनायें रखें ताकि आप ऐसे ही प्रभुपाद के बनाये गये मिशन को आगे बढ़ाते रहें।

आपकी कृपा पर आधारित
भगवानी देवी वाधवा, अमित वाधवा, ईशा वाधवा, साहिल और भद्र
सूरत गुजरात

नीतू धमीजा

ॐ अज्ञान तिमिरन्यस्य ज्ञानंगणशलाष्या
चक्षुरउन्मीलितं येन तस्मै श्री गुरुवे नमः

परम् पूज्यनीय परम आदरणीय श्री गुरुमहाराज के चरणों में मेरा दण्डवत प्रणाम स्वीकार करें।

नमः ॐ विष्णुपदाय कृष्णप्रेष्ठाय भूतले
श्रीमते नवयोगेन्द्र स्वामिन् इति नामिने।
नमस्ते प्रभूपाद देवे नाम संकीर्तन प्रचारिणे,
निर्विशेष शून्यवादी समस्त देश तारिणे

आपके ७१वें प्रकटोत्सव पर आपकी कोटि-कोटि हार्दिक बधाई अर्पित करती हूँ हार्दिक बधाई अर्पित करती हूँ। श्री श्री गौर-राधाकृष्ण के चरणकमलों में यही प्रार्थना करती हूँ कि आपकी दीर्घायु हो ताकि मुझ जैसे अधम और पतित लोगो पर अपनी अहैतुकी कृपा करते रहे।

गुरु और कृष्ण कृपा से मई २०१६ में मुझे पहली बार उधमपुर धाम में गुरु महाराज आपकी व्यास पूजा में शामिल होने का सौभाग्य मिला। इतना अच्छा लगा जो मैं शब्दों में नहीं बता सकती। उधमपुर धाम में स्वयं प्रभुपाद की उपस्थिति है ऐसा सुना था लेकिन उसे महसूस भी किया। स्टेशन पहुँचते ही भक्त हमें लेने आए। मंदिर पहुँचते ही मन को इतनी शांति और आनंद महसूस हुआ मानो ऐसा लगा मैं अपने वास्तविक घर पहुँच गयी। मंदिर प्रांगण में ही हमें ठहरने के लिए रूम मिले थे जिससे हम मंदिर के हर प्रोग्राम में शामिल हो सकें। दूर-दूर से आए हुए भक्तों का संग मिला उनसे नयी प्रेरणा मिली। सुबह ४:३० बजे मंगला आरती हम सबने रोज अटेंड करी। उधमपुर गुरुकुल का एक-एक बच्चा चाहे छोटा हो या बड़ा मंगला आरती में पूरे उत्साह से उपस्थित रहता था। सुबह भगवान श्री श्री गौर राधा कृष्ण...आदि के सामने सारे गुरुकुल के बच्चे जिस उत्साह से नाचते हैं हम सबके लिए यह एक सुखद आश्चर्य और अनुभव था। गुरु महाराज की बुलंद आवाज में मंगला आरती गुरुकुल के बच्चों का कृष्ण प्रीति के लिए मंगला में नाचना-कूदना सब कितना सुखद था। उसके बाद गुरु महाराज का प्रवचन सुनने का सौभाग्य मिलता था। देश विदेश के सभी भक्तों के साथ जप करना प्रसाद लेना बहुत ही अच्छा लगता था। तीनों समय के प्रसाद की व्यवस्था बहुत ही शानदार रहती थी। माननीया कुंती माता जी ने उधमपुर आश्रम को अपना पूरा जीवन देकर इतनी सुंदर व्यवस्था का निरूपण किया है जो हम सभी ने अनुभव किया किसी को भी किसी तरह की तकलीफ नहीं देती है। भगवान कृष्ण और गुरुदेव की उनके ऊपर विशेष कृपा है।

पूरे पाँच दिन हम उधमपुर रहे। पूरा मंदिर इतना सुंदर सजा हुआ था, वहाँ का आध्यात्मिक वातावरण और एनर्जी हम सभी के हृदय को छू रही थी। छोटे-छोटे बच्चे ३ बजे उठकर मंगला आते हैं सुबह ही जप कर लेते हैं और दिन में भी अन्य कामों में हाथ बटाते हैं, इतनी एनर्जी गुरुदेव की कृपा से ही आती है। इन बच्चों का कितना सुंदर भविष्य निर्माण कर रहे हैं परम दयालु गुरुमहाराज और उनके शिष्यगण। कोटि-कोटि दंडवत इन सभी को कितने सौभाग्यशाली हैं, यह सारे बच्चे जो गुरुमहाराज की व्यक्तिगत संरक्षण में पल बढ़ रहे हैं। इसी बात का तेज हर एक बच्चे के चेहरे पर झलक रहा था।

गुरुमहाराज की व्यासपूजा के दिन दीक्षा समारोह था। काफी सारे भाग्यशाली भक्तों को दीक्षा मिली। पूरे वातावरण में गजब सा उत्साह कीर्तन, और भाव था। मेरा भी बार-बार मन कर था कि मैं भी अभी दीक्षा समारोह में बैठ जाऊँ और आज ही गुरुमहाराज मुझे स्वीकार करे।

अगले ही दिन वहाँ से वापिस आने का समय था मन तो नहीं था वापिस आने का लेकिन आना तो था ही। पद्मावती माता जी की कृपा से ही व्यासपूजा पर जाने का सौभाग्य प्राप्त कर पाई हूँ। उनके लिए मैं प्रार्थना करती हूँ कि वे इसी तरह प्रचार और भक्ति में आगे बढ़ती रहे। श्री श्री गौर राधाकृष्ण के चरणों में प्रार्थना कर मैं यह मांग रही हूँ कि मुझे वे इसी तरह हर साल अपने पूरे परिवार सहित व्यास पूजा पर उधमपुर आने का गुरु महाराज की छत्रछाया में रहने का मौका दे।

हरि रूठे गुरु ठौर है।
गुरु रूठे नहि ठौर।।
हे गुरुदेव
वो तैरते तैरते डूब गए
जिनको खुद पर गुमान था
और वो डूबते डूबते तर गए
जिन पर आप मेहरबान थे।

२८ नवम्बर को पद्मावती माता जी और श्यामसुन्दर प्रभु जी के यहा "गोविन्द कुटीर" में गुरु महाराज, कुंती माता जी, मोहिनी माता जी और बहुत वैष्णव और गुरुकुल के बच्चे आए। गुरु महाराज के मुख से ७ दिन भागवत कथा का आनंद लिया। ६ दिसम्बर का दिन मेरे और मेरे परिवार के लिए बहुत ही सौभाग्यशाली था गुरुमहाराज हमारे घर पधारे। घर मंदिर सा लगने लगा।

११ दिसम्बर को सूरत इस्कॉन मंदिर में भी दीक्षा समारोह हुआ। लेकिन मुझे दीक्षा नहीं मिली। कई भक्तों में से गुरुमहराज ने सिर्फ तीन आत्माओं को चुना। मुझे बहुत दुःख हुआ लेकिन वास्तविकता तो यह थी कि इसी में मेरी भलाई ही थी। गुरुमहाराज का शिष्य चुनाव करने का तरीका बहुत ही सराहनीय है। अपनी अपार कृपा के कारण वे हर एक आत्मा को बहुत ही शुद्धता के साथ भक्ति मार्ग पर आगे लेकर जाते हैं। जिससे वह शुद्ध भक्ति ग्रहण कर सके।

इस पर मझे श्रील् प्रभुपाद का एक सुन्दर वाक्य याद आ रहा है। वे हमेशा कहते थे। "We don't want many stars. We want few moons" श्रील गुरुदेव श्रील प्रभुपाद का अक्षरशः अनुसरण करते हैं।

यह बात जब भी सोचती मेरा शीश अपने आप ही गुरु महाराज के चरणों में झुक जाता है। मेरी श्रद्धा और भी बलवान हो जाती है। मैं बहुत ही भाग्यवान हूँ कि मुझे आप जैसे गुरु मिले। अब बहुत ही आतुरता से अपनी दीक्षा की राह देख रही हूँ। श्री सत्गुरु महाराज से प्रार्थना है इस बार कृपया मुझे इस लायक समझे तो इस बार अपनी व्यासपूजा पर मुझे दीक्षा दे दें। मुझे जीवन से बहुत ही अधूरापन लगता है।

१२ दिसम्बर को गुरु महाराज को वापिस जाने का समय आया तो सभी की आँखों से अश्रुधारा बहने लगी। इतने दिनों तक सब ने मिलकर इतना आनंद लिया था। पूरा पूरा दिन सब सेवा में लगे रहते थे पर फिर भी थकावट महसूस नहीं होती थी सब परम वैष्णव सत्गुरु महाराज की कृपा से हो रहा था। गुरु महाराज के दर्शन करते ही इतनी ऊर्जा मिलती थी।

हमारे सौभाग्य से फिर से मेहसाणा में आपके दर्शन हुए। आपके मुख से भक्तमाल की कथा सुनी।

आज भी मैं सोचती हूँ तो आश्चर्य होता है कि पता नहीं कितने जन्मों के पुण्य और सुकृति होगी मेरी कि मुझे आप गुरु के रूप में मिले। आपसे मिलने से पहले सिर्फ शास्त्रों में

पढ़ा था और सत्संग में सुना था कि सच्चे साधु, गुरु कैसे होते हैं। तब लगता था कलियुग में सच्चे संत कहाँ मिलते हैं? लेकिन आपके दर्शन हुए तो भगवान् श्री कृष्ण और शास्त्रों पर मेरा विश्वास और भी दृढ़ हो गया। आप जैसे संतों का कलियुग में होना वास्तव में कलियुग के जीवों पर भगवान श्री कृष्ण की अनंत अहैतुकी कृपा ही तो है। मेरा और मेरे परिवार का जीवन अब उतना ही सुरक्षित है जैसे अर्जुन का श्री कृष्ण के हाथों में था। मुझे मेरी किसी भी योग्यता पर भरोसा नहीं लेकिन आपकी योग्यता पर मुझे पूरी श्रद्धा है कि एक दिन मैं भगवान श्री कृष्ण के प्रति प्रेम को जरूर प्राप्त कर लूंगी जो कि मनुष्य जीवन का वास्तविक उद्देश्य है। आप अपने आचरण के द्वारा लोगों को भक्ति का ज्ञान दे रहे है। जिससे उसे अपनाना हमारे लिए बहुत आसान हो जाता है।

आपकी भक्तिमय सेवा, आचरण सभी प्रकार से मुझे कृष्ण भक्ति में निरंतर आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है।

गुरु महाराज आपसे बार-बार एक ही विनती है, जैसे मुझे अपने चरणों में स्थान दिया वैसे ही मेरे परिवार पर कृपा करे और उन्हें भी भक्ति करने की प्रेरणा दे।

भगवान श्री कृष्ण को बार-बार विनती है कि आपको लंबी और स्वस्थ आयु दे ताकि मेरे जैसे अनेक जीवों का कल्याण हो सके। आप जहाँ-जहाँ जाते हैं वह भूमि पवित्र हो जाती है, ऐस ही आप पूरे संसार में भ्रमण करते रहे और लोगों को हरिनाम का प्रचार करते रहें।

आपकी आश्रित बेटी

नीतू धमीजा

सूरत, गुजरात

भगवान हरि पाटिल

परम पूज्नीय, महा तपस्वी, अति दयालु गुरू महाराज जी के चरणों में मेरा दंडवत प्रणाम।

मैंने पहली बार महाराज जी के दर्शन जुहू रथ यात्रा में किये तब मैं थोड़ा डरा हुआ था क्योंकि मुझे ऐसा बताया गया था कि महाराज जी बहुत कड़क हैं, लेकिन जब हम लोग मतलब BACE students महाराज जी से मिले तो महाराज जी बहुत प्रेम से हम सब लोगों के नाम और क्या करते हो पूछ रहें थे मानो कोई अपना क्षेम कुशल पूछ रहा हो। बहुत अच्छा लगा उनसे बात करके, दूसरे दिन सुबह हम लोग सुदर्शन प्रभु जी के साथ नगर संकीर्तन गए लोखंडवाला (मुबंई में) तब हरिशरण प्रभु जी मुझे बता रहे थे कि सुदर्शन प्रभु जी सबसे सीनियर शिष्य हैं। कुछ देर बाद महाराज जी आए कीर्तन किया भजन गाए, बड़ा आनंद आया, नीचे मैं सुदर्शन प्रभु जी के पास बैठा था। लैक्चर शुरू हुआ और नीचे पंडाल में सुदर्शन प्रभु जी अपनी उत्तरी को ओढ़कर बैठे बैठे सो रहे थे किसी का ध्यान नहीं था इतने में महाराज जी जोर से बोले, उठा बोले उसको घूँघट ओढ़ कर सो रहा है जैसे कि किसी को पता ही नहीं चलेगा। उनको खड़ा करवा दिया। सब लोगों के सामने एक कोने में यह सब देखकर मुझे तो पक्का यकीन हो गया कि महाराज जी बहुत कड़क हैं किसी को नहीं छोड़ते हैं।

दूसरी बार महाराज जी के दर्शन महेसाणा (गुजरात) में हुए वहाँ मुझे महाराज जी को जरा नजदीक से देखने का मौका मिला वहाँ मैंने देखा क महाराज जी के कमरे का लाईट आधी रात तक चालू रहता था और सुबह मंगला आरती के लिए सबसे पहले आते थे। मंदिर में मुझे ऐसा लग रहा था कि ये रात को सोते ही नहीं दिन में कोई मिलने आते तो उनसे बहुत प्रेम से बातें करते और सबको स्वंय पूछते।

महाराज जी शुद्धता का बहुत ध्यान रखते हैं और अपने शिष्यों को भी बताते हैं। जब मैं महाराज जी से स्वयं मिला तो उन्होंने मुझे ऐसे सवाल पूछे कि उन्होंने मुझे देखते ही सकैन कर लिया। तब से मैंने मन में एक विचार बना लिया कि महाराज जी से कुछ नहीं छुप सकता। जब भी मेरा मन कुछ गलत करना चाहता है तो मैं तुरन्त महाराज जी के बारे में सोचता हूँ कि महाराज जी से कुछ नहीं छिप सकता और मेरा मन शांत हो जाता है और मैं गलती करने से बच जाता हूँ।

मेरा यह पहला आफरिंग लैटर है। महाराज जी आपके चरणों में अगर मुझसे कुछ गलती हो जाये तो क्षमा कर देना और एक बात महाराज जी को हँसते हुए देखता हूँ तो मुझे बहुत अद्भुत लगता है बहुत आनंद होता है। उनको खुश देखकर ऐसा लगता है कि महाराज जी हमेशा खुश रहें और हँसते रहें।

महाराज जी मुझ मूर्ख को आशीर्वाद दें कि मैं भक्ति में आगे बढ़ सकूँ और मेरी कृष्णमयी मती हो जाए।

परम पूज्य महातपस्वी नैष्ठिक ब्रह्मचारी अति दयालु, हालीनेस नव योगेन्द्र स्वामी जी महाराज की के चरणों में कोटि-कोटि प्रणाम।

भगवान हरि पाटिल
जलगाँव

अमोल काले

परम पूज्य नवयोगेन्द्र स्वामी महाराज जी के चरणों में मेरा शत्-शत् दण्डवत् प्रणाम!

गुरू महाराज जी मैं महाराष्ट्र सें जलगाँव का हूँ। महाराज जी मैंने पहली बार आपको हरिद्वार में देखा था, जब आप परम पूज्य लोकनाथ महाराज जी से मिले थे। वहाँ पर जब आपका गुणगान लोकनाथ महाराज जी कर रहे थे।

तब मेरी आँखों में आँसू आ रहे थे,
वो आँसू खुशी के आँसू थे।

मैं शब्दों में नहीं बता सकता कि मुझे आप बहुत अच्छे लगते हो और आपके दर्शन मात्र से ही भक्ति में बहुत उत्साह आता है। गुरू महाराज जी आपकी इतनी उम्र होने के बाद भी आप मंगला आरती करते हो और हम सब को नचाते हो। जब मैं आगे खड़ा था तो आपने मुझे भी बहुत नचाया। फिर दूसरे दिन मैं पीछे चला गया कि महाराज जी मुझे न नचायें। पर

आपने पीछे से मुझे आगे बुलाया और खूब नचाया। आप हृदय के भावों को पहचान लेते हो। मुझे नहीं पता कि मैं इतना कैसे नाचा, उसके पीछे आपकी कोई शक्ति ही थी।

गुरू महाराज जी आप करूणा के सागर हो। जब भी आप कोई भजन गाते हो तो मुझे बहुत रोना आता है। जब फरवरी में आप पूना आए तब आपने एई बार करूणा करो ..... भजन गाया और आपकी आँखों में आँसू थे। तब मुझे मालूम हुआ कि आप बहुत करूणामय हो।

गुरू महाराज जी मेरे ऊपर करूणा कीजिए, मैं इक पल भी भगवान को न भूलूँ। मन मे बहुत विचार आते हैं पर जब मैं आपके द्वारा गाया गया एई बार करूणा करो .... भजन सुनता हूँ, तो बहुत अच्छा लगता है।

क्योंकि वैष्णव कृपा से गुरू कृपा मिलती है। गुरू कृपा से गौर कृपा और गौर कृपा से कृष्ण कृपा मिलती है। गुरू महाराज जी मेरी आपसे प्रार्थना है कि मुझ अधम पर कृपा करो। मैं इसी जन्म में अपने असली माता-पिता कृष्ण के पास जा सकूँ।

गुरू महाराज जी के चरणों में मेरा प्रणाम।

आपका दास
अमोल काले
जलगाँव, महाराष्ट्र

भुषण संजीव खड़के

।। श्री गुरु गौरांग जयते।।

प्रिय गुरु महाराज, आपके चरणकमलों में दंडवत प्रणाम!

प्रिय गुरुदेव! इस्कॉन में आने से पहले मुझे बड़ी बुरी आदतें थी। जैसे कि आठ़-दस कप चाय पीना, मांसाहार करना भी कॉलेज के कुसंग के कारण शुरु हो गया। (जो मैंने बचपन में बंद कर दिया था।) सुबह दस-बारह बजे उठना (कॉलेज के दिनों में)।

लेकिन जैसे ही वैष्णवों के संग में आया जैसे मेरा मित्र महेश, बाद में श्रीमान् शचिनन्दन प्रभु, श्रीमान् कन्हैया प्रभु और पिंपाला के और सभी वैष्णवों की और भगवान् की कृपा से में आज सोलह माला करने का प्रयास कर रहा हूँ।

शुरुआत के दिनों में मेरी परिस्थिति इतनी खराब थी कि मैं चाय और प्याज-लहसुन वाला खाना भी भगवान् को भोग लगाकर खाता था। आठ़ महीनों तक मैंने ऐसा किया। धीरे-धीरे वैष्णवों की दया से लगभग चार सालों में चाय, कॉफी, प्याज, लहसुन छोड़ चुका हूँ। मैं सपने में भी नहीं सोच सकता था की में ''चाय'' छोड़ पाऊँगा। यह सब शुद्ध भक्तों के संग और दर्शन के कारण संभव हुआ। वैष्णव (आप जैसे शुद्ध भक्त जिन्होंने मुझ जैसे पतित के लिए श्रीमान् सचिनन्दन प्रभु और बहुत सारे वैष्णव जलगांव में भेजे) कीचड़ में पड़े व्यक्ति को भी उठाते हैं, अपना लेते हैं।

मैंने आपको पहली बार जूहु रथयात्रा में देखा था। आपका शिष्यों के प्रति स्नेह देखकर में आकर्षित हो गया। जो आप हर शिष्य को 'व्यभिचार न करना' यह बताते हैं। यह इतना पापपूर्ण था में उसके बारे में अनभिज्ञ था। भक्ति के सूक्ष्म नियमों को न समझने के कारण लक्ष्य प्राप्त नहीं होता। मेहसाणा में मैंने आपकी रामकथा और भक्तमाल कथा सुनी। सुनने वाले उस कथा में प्रवेश कर जाते हैं। भगवान् की लीलाओं में प्रवेश कर उस भाव को शिष्य और भक्तों को समझाना बड़ा भावपूर्ण है।

श्रीमान् सच्चिनंदन प्रभु बता रहे थे की 'हम शास्त्र को पढ़ते है और सुनते हैं लेकिन महाराज जी उसमें जीते हैं। आपकी दिनचर्या और अनुशासन से ही ये मालूम होता है। नियमों के मामलें में कोई समझौता नहीं, यह बात मुझे बड़ी अच्छी लगी।

मैं जब तक लमंत में था तब कृष्ण जन्माष्टमी के दूसरे दिन प्रभुपाद अविर्भाव दिवस पर हमने 'गुरुदेव कृपा करके हमको अपना लेना' यह भजन गाया। रात्रि में प्रभुपादजी को प्रार्थना कर रहा था कि मेरे लिए जो सही गुरुदेव से मुझे मिला देना, तब मैं सो गया। तब एक-दो मिनट में (दावे के साथ कह सकता हूँ, वह सपना नहीं था) मैंने आँखे बंद कर दी थी, तो देखा कि आप मुझे दीक्षा दे रहे थे या दर्शन दे रहे थे और हरिनाम लेने के लिए वितबम कर रहे थे। इतना प्रकाश और पवित्रता के कारण मेरे पूरे शरीर में इतनी जलन होने लगी की, मानों मैं जिंदा जल रहा था या बहुत सारे जघन्य पाप जल रहे थे। तो वह जलन मुझे असहय होने लगी। मैंने तब कृष्ण को पुकारा'' कृष्णा यह क्या हो रहा है? तब ही मैं जाग उठा। मेंरे पूरे शरीर में काँटे और रोमांच खड़े हो गये। मैं पूरी रात डरा हुआ था और सोच रहा था, मैंने पिछले जन्मों में बहोत सारे पापकर्म किये होंगे। इसलिए इतनी जलन हो रही थी। तब भक्तों ने समझाया भगवान् हमारी श्रद्धा और योग्यता देखकर गुरु महाराज जी का रुप धारण करके प्रकट होते हैं। जिससे हमें गुरु के प्रति श्रद्धा बढ़े, भक्ति में प्रगति करें। वह आग अगर जादा बढ़ चलती तो मैं मर ही जाता।

आप और भगवान् मुझ जैसे मूर्ख और बेवकूफ बालक को (जो कलियुग में घूम रहा है) स्वीकार करें। सभी वैष्णवों को यही प्रार्थना है, वे मेरे लिए प्रार्थना करें। कम से कम इतना आशीर्वाद दीजिए कि मैं अंहकार, वैष्णव अपराध, नामापराध, अज्ञान, अहंकार और भ्रम से बचा रहूँ। वैष्णवों का संग और श्रीकृष्ण की अनन्य भक्ति करता रहूँ, वास्तविक शक्ति को समझूँ। आखिर में भगवान्, आप और वैष्णव लोग जो उचित समझे।

आपका मूर्ख बालक

भुषण संजीव खड़के

जलगाँव

दिगंबर पाटील

।। हरे कृष्ण ।।

प.पु. नवयोगेन्द्र स्वामी महाराज की चरणों में कोटि-कोटि वंदन...

गुरु बिनु भवनिधि तरई न कोई।
जो बिरंची संकर सम होई।।

भले ही कोई ब्रह्मा, शंकर के समान क्यो न हो व गुरु के बिना भवसागर पार नहीं कर सकता।

तीरथ गए तो एक फल, संत मिले फल चार।
सद्गुरु मिले तो अनन्त फल, कहे कबीर विचार।।

गुरुदेवजी की कृपा हम पर बनी रहे और भक्ति मार्ग और अधिक आगे बढ़ते रहें यही गुरु जी के चरणों में प्रार्थना है।

श्री गुरु महाराज की जय!
व्यास पूजा महामहोत्सव की जय।

आपका दास
दिगंबर पाटील
जलगांव (महाराष्ट्र)

गोपाल जोशी

हरे कृष्णा!

परम पूज्य प्रभुपादजी और परमपूज्य गुरु महाराजजी के चरणकमलों के प्रति शत्‌शत् दण्डवत प्रणाम।

भक्ति में आने के बाद मेरी महाराज जी से मिलने की बहुत उत्कंठा थी। आखिर भगवान् की कृपा से पहली बार मेरी महाराज जी से मेहसाणा मंदिर में मुलाकात हुई। मेरी जब महाराज जी से मुलाकात हुई तो मैं महाराज जी का भक्ति उत्साह देखकर बहुत प्रसन्न हुआ और जैसा मैंने सुना था की प्रभुपादजी कहते थे की भक्ति में उत्साह होना बहुत जरुरी है वह उत्साह महाराज जी के अंदर देखा कि उनकी जिव्हा हमेशा हरे कृष्ण महामंत्र पर नाचती रहती है। जैसे भगवान् के चरण का आश्रय लेने से अभय हो जाते हैं, वैसे ही महाराज जी हमेशा प्रसन्न और अभय दिखाई देते हैं और सबसे बड़ी बात तो यह है कि वह हमेशा उनके गुरु महाराज जी परम पूज्य प्रभुपाद जी का गुणगान कथा में सुनातें है। मुझे महाराज जी का उत्साह, कथा, भजन और प्रभुपादजी के साथ में रहने की कथाएँ मुझे बहुत पसंद आई। जब भी मुझे जप करने में आलस आता है, तो मैं महाराज जी का स्मरण करता हूँ तो उससे मेरा जप करने का

उत्साह बढ़ जाता है। फिर में अच्छी तरह से जप करने लगता हूँ। जैसा मैंने मेरे शिक्षागुरु से सुना है, शुद्ध भक्त का ध्यान करने से मन पवित्र हो जाता है वह प्रत्यक्ष अनुभव मैंने अपने जीवन में पाया है। और मुझे महाराज जी के भजनों के प्रति बड़ा आकर्षण है। मेरी भगवान् से यही प्रार्थना है की हमेशा गुरु महाराज जी के चरणों में सेवा करता रहूँ और महाराज जी का आशीर्वाद उनकी कृपा हमेशा मुझ जैसे पतित जीवपर बनी रहे यही प्रार्थना।

आपका सेवक,
गोपाल जोशी
जलगाँव, महाराष्ट्र

अमित सामोता

श्री गुरूमहाराज जी के चरण कमलों में सादर दण्डवत प्रणाम।

परम पूज्यनीय श्रील गुरुदेव आज से लगभग ५-६ वर्ष पहले इस्कॉन हरिद्वार के मंदिर में आपके प्रथम बार दर्शन करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ था। तब तक मैं हमारे परम पूज्य दादागुरु श्रील प्रभुपाद जी की कुछ पुस्तकें पढ़ चुका था। और उन पुस्तकों के माध्यम से ही ये जान गया था कि आध्यात्मिक जीवन में प्रगति करने के लिए एवं भगवान श्रीकृष्ण से अपने भूले हुए सम्बन्ध को दुबारा स्मृति में लाने के लिए आध्यात्मिक गुरु की शरण लेना सर्वथा अनिवार्य है। आध्यात्मिक गुरु की क्या पहचान है आदि सब जानकारी मुझे प्रभुपाद जी की पुस्तकों से प्राप्त थी, किन्तु तब तक मैं नहीं समझ पा रहा था कि किनकी शरण में मुझे जाना है। प्रभुपाद जी के इतने सारे योग्य शिष्य हैं जो सम्पूर्ण विश्व में उनके मिशन को अनवरत आगे बढ़ाने हेतु जी-जान से जुटे हुए हैं। उनमें से मेरे गुरु कौन से होंगे, यही सोचता रहता था। मेरा कार्यक्षेत्र मुम्बई होने की वजह से मैं इस्कॉन जुहू के मंदिर में प्रभुपाद जी के कुछ वरिष्ठ शिष्यों के दर्शनों का सौभाग्य प्राप्त कर चुका था। परन्तु तब भी कोई निर्णय नहीं ले सका था।

जब हरिद्वार मंदिर में प्रथम बार आपके दर्शन किये तब मन में बहुत प्रश्न थे जो मैं आपसे पूछना चाहता था, किन्तु संकोचवश पूछ नहीं पाया, सिर्फ एक विनती आपसे करने की हिम्मत जुटा सका। मैं अनगिनत प्रयासों के पश्चात् भी धूम्रपान नहीं छोड़ पा रहा था। उस दिन नहीं जानता कैसे मुझे प्रेरणा हुई और मैंने आपसे विनती की मुझे आशीर्वाद देने की इस गन्दी आदत को छुड़ाने हेतु । आपने वात्सल्यपूर्ण दृष्टिपात करते हुए अत्यंत स्नेहसिक्त स्वर में मुझे आशीर्वाद दिया और आपके आशीर्वाद मिलने के कुछ दिनों में ही मेरी धूम्रपान की गन्दी आदत पूरी तरह छूट गयी। मुझे कोई कठिनाई नहीं हुई। तब से लेकर आज तक इन ५-६ वर्षों में मुझे आपके दर्शन यदा-कदा होते रहे एवं आपका आशीर्वाद मिलता रहा। आपके प्रवचन सुनने का प्रथम अवसर दो वर्ष पहले आपकी ही व्यासपूजा में उधमपुर में मिला। तब मुझे प्रेरणा हुई कि अगर आपकी शरण में जाऊं तो मेरा ये जीवन सफल हो जायेगा । मेरी प्रार्थना प्रभुपाद ने स्वीकार की और मुझे आपके दर्शन करा दिए। उनकी प्रेरणा और आशीर्वाद से ही आप मुझे मिले और आपने मुझे अपने पुत्र की तरह स्नेह दिया और हमेशा अपने प्रिय शिष्यों

के माध्यम से अहैतुकी कृपा की वर्षा करते रहे। भौतिक दृष्टि से मैं भले ही आपसे बहुत दूर रह रहा हूँ किन्तु हृदय में आपकी उपस्थिति का आभास होता रहता है। मुझे कभी भी आपसे दूरी का अनुभव नहीं होता। मुझे आपसे बहुत प्रेम है और ये निरन्तर बढ़ ही रहा है। इतने वर्षों के पश्चात् भी मैं पतित खुद को आपका शिष्यत्व ग्रहण करने के योग्य नहीं पाता हूँ। यथा संभव नियमों का पालन करता आ रहा हूँ। आपकी ७१वीं व्यास पूजा पर प्रभुपाद जी और श्री श्री गौर राधाकृष्ण से आपके अच्छे स्वास्थ्य की कामना करता हूँ और उनसे विनती करता हूँ कि आपका शिष्यत्व मिलने के बाद कोई नियम टूट जाने या कोई अपराध करने के बदले में आपको कभी कोई कष्ट देने में निमित्त न बनूँ। आपका सम्पूर्ण जीवन हम सब बद्ध जीवात्माओं के उद्धार हेतु पहले ही समर्पित है, आपके इस निःस्वार्थ भाव से किये जा रहे कार्य में कहीं मैं पतित भी आपकी कृपा से कुछ समर्पण कर सकूं, कुछ सेवा कर सकूँ तो अपना ये पतित जीवन सफल समझूंगा। हरे कृष्णा।

श्री श्री गौर राधाकृष्ण भगवान की जय
श्री श्री नृसिंह देव प्रह्लाद महाराज जी की जय
श्री श्री गौर निताई जी की जय

सारी दुनिया में सनातन धर्म का प्रचार करने वाले महाभागवत, परम् वैष्णव जगद्गुरु अभय चरणारविन्द भक्तिवेदांत स्वामी श्रील प्रभुपाद जी की जय।

श्री सदगुरुदेव महाराज जी की जय।
श्रील गुरुदेव व्यासपूजा महामहोत्सव की जय।
निताई गौर प्रेमानन्दे... हरि हरि बोल।

अमित सामोता
मुम्बई (वर्तमान)
इस्कॉन, हरिद्वार से सम्बद्ध

द्विरेफ पटेल

उं अज्ञान तिमिरान्धस्य ज्ञानासनशलाक्या
चक्षुरुन्मीलिसं येन सतौ श्री गुरवे नमः।।

प्रिय महाराज

सर्वप्रथम परम अर्चनीय, वंदनीय, परमपूज्य प्रातः स्मरणीय गुरु महाराज जी के चरण कमलों में मैं कोटि-कोटि प्रणाम करता हूँ।

गुरु महाराज आपकी इतनी ज्यादा वय होने और स्वास्थ्य ठीक न होते हुए भी आप हम जैसे तुच्छ पतित जीवों के उद्धार हेतु पृथ्वी का भ्रमण करतें है। यह केवल एक भगवान का शुद्ध भक्त ही कर सकता है।

आप हमें यह समझाते है कि प्रत्येक जीव को किसी भी समय, किसी भी हालत में भजन करते रहना चाहिए और यह सब गुरु के आशीर्वाद और कृपा के बिना असंभव है। मेरी आपश्री के चरणों में प्रार्थना है कि आप मुझ पतित जीव पर अपनी कृपा दृष्टि बनाए रखे।

आपका दास
द्विरेफ पटेल
महेसाना, गुजरात

गोविन्द प्रजापति

श्री गुरु चरण पद्म केवल मेकति सद्म
वन्दो गुरु सावधान भवे।
श्री गुरु चरणे रति एइ से उत्तम गति
जे प्रसादे पूरे सर्व आशा

श्री श्रीमद् गुरु गणराज जी के चरणकमलों में इस पतित जीव के कोटि साष्टांग दंडवत् प्रणाम। आज का दिन मुझ जैसी पतित् आत्मा के लिए बहुत-बहुत मंगलदायक है क्योंकि इस भौतिक संसार जो दुःखों का सागर है विशेष रूप से कलियुग में उसमें से बचाने के लिए परम कृपालु भगवान ने अपने प्रिय भक्त को इस धरातल पर भेजा है।

श्री श्रीमद् गुरुदेव जी को मैं बतालना चाहता हूँ कि मैं आपका दिक्षित शिष्य नहीं हूँ, लेकिन आपकी शरण में आने की प्रबल इच्छा रखता हूँ। मैं जानता हूँ कि मैं इस लायक नहीं हूँ कि आपश्री के चरणों की सेवा प्राप्त कर सकूं, लेकिन महाराजजी इस पतित जीव के इस पापमयी, मायावादी, स्वार्थी, दुनिया से कौन बचाएगा?

हे प्रभुपाद जी के प्रिय शिष्य प्रिय पक्ष इस जीव को कृपा करके आपकी शरण में ले लिजिए।

आपका शिष्य
गोविन्द प्रजापति
महेसाणा, गुजरात

कमल किशोर

हरे कृष्ण। ऊँ श्री गुरूदेवाय नमः

नमः ऊँ विष्णुपादाय कृष्णप्रेष्ठाय भूतले,
श्रीमते नवयोगेन्द्र स्वामिन् इति नामिने।
नमस्ते प्रभुपाद् देवे नाम संकीर्तन प्रचारिणे,
निर्विशेष शून्यवादी समस्त देश तारिणे।।

सर्वप्रथम परम अर्चनीय, वंदनीय, परम पूज्य प्रातः स्मीरणीय गुरू महाराज जी के चरण-कमलों में पतित तुच्छ दास का कोटि-कोटि प्रणाम।

आप भगवान श्रीकृष्ण के शुद्ध भक्त हैं। आप पारसमणि के समान हैं। आप सारे संसार में जन-जन में जागृति लाने और उत्साहित करने में पूर्णतः सक्षम हैं। आप सभी जीवों के प्रति पूर्णतः निष्पक्ष निर्णय करते हैं। प्रत्येक व्यक्ति की योग्यता और क्षमता के अनुसार भगवान् की आत्माओं को निमित्त बनाते हैं।

गुरू जी! आप बहुत दयालु हो, मुझ जैसे बद्ध जीव को क्षमा करना। मुझ पर सदा कृपा दृष्टि बनाए रखना। आप हमारे जन्म जन्मांतर के गुरूदेव हैं। आप हमारे हृदय में दिव्य ज्ञान भरते हैं और हमारी बंद आँखों को खोलते हैं, परंतु हम पर कृपा करो। आज इस पावन दिवस पर आपका यह तुच्छ दास आपसे आपकी चरणों की रज माँगता है।

आपका दास
कमल किशोर
मेहसाणा

किरण सैनी

पूज्य गुरू महाराज जी

दण्डवत प्रणाम।

महाराज जब से आपको मिली हूँ सब कुछ बदल गया है। दो वर्षों से आप से दीक्षा की प्रतीक्षा कर रही हूँ। आप मुझ पर कृपा करेंगे मैं नहीं जानती।

प्रणाम।

आपकी भावी शिष्या
किरण सैनी
कैनेडा

सूरज

नमः ऊँ विष्णुपदाय कृष्णप्रेष्ठाय भूतले
श्रीमते नवयोगेन्द्र स्वामिन् इति नामिने।
नमस्ते प्रभूपाद देवे नाम संकीर्तन प्रचारिणे,
निर्विशेष शून्यवादी समस्त देश तारिणे।।

परम पूज्यनीय, श्री गुरुमहाराज जी के चरण कमलों में तुच्छ दास का प्रणाम। आपके जन्म दिन के इस शुभ अवसर पर आपको लाख-लाख बधाई। आपकी कृपा से मैं बचपन से ही आपके श्री चरणों की आश्रम में सेवा कर रहा हूँ, तथा आपकी कृपा प्राप्त कर रहा हूँ मैं तो इस काबिल कहाँ कि आप जैसे शुद्ध भक्तों के आश्रय में भगवान की सेवा प्राप्त कर सकूँ, आपकी

कृपा केवल मेरे ऊपर नहीं अपितु मेरे संपूर्ण परिवार पर आपकी कृपा है। आपके सानिध्य में भगवान की सेवा का प्रयासरत हैं।

हे महाराज आपसे मेरी प्रार्थना है कि आप मुझ जैसे जीव पर अपनी कृपा सदा ही ऐसे बनाए रखें जिससे मैं पूरे जीवन आपकी सेवा प्राप्त करता रहूँ और मेरी भक्ति में निरन्तर रुचि बनी रही।

"हरे कृष्ण"

आपका तुच्छ सेवक
सूरज
हरिद्वार, उत्तराखण्ड

राजेश वर्मा, ज्योति वर्मा (एडवोकेट)

!! जय गुरुदेव !!

!! परम पूज्य गुरुदेव श्रील् नवयोगेन्द्र स्वामी जी महाराज का जय हो !!

परम् पूज्य गुरुदेव,

सर्वप्रथम आपको आपके प्रकट दिवस की हार्दिक बधाई। गुरुदेव, जब हमें प्रथम बार आपसे मिलने का सौभाग्य, श्रीधाम् वृन्दावन में प्राप्त हुआ तो ऐसा प्रतीत हुआ, जैसे रेगिस्तान की धूप में भटक रहे किसी प्राणी को मीठा ठंडा जल-स्रोत प्राप्त हो गया और परम पूज्य गुरु महाराज जी के श्रीमुख से बह रही ज्ञान अविरल-गंगा से जीवन का नया उत्साह और उर्जा प्राप्त हो गयी। हमारे परम् पूज्य गुरु महाराज इतने ओजस्वी एवं उर्जावान् है कि उनके दर्शन मात्र से ही प्राण ी अपने सभी संताप, द्वेष, बीमारी भूल जाता है तथा हमारे श्री गुरु महाराज जी का व्यक्तित्व इतना सरल है कि उनसे मात्र एक बार मिलने के बाद ही भक्तों का उनसे ऐसा नाता हो जाता है, जैसा एक अबोध बालक का अपनी माता से होता है। भक्त के सुख-दुख उन्हें स्वतः ही ज्ञात हो जाते हैं तथा वे पल-भर में ही अपने भक्तों की सभी कुरीतियाँ, समस्याएँ संताप समाप्त कर उसे भक्ति के मार्ग पर ले जाते हैं।

हमारे श्री महाराज जी एक युग-पुरुष, दिव्य-आत्मा है जिनके आदेशों का पालन कर, हम सभी श्री कृष्ण भक्ति के द्वारा भगवद्ध धाम प्राप्त कर सकते हैं, जो हमारे मनुष्य-जीवन का परम् उद्देश्य है।

!! परम पूज्य गुरु महाराज के चरणों में कोटि-कोटि नमन !!

आपके सेवक
राजेश वर्मा (एडवोकेट), ज्योति वर्मा (एडवोकेट)
हरिद्वार, उत्तराखण्ड

मुकेश खोलिया

नमः ऊँ विष्णुपदाय कृष्णप्रेष्ठाय भूतले
श्रीमते नवयोगेन्द्र स्वामिन् इति नामिने।
नमस्ते प्रभूपाद देवे नाम संकीर्तन प्रचारिणे,
निर्विशेष शून्यवादी समस्त देश तारिणे

श्री गुरु महाराज जी की जय हो

हे गुरुदेव! मैं बड़ा पापी अधम नीच तुच्छ जितने भी घृणा योग्य चीज़ है, वह सब मैं हूँ गुरुदेव, परंतु आपने इस पापी को अब तक अपना बनाया है मैं अपने आप को बड़ा भाग्यशाली समझता हूँ गुरुदेव आपकी कृपा के बारे मैं अगर इस मुख से कुछ बोलूँ वह सब कम है आपका प्यार कुन्ती माता का प्यार और भी सभी उधमपुर के भक्तों का प्यार आज तक मैं याद करता हूँ मैं जब गुरुकुल में था और जब मुझे मार पड़ती थी तो मुझे बुरा लगता था किन्तु उस मार के पीछे छुपे हुए प्रेम को मैं समझ नहीं पाया पर अब जब मैं समझा तो तब तक बहुत देर हो गयी है। गुरुदेव गुरुकुल की हर चीज मुझे बहुत याद आती हैं, और आपकी मुझ पर कृपा है। बस मेरे लिए काफी है क्योंकि आपकी कृपा के बिना भगवान की कृपा का कोई महत्त्व नहीं। बस इस दास पर कृपा करना और मैं, आपके चरणों का दास बना रहूँ बस ये कृपा करना मैं कहीं भी रहूँ पर दिल में हमेशा आप ही रहोगे।

आपका शिष्य
मुकेश खोलिया
इस्कॉन, हरिद्वार

मोहित

हरे कृष्ण हरे कृष्ण कृष्ण कृष्ण हरे हरे,
हरे राम हरे राम राम राम हरे हरे

परम पूज्यनीय श्री गुरु महराज जी, साष्टांग दण्डवत प्रणाम स्वीकारने ही कृपा करें।

आज आपके ७१वें प्रगटोत्सव पर में श्री गौर-राधा-कृष्ण भगवान् से यही प्रार्थना करता हूँ कि वे आपको दीर्घ-से दीर्घ आयु प्रदान करें, जिससे आप संसार के बद्धजीवों को विशुद्ध निष्काम भक्ति का मार्गदर्शन प्रदान कर भगवद्धाम जाने में मदद कर सके।

हे गुरुदेव! ऐसे शुभ अवसर पर आपके चरण-कमलों में मेरी बारंबार यही प्रार्थना है कि-

गुरुदेव! कृपा बिन्दु दिया, करो ए दासे तृणापेक्षा अतिदीन

हे गुरुदेव! मैं बड़ा अधम, पतित एवं मंद मूर्ख हूँ भला आपका गुणगान किस प्रकार सकता हूँ? आपके गुणों का बखान करने के लिए आपसे कृपा की याचना करता हूँ गुरुदेव आप कृपा करते है। मुझे हे गुरुदेव आप कृपा के सागर, शरणागतवत्सल एवं भक्तवत्सल है। मैं आपकी शरण में आना चाहता हूँ। आप मुझपर अपनी अहैतुकि कृपा बनाए रखियेगा।

हे गुरुदेव! मैं हर प्रकार से मूर्ख एवं अयोग्य हूँ। मुझे कुछ भी नहीं आता है। जो भी कार्य हो रहा है वो सब आप ही कर रहे हो।

श्री गुरु महाराज जी के श्री चरण-कमलों में इस दास का कोटि-कोटि साष्टांग दण्डवत प्रणाम।

आपका दासानुदास
मोहित
इस्कॉन, हरिद्वार

हरीश

परम पूज्यनीय

महाराज के चरणों में कोटि-कोटि प्रणाम, महाराज आपको जन्मदिन के शुभ अवसर पर ढेर सारी बधाईयाँ गुरुदेव आप परम दयालु परम कृपालु एवं सबको प्रेम करने वाले हैं।

आपकी अमृतमय वाणी से समस्त प्राणी लाभान्वित हो रहे हैं तथा कृष्ण भक्ति प्राप्त कर रहे हैं।

हे समस्त जीवों में कृष्ण भावनामृत का प्रचार करने वाले श्रील् प्रभुपाद के परम स्नेही शिष्य आप केवल भारत में ही नहीं अपितु संपूर्ण विश्व में भगवान कृष्ण की शुद्ध भक्ति का प्रचार कर रहे हैं। महाराज मैं आपके बताए गए नियमों का पालन करने प्रयास कर रहा हूँ। आप मुझ जैसे पतितों पर कृपा करने के लिए ही इस धरा धाम में अवतरित हुए हैं। अतः मुझ दीन पर कृपा कर मुझे अपनी सेवा का अवसर प्रदान करें।

आपकी सेवा का अभिलाषी
हरीश (हरिद्वार)
उत्तराखंड

भावना भट्ट

श्री गुरुदेव के चरणों में मुझ पतित का कोटि-कोटि प्रणाम। गुरुदेव आपके जन्मदिन पर आपकी यह बेटी आपको हार्दिक बधाइयाँ दे रही है और श्री श्री जगन्नाथ बलदेव सुभद्रा माता व गौर निताई, प्रभुपाद से प्रार्थना करती है वो आपको स्वस्थ्य रखे व दीर्घायु प्रदान करे जिससे आप मुझ जैसी पतित आत्माओं पर अपनी कृपा करते रहे।

हे गुरुदेव! आप करुणा के सागर तथा पतित आत्माओं के मिल है आप अपनी कृपा की एक बूँद सकूँ और सभी भक्तों में गुण और अपने में दोष देख सकूँ।

आपकी कृपाभिलाषी

भावना भट्ट

इस्कॉन, हरिद्वार

ज्योति एवं प्रार्थना

नमः ॐ विष्णुपादाय कृष्णप्रेष्ठाय भूतले,
श्रीमते नवयोगेन्द्र स्वामिन् इति नामिने।
नमस्ते प्रभुपाद् देवे नाम संकीर्तन प्रचारिणे,
निर्विशेष शून्यवादी समस्त देश तारिणे।।

जय श्री कृष्ण चैतन्य प्रभु नित्यानंद,
श्री अद्वैत गदाधर श्रीवासादि गौर भक्तवृंद।।

परम आदरणीय वन्दनीय निरन्तर स्मरणीय हमारे परम प्रिय महाराज जी को सादर दण्डवत प्रणाम।

आज परम सौभाग्य का दिवस है जो अपने परम प्रिय गुरू जी के लिए लिखने जा रही हूँ। आज का दिन बहुत शुभ और मंगलकारी है भगवान श्री हरि के निकट रहने वाले मेरे प्रिय गुरू जी का दिव्य जन्म दिन है।

गुरूदेव जी के चरणों में सेवा कर सकूँ और उनकी आज्ञा का पालन कर सकूँ। उनकी प्रसन्नता के लिए कुछ भी कर सकूँ तो वह उनकी कृपा होगी। गुरूदेव आप मुझे पर कृपा कीजिए कि मैं भक्ति एवं सेवा कर सकूँ और आपके कहे अनुसार चलूँ। गुरूेदव मुझे अपना आर्शीवाद दीजिए जिससे मैं अपराध करने से बच जाऊँ तथा अन्तिम समय तक आपके चरणों में बनी रहूँ। गुरूदेव आप मुझ पर कृपा कीजिए कि मैं भक्ति एवं सेवा कर सकूँ और आपके आदेशों का पालन कर सकूँ।

आपकी दासी

ज्योति एवं प्रार्थना

लखनपुर

हिम्मत

हरे कृष्ण।

गुरूदेव के चरणकमलों में सेवक का दण्डवत् प्रणाम।

नमः ॐ विष्णुपादाय कृष्णप्रेष्ठाय भूतले,
श्रीमते नवयोगेन्द्र स्वामिन् इति नामिने।
नमस्ते प्रभुपाद् देवे नाम संकीर्तन प्रचारिणे,
निर्विशेष शून्यवादी समस्त देश तारिणे।।

आदरणीय वैष्णव शिरोमणि को ७१वीं वर्षगांठ पर हार्दिक शुभकामनायें। हिन्दी व्याकरण के अनुसार ''वैष्णव'' शब्द का अर्थ है कि विष्णु का जन (सेवक), अर्थात विष्णु का भक्त। हमने गुरू जी का एक महत्वपूर्ण गुण यह देखा है कि यह संसार के सभी वैष्णवों का बड़ा सम्मान करते हैं। चाहे वे किसी भी सम्प्रदाय से हो। आपके गुणों का वर्णन मेरी वाणी कभी नहीं कर सकती है। ना ही मेरा हाथ लिख सकता है अतः आप मुझे क्षमा करें।

आपका सेवक बनने की इच्छा रखने वाला
हिम्मत
जयपुर

मानवदास

ॐ अज्ञान तिमिरान्धस्य ज्ञानाञ्जनशलाकया।
चक्षुरुन्मीलितं येन तस्मै श्री गुरुवे नमः।।

परम पूजनीय महाराज जी के चरणों में मेरा कोटि-कोटि दण्डवत प्रणाम। महाराज जी! हम सभी फैजपुर निवासी आपके प्राकट्य दिवस पर श्री श्री राधाश्यामसुंदरजी के चरण कमलों पर आपके स्वस्थ शरीर एवं दीर्घायु की प्रार्थना करते हैं। ताकि हम जैसे बद्ध और पतित जीवों का इस संसार से उद्धार आप कर सकें।

गुरुदेव! आपने मुझ जैसे अधम और पतित व्यक्ति को अपना कर आप के चरणारविन्द में शरण दे कर मुझे और मेरे परिवार को आपका ऋणी बनने का सौभाग्य प्राप्त हुआ।

गुरुदेव! आपकी व्यक्तिगत सेवा करने का सौभाग्य प्राप्त करने की योग्यता मुझ में नहीं है। फिर भी आपके आज्ञा का पालन कर आपकी सेवा करने का प्रयास आप की ही कृपा से कर रहा हूँ। आपके प्रसन्नता हेतु हम फैजपुर के भक्तों के साथ मिलकर मा.सच्चिनंदन प्रभु के अध्यक्षता में श्री राधा कृष्ण मंदिर का निर्माण कर रहे है। मंदिर का कार्य पूर्णता की ओर

है। और श्रीमान् सच्चिनंदन प्रभुजी के प्रयास से प्रचार कार्य भी प्रगति पर है। गुरुदेव! आप भविष्य में फैजपुर (महाराष्ट्र) में आकर जरुर पधारेंगे यह आशा रखता हूँ।

आपका कृपा आशीर्वाद से में हमेशा भगवन् नाम का प्रचार, भक्तों का संग और भक्तों की सेवा में लगा रहूँ यह शक्ति आप मुझे प्रदान करें ताकि में आपकी आज्ञाओं का पालन करने में सक्षम बन सकूँ। सभी गुरु बंधु को आपके प्राकटय् दिवस के लिए बहुत सारी बंधाई।

हम सब गुरु बंधु आपके आज्ञा का दृढ़ता से पालन करने और भगवन् नाम का प्रचार करने, प्रभुपाद् जी कार्य करने में लग जायें यही इस मंगलमय दिवस पर आपसे आशीर्वाद माँगते हैं।

आपके चरणों का दास

मानवदास

फैजपुर (महाराष्ट्र)

प्रशान्त मिश्रा

श्री श्री मद् श्री गुरूदेव महाराज जी की कृपा करूणा से श्री श्री गौर राधा कृष्ण के चरण कमलों में इस अधमातिअधम के द्वारा यह प्रार्थना स्वीकार होने की विशेष कृपा हो।

हे गोविन्द! हे गोपाल! मेरी सुध लीजिए।
आपका ही दास हूँ, मुझे न बिसारिए।।
आपको भूला तो, माया ने लपक लिया।
ज्ञान को क्षीण कर, काम, क्रोध दे दिया।।
हे नन्दलाल! हे यशोदा दुलार! हम पर क्रोध न कीजिए।
मेरी इन्द्रियों की डोर पकड़ लीजिए।।
कई योनियों से भटकता आ रहा हूँ।
सद्गुरूदेव! के चरणों में आश्रय दीजिए।।
हे कृष्ण! हे केशव! वैष्णव जन आपके प्राण हैं।
उनके चरण सेवा की शक्ति दीजिए।।
गुरूदेव! के चरणों से मेरा नाता जोड़ दीजिए।।
भक्ति के संगम में मुझको भी घोल दीजिए।
हे मुकुन्द! हे माधव! आप गुरूदेव के प्रेमी प्रियवर मधुकर हैं।
हमें उनके आँगन का भँवरा बना दीजिए।।
हम तो गुरूदेव के द्वार का कुत्ता हैं।
हमें उनके चरण कमल का दास बना दीजिए।।
हे नारायण! हे हरि! हम पूरी तरह योग्यताहीन हैं।
श्रद्धा, भाव, भक्ति का हृदय में बगीचा खिला दीजिए।।

इन पुष्पों को लेकर गुरूदेव के चरणों में भेज दीजिए।
उनके करूणालय वाटिका से दिव्य हरि नाम मन मंदिर में बहा दीजिए।।
अधमातिअधम

वैष्णव कृपा अभिलाषी
प्रशान्त मिश्रा
बिहार

अम्बिका

प्रणाम गुरू जी,

दया दिखाई आपने हे दयालु भगवन
जो भेजे हमारे उद्धार के लिए ऐसे संत महान
मैं मूर्ख, पापी अधम हूँ
और मन में भरा अभिमान।
प्रेम भक्ति का दान देकर,
करो मेरा कल्याण।
किस मुख से गाथा कहूँ,
मैं मूर्ख नादान।।
जिसे मानव का जन्म मिला
पर न अपनी पहचान।
मैं पथ भटकी हूँ,
मुझे सीधी राह दिखाना।
मैं बालिका तेरी नादान हूँ,
हाथ पकड़ कर चलाना।।
विषय विकारों में न फंसू,
इनसे मुझे बचाना।
जन्म-जन्म से है अंधकार हृदय में
भक्ति की जोत जलाना
दया के सागर हो गुरूदेव
दया करके दिखाना।
हम अधम जीवों को
सब भूल जाते हैं।
आप न हमें भुलाना

आपकी बेटी
अम्बिका
उधमपुर

शतरूपा

ॐ अज्ञान तिमिरान्धस्य ज्ञानान्जनशलाकया।
चक्षुरून्मीलितं येन तस्मै श्री गुरूवे नमः।।

मेरे प्यारे गुरूदेव आज आपके जन्म दिन की बहुत बधाई हो। आपक दया के सागर हो। सबके उद्धार करने वाले हो। मेरे ऊपर भी कृपा कीजिए। अपने चरण कमलों में मुझे आश्रय दीजिए। आप मेरे जन्म-जन्म के पिता हो, मैंने कभी सोचा नहीं था मैं उधमपुर आऊँगी मुझे कुछ पता नहीं था इधर के बारे में आपकी कृपा से बंगाल से आपके जन्म स्थान में आ गई हूँ। भगवान ने मेरे भाग्य में कुछ ऐसे किया, मैं आपको ही अपना गुरूदेव बनाऊँ। मैंने मायापुर में बहुत सारे गुरूदेव देखे अच्छे लगते थे लेकिन गुरू बनाने का मन नहीं किया। आपको देखकर ही मुझे ऐसा लगा कि आप ही मेरे गुरूदेव हो ण्मैं आपको ही अपना गुरू बनाऊँ। आपके चरण की धूलि बने रहना चाहती हूँ और पूरा जीवन बिताना चाहती हूँ मेरे ऊपर कृपा कीजिए।

आपकी बेटी
शतरूपा
उधमपुर

विनोद शर्मा

नमः ॐ विष्णुपादाय कृष्णप्रेष्ठाय भूतले,
श्रीमते नवयोगेन्द्र स्वामिन् इति नामिने।
नमस्ते प्रभुपाद् देवे नाम संकीर्तन प्रचारिणे,
निर्विशेष शून्यवादी समस्त देश तारिणे।।

परम पूजनीय, अर्चनीय, वन्दनीय, श्री गुरू महाराज जी के चरणों में कोटि-कोटि प्रणाम करता हूँ। श्री गुरू महाराज जी! आपने ज्ञानरूपी प्रकाश से मेरी आँखें खोल दीं। महाराज जी! जब मैं आपके चरणों में आया तब मुझे कुछ भी पता नहीं था, परन्तु जब आपकी कृपा मुझ पतित पर हुई तो मुझे बहुत कुछ समझ में आ गया। मैं कौन हूँ? मैं कहाँ से आया हूँ? मेरा क्या कर्तव्य है और मुझे कहाँ जाना है? ये सब आपकी कृपा से समझ में आया है। महाराज जी! मेरे मन में काम और कामनायें हैं इनका अन्त कीजिए और मुझ पतित, मूर्ख पर दया कीजिए कि मैं अपने जीवन की अन्तिम श्वास से पहले आपकी आज्ञा का पालन कर सकूँ और आपके चरणों में रहूँ और निष्काम भाव से सदा हरिनाम का कीर्तन कर सकूँ।

गुरूदेव जी! मैं आपसे प्रार्थना करता हूँ कि आप मुझ पर और मेरे परिवार पर भी कृपा करें। कृपा करके मेरी समस्त त्रुटियों को क्षमा करें।

श्री गुरू चरणे रति, एहि से उत्तम गति!
ये प्रसादे पूरे सर्व आशा।

अंत में गुरू महाराज जी! मैं श्री श्री गौर राधा कृष्ण भगवान जी से प्रार्थना करता हूँ कि आप हमेशा स्वस्थ रहें और हम जैसे पतित जीवों पर अपनी कृपा दृष्टि की वर्षा करते रहें।

एक बार फिर आपके चरण कमलों में कोटि कोटि दण्डवत प्रणाम और आपकी जय जय कार हो और आपका यश तीनों लोकों में फैले।

आपका चरणाभिलाषी
विनोद शर्मा
उधमपुर

अजय शर्मण

वांच्छा कल्पतरुभ्यश्च्यकृपासिन्धुभ्य एव च।
पतितानां पावनेभ्योःवैष्णवेभ्यो नमोनमः।।
ॐ अज्ञान तिमिरान्धस्य ज्ञानाञ्जनशलाकया।
चक्षुरुन्मीलितं येन तस्मै श्री गुरुवे नमः।।


हरे कृष्णाजी। मम् नाम् अजय शर्मणः मूलतः चम्बा मरमौर होलीतः हस्मि यदा अहम् २००६ तमे वर्षे चामुण्डाभिगर्त संस्कृत महाविद्यालये अध्ययनार्शम् आगतम्। अहम् अत्र पंचम वर्षाणि चामुण्डामायेव अध्ययनम् अकरवम्। २०१२ तमे वर्षे अहम श्री श्री नवयोगेन्द्र स्वामी जी महाराज शिष्य श्री सनत कुमार दास महोदयस्य स्निधौ आगतम् प्रभु जी महोदयः माम् इस्कॉन संस्थानःविषये अवगतम् अवरोत तर्हीं शनै-शनै अहम् तत्र प्रभु जी महोदयेन सह इस्कॉन देवालये तिष्ठान। तदा २०१२ वर्षतः अप्रैल २०१४ तत वर्ष पर्यन्तम् अत्रैव शास्त्र डिग्री प्राप्तं तेन सह भक्तिं अपि अकोरत। हरे कृष्ण हरे कृष्ण कृष्ण कृष्ण हरे हरे हरे राम हरे राम राम राम हरे हरे नाम संकीर्तनं अति मधुरम् अति आनन्ददायि प्रादुर्भूत अति आनन्दम् आगच्छति यदा अयम अत्र कीर्तनम् कुर्मः। तर्हि श्रीमान श्री श्री नवयोगेन्द्र स्वामी जी महाराज महोदयन विन्रम निवेदन अत्र अहम् गुरु दीक्षा स्वीकर्तुम इच्छामि।

महोदयन विनम्र निवेदनम्अस्ति यतं कृपा कृत्वा गुरुं दीक्षां दयनस्य कृपां कुरुं।

धन्यवादः।

दास्योहं
अजय शर्मण
चम्बल जनपद

Gurudev Baro Kripa Kori by Srila Bhaktivinoda Thakura (Bhajan)



गुरुदेव!

१

बड़ कृपा करी', गौड़वन-माझे,
गोद्रुमे दियाछी स्थान।
आज्ञा दिला मोरे, एइ व्रजे बसि',
हरिनाम कर गान ।।१।।


गुरुदेव! आपने बहुत कृपा करके गौड़वन के बीच गोद्रुम में मुझे स्थान दिया और मुझे आज्ञा दी कि इस ब्रज में रह कर हरिनाम कीर्तन करूं।



२

किन्तु कबे प्रभो, योग्यता अर्पिबे,
ए दासेरे दया करि'।
चित्त स्थिर ह'बे, सकल सहिब,
एकान्ते भजिब हरि ।।२।।


किन्तु हे प्रभु कब आप दया करके इस दास को योग्यता अपर्ण करेंगे, जिससे मेरा मन स्थिर हो जाए, सब कुछ सहन करूं व एकान्त भाव से हरि भजन कर सकूं।



३

शैशव–यौवने, जड़सुख–संगे,
अभ्यास हइल मन्द।
निजकर्म–दोषे, ए देह हइल,
भजनेरे प्रतिबन्ध ।।३।।

शैशव काल व यौवन काल में जड़ सुख संग के कारण मेरी आदतें खराब हो गई हैं, मेरे अपने दोषों के कारण ये शरीर ही भजन का बाधक हो गया है ।




४

वार्द्धक्ये एखन, पंचरोगे हत,
केमने भजिय बल'।
काँदिया-काँदिया, तोमार चरणे,
पड़ियाछि सुविह्वल ।।४।।

अब बुढ़ापा आ गया है व पंच रोगों से ग्रसित हूँ। अब आप ही बताइये कि अब मैं कैसे भजन करूं? मैं रोते-रोते आपके चरणों में विह्वल हो कर पड़ा हूँ।




सुबह होती है शाम होती है
उम्र यूँ ही तमाम होती है।